जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

जयपुर, शुक्रवार 2 अगस्त, 2024

सत्यमेव जयते
Government of Rajasthan

RISING RAJASTHAN
9-10-11 DEC 2024 • JAIPUR
REPLETE • RESPONSIBLE • READY



BHAJANLAL SHARMA
Chief Minister

NARENDRA MODI
Prime Minister

## Rajasthan is Rising.
## Let's Grow Together!

*Rajasthan has set out to realise Hon'ble Prime Minister's vision of Viksit Bharat@2047, with its 'Viksit Rajasthan' Action Plan for becoming a $350 billion economy in next 5 years.*

*Rising Rajasthan goes beyond being an extraordinary 3-day Investment Summit.*

*It is the State's socio-economic transformational journey towards inclusive prosperity through... a journey with geographical equity, inclusivity, diversity, sustainability, promotion of MSMEs and job creation as its cornerstones.*

*The Rising Rajasthan Summit will be preceded by a series of Investor Meets in leading business cities across the country and the world, and Sector-focused Conclaves in Jaipur.*

- Rajasthan Opportunity Showcase
- Strategic Sector Sessions
- Country Sessions
- One-on-one Business Meetings
- MSME Conclave
- Startup Conclave
- Non-Resident Rajasthani Summit

## Come, be a part of this Rising!

Department of Industries
Government of Rajasthan

Submit your Investment
Intent for MoU with
Government of Rajasthan

Rajasthan Samwad

## विचार बिन्दु

**कलियुग में रहना है या सतयुग में यह तुम स्वयं चुनो, तुम्हारा युग तुम्हारे पास है। –विनोबा**

# क्या उत्पादन बढ़ाने का भारत के पास यही मार्ग है कि वह जैव औद्योगिक का उपयोग करे?

जैव परिवर्धन (जैनेटिक मोडिफिकेशन) अर्थात् जीएमएफ ऐसी विद्या है जिसके द्वारा जैनेटिक इंजीनियरिंग का प्रयोग करते हुये किसी बाहरी जीव को किसी भी पौधे में कुछ विशिष्ट गुणों की प्राप्ति के हेतु कराया जाता है। यह विशिष्ट जीव किसी जानवर बैक्टीरिया, वायरस, मछली, प्राणी अथवा सूअर का भी हो सकता है। इसे पदार्थ की उत्पत्ति में वृद्धिकारक के रूप में प्रयोग किया जाता है। जीव में किसी विष की उपस्थिति से इन्कार नहीं किया जाता। बीटी कॉटन, बीटी बैंगन में बीटी बैक्टीरिया का जीन कीटनाशक के रूप में प्रवेश कराया जाता है।

देश में जैव परिवर्धन का नया दौर बीटी कॉटन और बीटी ब्रिंजल (बैंगन) से प्रारम्भ हुआ। उत्पत्ति बढ़ी और साथ ही बाद में दुष्प्रभाव भी सामने आया। जी एम फसलों ने हमारी पृथ्वी (धरती) की ऊर्जा को धीरे-धीरे खत्म कर दिया। रोगों की वृद्धि, विशेषकर कैंसर रोग की वृद्धि देखी गई। इनके पराग कण भी फसलों के लिये हानिकारक पाये गये। पर्यावरण को भी नुकसान हुआ। साधारणतः अनाज जो पैदा होता है वह बीज के रूप में लिया जाता है किन्तु जी एम फसल का बीज आगामी फसलों के लिये उपयोगी नहीं पाया गया। इसका परिणाम होगा विदेशी कम्पनी पर भारत को वहां के बीज पर ही निर्भर होना पड़ेगा। जी एम बीजों के लिये विदेशी कम्पनी मोनसेन्टो ने अपना साम्राज्य बना लिया था।

लगभग 15 वर्ष पहले विश्व के 400 वैज्ञानिकों ने अपना मत प्रकट किया था कि जी एम फसलों ने देश को नुकसान पहुंचाया है। लोकसभा की एक स्टेन्डिंग कमेटी को कृषि क्षेत्र में इस बाबत रिपोर्ट देने के हेतु नियत किया था उसने भी माना था कि जी एम फसल पर्यावरण को दूषित करती है और मानव व पशुओं के लिये अहितकर है। देश के कई संगठनों ने जैसे भारतीय किसान संघ, भारतीय मजदूर संघ, स्वदेशी जागरण मंच आदि कई संस्थाओं ने इसका विरोध किया। श्री महेश भट्ट (सिने डायरेक्टर), देवेन्द्र शर्मा (विशेषज्ञ) व सुप्रीम कोर्ट व हाईकोर्ट के रिटायर्ड जजों के संगठनों ने इस बाबत कई प्रश्न उठाये और मांग की कि इसे रोका जावे। जस्टिस दवे जो जजों के संगठन के अध्यक्ष रहे हैं और स्वयं लेखक ने उक्त लोगों के साथ विरोध किया। एक डॉक्यूमेन्टरी फिल्म *Poison on Palate' भी प्रदर्शित की।

यूरोपियन यूनियन मेक्सिको, इण्डोनेशिया आदि कई देशों ने जी एम बीजों के आयात पर रोक लगाई मोनसेन्टो कम्पनी पर मुकदमें भी किये गये। बीटी कॉटन के बीजों के कारण विदर्भ व आन्ध्र के कई किसानों ने आत्महत्या की। कर्नाटक व बिहार राज्यों ने भी विरोध किया। कई राज्यों ने मोनसेन्टो को फील्ड ट्रायल की अनुमति नहीं दी। देश के और राज्यों ने भी इसे नहीं अपनाया। धीरे-धीरे जी एम फसलें बंद सी हो गई किन्तु कई राज्यों में जी एम का खेल चलता रहा। कहीं जी एम चना तो कहीं जी एम सरसों के रूप में फिर फैलने लगा। राजस्थान में मुख्यमंत्री गहलोत के समय जी एम फसल के हेतु बम्बई में एक अनुबंध भी हुआ, किन्तु बाद में वह आपत्ति उठाने पर निरस्त भी हो गया।

कुछ समय से जी एम सरसों (Mustard) को लेकर विवाद सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा है व इस केस का शीर्षक है Aruna Rodrigues & Ors. vs Union of Ministry of Environment, Forest and Climate Change & Ors. (WP (C) No.260/2015) Citation 2024 Live Law (SC) 501 इसमें Virender Gaur Vs State of Haryana के केस में माननीय सुप्रीम कोर्ट ने अनुच्छेद 21 के तहत् Life शब्द के अन्तर्गत् Hygienic Environment को Right to a healthy life का अभिन्न अंग माना गया है और यह निर्णित किया है कि राज्य का यह कर्त्तव्य है कि वह पर्यावरण को इस स्थिति में रखें कि जीने की राह सुलभ हो। माननीय न्यायालय की जस्टिस बी वी नागरत्ना ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि संविधान के अनुच्छेद 48 व अनुच्छेद 51क इस विचार का अनुमोदन करते हैं। दिनांक 23 जुलाई, 2024 को सुप्रीम कोर्ट की खण्डपीठ ने जिसके न्यायाधीश बी वी नागरत्ना व जस्टिस संजय करोल रहे हैं, उन्होंने अपने अपने अलग निर्णय दिये हैं। जस्टिस बी वी नागरत्ना ने भारत सरकार के उस अप्रूवल आदेश को निरस्त कर दिया जो Genetic Engineering Appraisal Committee (GEAC) ने Conditional Approval के रूप में दिया था जो Genetic Manipulation of Crop Plants के लिये अपेक्षित था। जिससे (Transgenic mustard hybrid 11 (DMH-11) की उत्पत्ति हुई। जहां यह लिखना समीचीन होगा कि जस्टिस करोल ने अप्रूवल की स्वीकृति दी थी माननीय कोर्ट ने कुछ डायरेक्शन दिये कि इस संबंध में अर्थात् जी एम सरसों के हेतु क्या राष्ट्रीय पोलिसी होनी चाहिये इसे भारत सरकार सृजित करे तथा इस हेतु विशेषज्ञों की कमेटी से चर्चा करे। इस केस को अब बड़ी बैंच सुनेगी।

> **देश में जैव परिवर्धन का नया दौर बीटी कॉटन और बीटी ब्रिंजल (बैंगन) से प्रारम्भ हुआ। उत्पत्ति बढ़ी और साथ ही बाद में दुष्प्रभाव भी सामने आया। जी एम फसलों ने हमारी पृथ्वी (धरती) की ऊर्जा को धीरे धीरे खत्म कर दिया। रोगों की वृद्धि, विशेषकर केंसर रोग की वृद्धि देखी गई। इनके पराग कण भी फसलों के लिये हानिकारक पाये गये। पर्यावरण को भी नुकसान हुआ।**

जस्टिस नागरत्ना ने अपने निर्णय में विदेशी न्यायालयों में विभिन्न निर्णयों पर विचार किया, जिनमें न्यायालय के Judicial Review के अधिकार को स्वीकार किया है, जहां **Where potential risk of environmental danger existed" इस बाबत माननीया जस्टिस ने Supreme Court of Netherland in State of Netherland (Ministry of Economic Affairs and Climate Policy) Vs Stitching Urgenda (2019) पर आधारित किया। उक्त केस में यह माना गया है कि इस संबंध में निर्णय लेने का अधिकार विधायिका का है और Seperation of Power के बाद कोर्टस् का निर्णय साधरणतः नहीं होना चाहिये। इस केस में Hague District Court ने स्टेट में यह निर्देश दिया था कि वह Green House Gases का निस्तारण 2020 तक 25 प्रतिशत कम करे। इस केस में यह माना गया कि तकनीकी कारणों की कमी स्टेट को यह अधिकार नहीं देती कि वह अपने कर्त्तव्यों को निभाने से ही मना कर दे, पर्यावरण से सुरक्षा प्रदान करना राज्य का संवैधानिक दायित्व है। जस्टिस नागरत्ना ने एक रूस की केस पर भी विचार किया तथा स्टील फैक्ट्री यदि प्राइवेट व्यक्ति के जीवन पर विपरीत असर डालती है तो उसकी इजाजत नहीं दी जा सकती। Right to Health को अनुच्छेद 8, ELHR के अनुसार सुरक्षा दी जानी चाहिये। न्यायालय पार्लियामेन्टरी स्टेन्डिंग कमेटी की रिपोर्ट पर भी विचार किया, जिसका उल्लेख ऊपर किया है। माननीया जज महोदया ने इस सिद्धान्त को माना कि Public Participation होना चाहिये और Regulatory Decisions पूर्णतया के साथ होना चाहिये तथा उनका वैज्ञानिक आधार होना चाहिये।

पार्लियामेन्टरी स्टेन्डिंग कमेटी की रिपोर्ट पर विचार करते हुये यह माना और यह कहा गया है कि जी एम तकनीक एक बहुत एडवान्स टेक्नोलोजी है किन्तु 20 में 17 विकसित देश इसे पैदा नहीं करते। अधिकांश देश जी एम क्रॉप पैदा नहीं करते सम्भवतः इसमें रिस्क है, लाभ अधिक नहीं।

लगभग 15-20 वर्षों से जी एम फूड पर चर्चा हो रही है। अधिकांश देश इसको पैदा नहीं करते। भारत ने निश्चित रूप से इस पर कोई सहमति नहीं बन पाई है। देश में अनाज की कमी नहीं है। इन दिनों मोटे अनाज को अधिक पैदा करने व उसका उपयोग करने पर अच्छी हेल्थ पाने तक की बात कही जा रही है जिसका प्रचार स्वयं पी एम मोदी कर रहे हैं फिर क्यों जी एम फूड की हम बात करें?

देश के नागरिकों के स्वास्थ्य का प्रश्न है और जी एम फूड में कहीं न कहीं खोट नजर आती है तो भारत क्यों इस ओर ध्यान दे? अपना अनाज सबसे अच्छा है। स्वास्थ्यवर्धक है।

भारत सरकार एक बड़ी तकनीकी कमेटी बनाकर इस विषय पर उसकी राय लेवे कि क्या जी एम फूड की देश को आावश्यकता है? क्या देश का अनाज आवश्यकता की पूर्ति करने में असमर्थ है? क्या उसका इतना बड़ा लाभ है कि हम कुछ जिन्दगी की बलि भी देने को तैयार हैं? अनुभव यही कहता है कि मोनसेन्टो कम्पनी जी एम बीजों का ऐसा जाल फैला देगी कि हमारे देश की वही दशा होगी जो ईस्ट इण्डिया कम्पनी ने की थी।

माननीय खण्डपीठ ने यह सही कहा है कि इस केस का बड़ी पीठ ही निर्णय करे। बड़ी पीठ कम से कम पांच जजों की होनी चाहिये। साथ ही त्वरित न्याय भी होना चाहिये। प्रश्न देश के अच्छे स्वास्थ्य का है। देश के नागरिकों की सुरक्षा का है। संसार के कई देश यह मानते है कि जी एम फूड जीवन के लिये हानिकारक है। संविधान के अनुच्छेद 48ए व 51ए व 21 में राज्य व प्रत्येक नागरिक के कर्त्तव्य हैं कि वे पर्यावरण को सुरक्षित रखें और प्राणी मात्र के प्रति करूणा भाव रखें।

**–अतिथि सम्पादक,**
**पानाचन्द जैन**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट**

# कोचिंग संस्थान



**प्रो. अशोक कुमार**

दिल्ली के एक कोचिंग संस्थान में पानी भर जाने से हुई छात्रों की मौत एक दुखद घटना है। इस घटना ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हमें शहरी इन्फ्रास्ट्रक्चर, सुरक्षा मानकों और आपदा प्रबंधन पर गंभीरता से विचार करने के लिए मजबूर किया है। कोचिंग संस्थान के बेसमेंट में छात्रों को पढाने की अनुमति नहीं होती है। ऐसा माना जा रहा है कि यह संस्थान अवैध रूप से बेसमेंट का उपयोग कर रहा था। दिल्ली में हुई अत्यधिक वर्षा के कारण जलभराव की स्थिति उत्पन्न हुई, जिससे पानी कोचिंग संस्थान के बेसमेंट में घुस गया। संभवतः भवन का निर्माण मानकों के अनुरूप नहीं था, जिसके कारण पानी के रिसाव और जलभराव की समस्या उत्पन्न हुई। भारी बारिश के दौरान पानी का निकास न होने के कारण बेसमेंट में पानी भर गया। इमारत में आपातकालीन निकास मार्ग और अन्य सुरक्षा उपायों का अभाव था। नगर निगम ने नियमों का उल्लंघन करने वाले इस संस्थान के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की।

नगर निगम को नियमित रूप से सभी इमारतों का निरीक्षण करना चाहिए और अवैध निर्माण पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। सभी इमारतों में जल निकासी की उचित व्यवस्था होनी चाहिए। सभी इमारतों में आपातकालीन निकास मार्ग और अन्य सुरक्षा उपाय अनिवार्य होने चाहिए। लोगों को सुरक्षा के बारे में जागरूक किया जाना चाहिए। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

**अन्य महत्वपूर्ण पहलू:** कोचिंग संस्थानों का नियमनः कोचिंग संस्थानों को सरकार द्वारा कड़ाई से नियंत्रित किया जाना चाहिए। अग्निशमन विभाग को सभी इमारतों की सुरक्षा जांच करनी चाहिए। समाज को भी इस तरह की घटनाओं को रोकने में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। यह घटना हमें एक बार फिर याद दिलाती है कि सुरक्षा कितनी महत्वपूर्ण है। हमें सभी को मिलकर इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए प्रयास करने होंगे।

**निवारण के उपाय–** भवन निर्माण मानकों का सख्ती से पालन: सभी भवनों, खासकर सार्वजनिक और वाणिज्यिक भवनों का निर्माण मानकों के अनुरूप होना चाहिए। शहर में जल निकासी की व्यवस्था को दुरुस्त किया जाना चाहिए ताकि भविष्य में जलभराव की समस्या न आए। सभी सार्वजनिक और वाणिज्यिक भवनों में आपातकालीन योजनाएं बनाई जानी चाहिए और नियमित रूप से अभ्यास किया जाना चाहिए। सभी भवनों में सुरक्षा उपकरण जैसे कि फायर एक्सटिंग्विशर, इमरजेंसी एक्जिट आदि उपलब्ध होने चाहिए।

भवनों का नियमित रूप से निरीक्षण किया जाना चाहिए ताकि किसी भी तरह की खामी को समय रहते दूर किया जा सके। लोगों को आपदाओं के समय सुरक्षित रहने के लिए जागरूक किया जाना चाहिए। ऐसे संस्थानों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए जो सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करते हैं। स्थानीय प्रशासन को कोचिंग संस्थानों का नियमित निरीक्षण करना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे सभी सुरक्षा मानकों का पालन कर रहे हैं। इस घटना में दोषी लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। सरकार को पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद प्रदान करनी चाहिए।

**दिल्ली के कोचिंग संस्थान में हुई घटना के राजनीतिक पहलू**

दिल्ली के एक कोचिंग संस्थान में हुई इस दुखद घटना के राजनीतिक पहलू काफी गहरे हैं। इस घटना ने कई राजनीतिक दलों को एक-दूसरे पर आरोप लगाने का मौका दिया है। इस घटना के कुछ प्रमुख राजनीतिक पहलू निम्नलिखित हैं:–

इस घटना के लिए कौन जिम्मेदार है, इस पर राजनीतिक दल एक-दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। कुछ दल नगर निगम को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं, तो कुछ दल राज्य सरकार को। कुछ राजनीतिक दल इस घटना का लाभ उठाने की कोशिश कर रहे हैं। वे इस घटना को चुनावी मुद्दा बनाकर जनता को लुभाने की कोशिश कर रहे हैं। इस घटना से जनता में काफी गुस्सा है। लोग सरकार से जवाबदेही चाहते हैं। राजनीतिक दल इस गुस्से का फायदा उठाने की कोशिश कर रहे हैं। इस घटना ने नियमों के उल्लंघन और भ्रष्टाचार की ओर भी इशारा किया है। राजनीतिक दल इस मुद्दे को उठाकर सरकार को घेरने की कोशिश कर रहे हैं। इस घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। राजनीतिक दल सरकार को सुरक्षा व्यवस्था में सुधार करने के लिए दबाव बना रहे हैं।

यह कहना होगा कि इस घटना ने एक बार फिर हमें यह याद दिला दिया है कि राजनीति और प्रशासन को जनता के हित में काम करना चाहिए।

**दिल्ली के कोचिंग संस्थान की घटना से सीख**

इस घटना से हम सभी को यह सीख मिलती है कि जीवन की कीमत किसी भी चीज से अधिक है ! हमें हमेशा अपनी और दूसरों की सुरक्षा को प्राथमिकता देनी चाहिए। सरकार और प्रशासन को लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने चाहिए। इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए हमें सभी को मिलकर काम करना होगा। यह घटना एक सबक है कि हमें सुरक्षा के प्रति सजग रहना चाहिए और किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं करनी चाहिए।

**निष्कर्षः–** यह घटना एक बड़ी त्रासदी है और इसने हमें सुरक्षा के महत्व को समझाया है। हमें इस घटना से सबक लेते हुए भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कदम उठाने होंगे। यह महत्वपूर्ण है कि हम सभी मिलकर इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार करें और सरकार को इस दिशा में कदम उठाने के लिए प्रेरित करें।

**–प्रो. अशोक कुमार,**
**पूर्व कुलपति कानपुर,**
**गोरखपुर विश्वविद्यालय,**
**विभागाध्यक्ष राजस्थान विश्वविद्यालय**

# कोचिंग संस्कृति में सुधार की जरूरत महसूस होने लगी है



**राजेन्द्र जोशी**

देश में नई शिक्षा नीति 2020 हमारे बीच आ चुकी है। अभी लागू होनी है, अनेक प्रदेश इस पर विचार कर रहे हैं। नई शिक्षा नीति के परिणामों पर शिक्षाविद और राज्य सरकारें विचार भी कर रही हैं। शिक्षा में जरूरी सुधार करने का यह समय है। उसके साथ ही साथ शिक्षा में उद्योग बन चुके कोचिंग केन्द्रों पर इस समय सभी की नजर टिकी हुई हैं। देश भर में कोचिंग केंद्र बड़ा उद्योग बन चुके हैं। अधिकांश विद्यार्थी नियमित विद्यालयों में जाना ही नहीं चाहते और वह दिन भर कोचिंग में रहकर पढ़ना चाहते हैं। वह पढ़ना चाहे या ना चाहे लेकिन विद्यार्थियों के अभिभावक उन्हें कोचिंग संस्कृति में बेजा तरीके से धकेल रहे है। दूसरी तरफ कोचिंग केंद्र भी ज्यादा से ज्यादा छात्रों को अपने केन्द्र पर ठूसना चाह रहे हैं। चाहे बिठाने का समुचित स्थान हो या ना हो। उस केंद्र में विद्यार्थी ठीक से सांस भी नहीं ले सकते। लेकिन अभिभावक और कोचिंग केंद्र के संचालक इस पर एकमत है कि किसी भी प्रकार बच्चा कोचिंग केंद्र में भर्ती हो जाए।

बरसों से कोचिंग केन्द्रों पर लगाम लगाने हेतु आचार संहिता बनाने, अनैतिकता पर रोक लगाने की मांग की जा रही है। लेकिन सरकार है कि वे इस पर ध्यान ही नहीं दे रही। शासन-प्रशासन इस बात को जानता है कि विद्यार्थी का नाम सरकारी स्कूल में लिखा जाता है और दिनभर विद्यार्थी कोचिंग के मकड़जाल में फंसा रहता है, सरकार को चाहिए कि कोचिंग केंद्र को विद्यालय की मान्यता दे दे और नियमानुसार विद्यालय संचालित करने के कायदे-कानून की पालना की जाए। जिससे कोचिंग की अलग से व्यवस्था करने की आवश्यकता ही नहीं रहेगी। क्योंकि अब तक कोचिंग केन्द्रों के संचालन हेतु किसी भी प्रकार के नियम नहीं बनाए गए। कोचिंग सेंटर के कक्षा कक्ष कैसे होंगे, उसका आकार क्या होगा, उसके अध्यापक कैसे होंगे। कोचिंग उद्योग में सुधार की जरूरत है। यह उद्योग इतना फैल चुका है कि अब सरकार इसे बंद करने की स्थिति में भी नहीं है। क्योंकि कोचिंग उद्योग से रोजगार उत्पन्न हो रहे हैं, बेरोजगारी पर लगाम लग रही है, परंतु शिक्षा की मजबूत बुनियाद तैयार नहीं हो रही। कोचिंग उद्योग में व्यक्तित्व विकास की किसी प्रकार की चर्चा नहीं होती, वहां तो सौ नंबर का खेल है, कैसे आए इसकी व्यवस्था की जाती है।


यह बड़ी विडंबना है कि अधिकतर अभिभावक कोचिंग केंद्र में ऐडमिशन मात्र से संभावनाएं टटोलने लगते हैं। विद्यार्थी वहां किस तरह पढ़ रहे हैं, उनकी मानसिक स्थिति क्या बना रही हैं, अभिभावक उस पर ध्यान नहीं देते। अनेक अभिभावक तो कोचिंग केंद्र में प्रवेश मात्र से ही सपने पालने लगते है। परंतु जब विद्यार्थी अभिभावकों की इच्छा पूरी नहीं कर पाने के कारण खुद को मौत के मुंह में भी धकेल देते हैं। इतिहास गवाह है कि विद्यालयों में पढ़ते हुए विद्यार्थी अनहोनी की करने की सोच-विचार नहीं रखते। सरकार को इस पर फिर से विचार करना चाहिए की कोचिंग उद्योग के अंधेरी सुरंग में फंसे विद्यार्थियों को किस प्रकार मुक्त करवाया जाए। कोचिंग उद्योग के लिए आचार संहिता बनाई जाए, समाज पर हो रहे शोषण पर किस प्रकार रोक लगाई जाए, अगर अभी यह ना हुआ तो कोचिंग उद्योग की बेजा मनमानी देश के लिए सर दर्द बनती जायेगी।

**–राजेन्द्र जोशी,**
**साहित्यकार - शिक्षाविद**

# वरिष्ठ पत्रकार डॉ. अनुभा जैन ने फैशन डिजाइनर अनीता डोंगरे को वुमन लीडरशिप पर लिखी कॉफी टेबल बुक भेंट की

राजस्थान की वरिष्ठ पत्रकार और फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री वुमन विंग (फिक्की फ्लो) बेंगलुरु चैप्टर की सदस्य डॉ. अनुभा जैन ने प्रसिद्ध फैशन डिजाइनर अनीता डोंगरे को अपनी कॉफी टेबल बुक वुमन लीडर्स इन राजस्थान लेजिस्लेचर-सिंस 1952 भेंट की। यह पुस्तक 1952 पहली राजस्थान विधानसभा से 14वीं विधानसभा तक राजस्थान की महिला विधायकों और महिला राज्य मंत्रियों की राजनीतिक यात्रा का वृत्तांत प्रस्तुत करती है। यह राजस्थान के राजनीतिक परिदृश्य में कई दिग्गजों की समझ और कामकाज पर एक संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत करती है।

पुस्तक में जिन मुख्य मुद्दों पर प्रकाश डाला गया है, उनमें संसद और राज्य विधानसभाओं में 33प्रतिशत महिला आरक्षण विधेयक, लिंग आधारित असहिष्णुता, और महिलाओं से संबंधित विकास संबंधी मुद्दे शामिल हैं। राजस्थान की राजनीति में प्रमुख महिला नेताओं के साथ-साथ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के अन्य पेशेवर क्षेत्रों के प्रतिष्ठित लोगों के साथ आमने-सामने बातचीत के माध्यम से इन महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार प्राप्त किए गए हैं।




**वरिष्ठ पत्रकार डॉ. अनुभा जैन ने अनीता डोंगरे को कॉफी टेबल बुक भेंट की।**

डॉ. अनुभा जैन के साथ अपनी बातचीत के दौरान अनीता ने उनके करियर के शुरुआती दौर में आने वाली चुनौतियों और उनसे निपटने के तरीकों के बारे में बात करते हुये कहा कि जब मैंने अपना करियर शुरू किया, तो मुझे कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ा। लेकिन मैंने इसकी परवाह नहीं की बल्कि इस बात का फायदा उठाया। आज महिलाओं के लिए आगे बढ़ने का सबसे अच्छा समय है। जब डॉ. अनुभा ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए एक सटीक सलाह के बारे में पूछा, तो अनीता ने कहा कि दृढ़ता, दृढ़ संकल्प और अपने सपनों को कभी न छोड़ना ही कुंजी है।

उन्होंने कहा, 15 साल की उम्र में, मैं फैशन डिजाइनिंग करना चाहती थी और जब मैं अपने कॉलेज के पहले दिन एसएनडीटी कॉलेज गई तो मुझे एहसास हुआ कि यह वही जगह है जहां मैं जाना चाहती थी। बिना किसी मार्केट रिसर्च के, अनीता अपनी इंस्टिंक्ट और गट फीलिंग पर विश्वास करती है। जब डॉ. अनुभा ने उनके कलेक्शन के पीछे के विचार के बारे में पूछा, तो उन्होंने कहा, मैं रोज़मर्रा के लिए ऐसे कपड़े डिज़ाइन करती हूँ, जिन्हें हर कोई पहनना चाहता है।

अपने ब्रांड 'एंड' को 'एंड' नाम कैसे मिला, इस पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा, 'एंड' कोई संक्षिप्त नाम या एब्रिवेशन नहीं बल्कि अपने आप में एक पूरा शब्द है। 'एंड' की यात्रा के बारे में बात करते हुए अनीता ने कहा, भारतीय महिलाएं आधुनिक हो गयी हैं और पेशेवर बन गई हैं। आज की महिलाएं अलग तरह से कपड़े पहन रही हैं। लोग विदेश जाते थे और वहां से कपड़े खरीदते थे। मुझे तब एहसास हुआ कि हमारे देश में यह सब क्यों नही और भारत के लोगों की पसंद के हिसाब से पहने जाने वाले कपडे क्यों नहीं और यही वजह है कि मैंने अपना ब्रांड 'एंड' लॉन्च करने का फैसला किया। शुरुआत में मुझे कई अस्वीकृतियों का सामना करना पड़ा। लेकिन मैंने दृढ़ निश्चय किया और अपने कलेक्शन पर भरोसा किया। 25 साल पहले, मैंने मुंबई के क्रॉसरोड्स मॉल में अपना पहला स्टोर खोला। उसके बाद, मैंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। उन्होंने कहा, मैं गुलाबी नगर जयपुर राजस्थान से जुड़ी हुई हूँ, और राजस्थान के जीवंत रंगों और वहाँ के लोगों के मूड को देखकर, मेरा प्रसिद्ध ब्रांड 'ग्लोबल देसी' इस स्थानीय इच्छा के साथ वास्तविकता में आया। 11 साल पहले, दुल्हन के कपड़े पहनने में बहुत आरामदायक नहीं थे और उन पर बहुत ज़्यादा कढ़ाई होती थी। इसलिए, मैंने अनीता डोंगरे ब्राइडल वियर के नाम से एक भारतीय दुल्हन के लिए आरामदायक ब्राइडल वियर बनाया।

## राशिफल शुक्रवार 2 अगस्त, 2024



पंडित अनिल शर्मा

सावन मास, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2081, आर्द्रा नक्षत्र दिन 10:59 तक, हर्षण योग दिन 11:45 तक, वणिज करण दिन 3:27 तक, चन्द्रमा शनिवार प्रातः 5:41 से कर्क राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-कर्क, चन्द्रमा-मिथुन, मंगल-वृष, बुध-सिंह, गुरू-वृष, शुक्र-सिंह, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग दिन 10:59 से सूर्योदय तक है। आज भद्रा दिन 3:27 से रात्रि 3:39 तक रहेगी। आज मास शिवरात्रि है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर सूर्योदय से 7:35 तक, लाभ-अमृत 7:35 से 10:54 तक, शुभ 12:33 से 2:12 तक, चर 5:31 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 5:56, सूर्यास्त 7:10

**मेष**
घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृष**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। घर-परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**मिथुन**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक यात्रा संभव है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ रहेगी।

**कर्क**
व्यावसायिक/आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा है। चलते व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

**सिंह**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा।

**कन्या**
आर्थिक/वित्तिय मामलों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के कारण बाहर जाना पड़ सकता है। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

**धनु**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा नहीं है।

**मकर**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**कुंभ**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। घर-परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मीन**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक मामलों में संतुलन बना रहेगा। परिजनों के व्यवहार के कारण दुःख हो सकता है।

फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 75 संख्याः 02 प्रभात जयपुर, शुक्रवार 2 अगस्त, 2024 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBiT



**Haryana Takes The Pistols! Maharashtra The Rifles !!...**

"With my savings and his salary, we got him a rifle for more than eight lakhs. He also understood that while rifles can cost a lot, it's up to him to shoot well."- Kusale Senior

**Top Antioxidant-Rich Foods to Include in Your Diet Regularly**




*राजस्थान के आर्थिक विकास को नई ऊंचाई देने और राज्य में निवेशकों को आकर्षित करने के लिए राज्य सरकार आगामी 9 से 11 दिसम्बर तक जयपुर में ''राइज़िंग राजस्थान'' इन्वैस्टमैंट समिट का आयोजन करेगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में इस संबंध में आयोजित एक बैठक को संबोधित किया और ''राइज़िंग राजस्थान'' इन्वैस्टमैंट समिट का ''लोगो'' भी लॉन्च किया। इस प्रोग्राम की खास बात यह रही कि लोगो लॉन्च होते ही प्रदेश सरकार को आठ हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव भी प्राप्त हो गये।*

# 'हमारा लक्ष्य अगले 5 वर्षों में राजस्थान को 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का है'

## मुख्यमंत्री भजनलाल ने दिसम्बर में होने वाले राइज़िंग राजस्थान इन्वैस्टमैंट समिट की तैयारियों से संबंधित समीक्षा बैठक में कहा

- **मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर राइज़िंग राजस्थान इन्वैस्टमैंट समिट का ''लोगो'' भी जारी किया।**
- **मुख्यमंत्री ने निवेशकों के लिए सिंगल पॉइन्ट निवेश इन्टरफेस लाँच किया, जिसके बाद ब्यूरो ऑफ इन्वैस्टमैंट प्रमोशन (बी.आई.पी.) को 8,000 करोड़ रूपए से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव मिले हैं।**
- **मुख्यमंत्री ने बताया कि राइज़िंग राजस्थान के लिए देश और विदेश में रोड शो भी किए जाएंगे।**
- **बैठक में उद्योग व वाणिज्य मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़, उद्योग वाणिज्य राज्य मंत्री के.के. विश्नोई, मुख्य सचिव सुधांशु पंत, सी.आई.आई. के महानिदेशक चंदजीत बनर्जी व अन्य प्रमुख मौजूद थे।**

जयपुर, 1 अगस्त (का.सं.)। राजस्थान के आर्थिक विकास को नई ऊंचाई देने और राज्य में निवेशकों को आकर्षित करने के लिए राज्य सरकार आगामी 9 से 11 दिसंबर तक जयपुर में 'राइज़िंग राजस्थान' इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन करेगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरूवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में इस संबंध में आयोजित एक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि इस इन्वेस्टमेंट समिट का उद्देश्य देशी-विदेशी कंपनियों, अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाओं और निवेशकों को प्रदेश की ओर आकर्षित करना है। सरकार प्रदेश में औद्योगिक निवेश का बेहतर माहौल सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कदम उठा रही है और इसी क्रम में आयोजित किए जा रहे इस निवेश सम्मेलन से प्रदेश के विकास के साथ रोजगार के भरपूर अवसर सृजित होंगे।

शर्मा ने कहा कि इस आयोजन से प्रदेश में आने वाले निवेश को धरातल पर मूर्त रूप देने के लिए राज्य सरकार की ओर से निवेशकों की हर संभव मदद की जाएगी। उन्होंने कहा कि निवेशकों को उनके द्वारा किए जाने वाले निवेश संबंधित क्षेत्र की सभी जानकारी पहले ही उपलब्ध करवायी जाए, ताकि उन्हें निवेश को धरातल पर मूर्तरूप देने में आसानी रहे। मुख्यमंत्री ने उद्योग एवं वाणिज्य विभाग व इस आयोजन से जुड़े समस्त स्टेक हॉल्डर्स को निर्देशित किया कि 'राइज़िंग राजस्थान' निवेश शिखर सम्मेलन को सफल बनाने के लिए सभी टीम भावना के साथ कार्य करें।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस दौरान 'राइज़िंग राजस्थान' का लोगो भी लॉन्च किया, ताकि उसकी देश और विदेश के विभिन्न महत्वपूर्ण मंचों पर अलग ब्रांड आइडेंटिटी बन सके। 'राइज़िंग राजस्थान' के तहत राज्य सरकार देश और विदेश के विभिन्न शहरों में निवेशक रोड शो भी करेगी, ताकि विश्वभर के निवेशकों को राजस्थान में निवेश करने का न्यौता दिया जा सके।

साथ ही, राजस्थान में निवेश करने के लिए इच्छुक निवेशकों के लिए मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार के 'सिंगल-प्वाइंट निवेशक इंटरफेस' को भी लॉन्च किया, ताकि निवेशक सरकार के साथ आसानी से एम.ओ.यू. कर सकें। इस पहल के लॉन्च किये जाने के तुरंत बाद 'राइजिंग राजस्थान' के आयोजन के लिए नोडल विभाग ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेंट प्रमोशन को 8000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ''विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में भारत के उभरने से राजस्थान के लिए विकास के नए अवसर खुले हैं। हमारा लक्ष्य अगले 5 वर्षों में राजस्थान को 350 बिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का है।''

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# क्या भाजपा अब राहुल गांधी व कांग्रेस को वाकई में खतरा मानने लगी है?

## आज संसद में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने, कल कर्नाटक के भाजपा नेता तेजस्वी सूर्य और परसों अनुराग ठाकुर ने राहुल को अपने मौखिक आक्रमण का टारगैट बनाया

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- **भाजपा शायद महसूस कर रही है कि जवाहर लाल नेहरू के आरक्षण विरोधी रवैये व राजीव गांधी के मण्डल आयोग विरोधी विचार पर फोकस करके वो राहुल गांधी के, जात/जाति आधारित जनगणना के नारे की हवा निकाल देगी। पर, ऐसा होता नहीं दिख रहा। अधिकांश सोशल मीडिया नेहरू व राजीव के आरक्षण विरोधी विचारों को पुरानी बात बता कर मूलतः राहुल गांधी के पक्ष में खड़ा है।**
- **अनुराग ठाकुर के बाद, कल सांसद तेजस्वी सूर्य ने राहुल को टारगैट बनाया, यह कह कर कि उन्होंने वायनाड की ''लैण्ड स्लाइड'' की गंभीर स्थिति पर कभी ध्यान नहीं दिया और खतरे पर कभी फोकस नहीं किया।**
- **रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी कांग्रेस द्वारा रेल दुर्घटना का मुद्दा उठाने पर आक्रामक रूख अपनाया और कहा कि कांग्रेस ने अपने 58 साल के कार्यकाल में ''रेलवे मॉनिटरिंग सिस्टम'' तक नहीं लगवाया और हमने दस साल में यह जिम्मेवारी पूरी की।**

नई दिल्ली, 1 अगस्त। क्या कांग्रेस पार्टी भाजपा के लिए वास्तविक खतरे के रूप में उभर चुकी है?

जिस तरह से भाजपा नेता चाहे वे मंत्री हो या सांसद राहुल गांधी और कांग्रेस को निशाना बना रहे हैं, उससे तो यही लगता है।

बजट सत्र में संसद ने देखा कि किस तरह भाजपा नेता राहुल गांधी और कांग्रेस के प्रति आक्रामक हो गए और अपशब्दों का प्रयोग किया।

आज लोकसभा में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव आपा खो बैठे और उन्होंने बार-बार हो रही रेल दुर्घटनाओं के ए़ि सवाल पूछने पर कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा, कांग्रेस 58 साल में रेल्वे मॉनिटरिंग सिस्टम नहीं बना सकीं और हमसे दस साल में ही सवाल कर रहे हैं।

उनके भाषण के बीच में कांग्रेस ने वॉक आउट किया क्योंकि वे बार-बार हो रही रेल दुर्घटना पर संतोषजनक जवाब नहीं दे सके थे।

इससे एक दिन पूर्व बुधवार को भाजपा के कर्नाटक सांसद तेजस्वी सूर्या के जरिए भाजपा ने राहुल पर हमला करवाया। उन्होंने वायनाड में हुए भूस्खलन के लिए राहुल पर निशाना साधा कि वे अपने पूर्व संसदीय क्षेत्र और उसकी समस्याओं के बारे में नहीं बोल रहे हैं।

इसके एक दिन पहले भाजपा नेतृत्व ने अनुराग ठाकुर को राहुल गांधी पर हमला करने के लिए मैदान में उतारा था।

जवाहर लाल नेहरू से इंदिरा गांधी और राजीव गांधी तक और अब राहुल सभी को अपशब्द बोलने व अपमानित करने का भाजपा का तरीका एक जैसा है।

भाजपा नेतृत्व संभवतया मानता है कि गांधी परिवार को गाली देने और अतीत के गड़े मुर्दे उखाड़ने से उनकी संभावनाएं फिर से बेहतर हो जाएगी और विभिन्न सामाजिक समूह फिर से भाजपा के खेमे में आ जाएंगे।

सोशल मीडिया का एक बड़ा भाग राहुल गांधी के समर्थन में उतर आया है और उन्हें विभिन्न वर्गों से उन्हें भारी समर्थन मिल रहा है।

जिस तरह से राहुल जातिगतत जनगणना के मुद्दे पर नरेन्द्र मोदी और भाजपा का मुकाबला कर रहे हैं और विभिन्न जातियों को सत्ता में भागीदारी देने की बात कर रहे हैं उसकी सभी तारीफ कर रहे है।

मंडल आयोग के प्रति राजीव गांधी के विरोध और जवाहर लाल नेहरू के आरक्षण विरोध को मुद्दा बनाया जा रहा है जो अतीत की बाते हैं, जिनका अब खास महत्व नहीं रहा है।

उक्त वरिष्ठ नेता ने कुहा कांग्रेस 2014 में इसीलिए 44 तक पहुंच गई थी। भाजपा भी उसी दिशा में आगे बढ़ रही है इसीलिए राहुल गांधी और कांग्रेस के खिलाफ भाजपा इतनी आक्रामक है।

# जयपुर में 12वीं तक के स्कूलों में आज अवकाश

- **शहर में भारी बारिश और पानी भरने को देखते हुए जिला कलैक्टर के निर्देश पर शिक्षा विभाग ने आदेश जारी किए।**

जयपुर, 1अगस्त। राजधानी जयपुर में भारी बारिश और जलभराव की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने दो अगस्त को स्कूलों में अवकाश घोषित किया है। जिला कलैक्टर प्रकाश राजपुरोहित के निर्देशानुसार मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी मंजू शर्मा ने इस संबंध में देर रात आदेश जारी किए। आदेश के मुताबिक जयपुर शहर में सभी सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों में कक्षा एक से बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं का दो अगस्त को अवकाश रहेगा। उन्होंने सभी स्कूल संचालकों को इस आदेश की पालना करने को कहा है।

# राहुल गांधी अमेरिका जायेंगे

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- **सितम्बर के अंत में प्रस्तावित है यह यात्रा। जैसा कि विदित ही है, नवम्बर में अमेरिका में राष्ट्रपति का चुनाव हैं।**

नई दिल्ली, 1 अगस्त। राहुल गांधी सितम्बर के प्रारंभ में अमेरिका की यात्रा पर जा सकते हैं।

वहाँ उनके कई राज्यों में जाने तथा भारतीय समुदाय के लोगों तथा उद्योगपतियों से मिलने की संभावना है। इसके अलावा, वे भारत के अन्य हितचिन्तकों से भी मिल सकते हैं।

जिन नगरों में उनका जाना विचाराधीन हैं, वे हैं- वॉशिंगटन, शिकागो, डैट्रॉयट, डालास, सैन फान्सिस्को, लॉस एन्जिल्स आदि।

उनकी यात्रा के कार्यक्रम को अंतिम रुप दिये जाने पर अभी विचार चल रहा है।

अमेरिका के बहुत सारे संस्थान अब उन्हें व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं क्योंकि अब वे विपक्ष के नेता हैं तथा अनेक मुद्दों पर मोदी सरकार का मुकाबला कर रहे हैं।

अमेरिका में नवम्बर में चुनाव होने हैं, इसलिये मुख्य सवाल यह भी है कि क्या वहाँ चुनाव के बाद जाना बेहतर रहेगा।

लेकिन चूँकि यह सरकारी यात्रा नहीं है तथा पहले के कई अवसरों की तरह, राहुल की तरफ भारत तथा अमेरिका दोनों ही देशों के मीडिया का विशेष ध्यान रहेगा।

# 'जीवन एवं स्वास्थ्य बीमा के प्रीमियम से जी.एस.टी. हटाएं'

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 अगस्त। भाजपा के वरिष्ठ नेता व कैबिनेट मंत्री सड़क, परिवहन व राजमार्ग, नितिन गडकरी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन से जीवन व मैडिकल बीमा की किश्त पर लगने वाले 18 प्रतिशत वस्तु व सेवा कर (जी.एस.टी.) को समाप्त करने का अनुरोध किया है। इस कर के बारे में उन्होंने तर्क प्रस्तुत किया कि यह कर लगने से जीवन की अनिश्चितताओं पर व्यक्तिगत भार में वृद्धि होती है तथा इसकी वजह से इस क्षेत्र की ग्रोथ में बाधा उत्पन्न होती है।

28 जुलाई को सीतारमन को लिखे पत्र में गडकरी ने उनके अनुरोध को वरियता देने का अनुरोध किया और विशेष रूप से कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के लिए यह कर काफी मुश्किल वाला है। उन्होंने इस बारे में कहा कि लाइफ व मैडिकल इंश्योरेन्स के प्रीमियम पर लागू जी.एस.टी. की वर्तमान दरें उद्योगों के

- **वरिष्ठ भाजपा नेता एवं केन्द्रीय सड़क, परिवहन एवं हाइवे मंत्री नितिन गडकरी ने वित्त मंत्री से अपील की।**

विस्तार में रूकावट पैदा कर रही हैं तथा समाज को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर रही हैं।

गडकरी ने यह अपील नागपुर के डिविज़नल जीवन बीमा निगम की कर्मचारी यूनियन की ओर से इस मामले पर ज्ञापन मिलने के बाद जारी की है। इस ज्ञापन में बीमा सैक्टर द्वारा वहन की जा रही मुश्किलों के बारे में चिन्ता प्रकट की गई है।

नागपुर से सांसद होने के बतौर गडकरी ने उनकी बातों को जोर देकर उठाया है और कहा है कि जीवन बीमा प्रीमियम पर कर लगाना जीवन की अनिश्चितताओं पर टैक्स लगाने के समान है, जिसके बारे में उनका मानना है कि यह उन लोगों पर नहीं लगना चाहिए जो अपने परिवार की सुरक्षा के लिए इसे कराते हैं।

इसके अतिरिक्त गडकरी ने जीवन बीमा के माध्यम से होने वाली बचत के साथ असमान व्यवहार का मुद्दा भी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मु.मंत्री ने मृतकों के परिजनों को 5 लाख रूपए की सहायता देने की घोषणा की

- **वी.के.आई. क्षेत्र में तीन लोगों की बेसमैंट में डूबने से मौत हो गई। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों से संवेदना जताई और नकद सहायता देने की घोषणा की।**

जयपुर, 1 अगस्त (का.सं.) । जिले में हुई तेज बारिश से वीकेआई क्षेत्र में तीन लोगों की पानी में डूबने से मौत हो गई। इस दुखद घटना पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मृतकों के परिजनों को संवेदनाएं व्यक्त की। इसके साथ ही उन्होंने पीड़ित परिवार को पांच-पांच लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की भी घोषणा की। वहीं, प्रदेश में तेज बारिश की वजह से बने हालातों पर निगरानी रखने और तुरंत प्रभाव से सहायता उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों को

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# एस.सी-एस.टी. आरक्षण में उप जाति आधारित सब कैटगराइज़ेशन को सुप्रीम कोर्ट ने मंजूरी दी

## सुप्रीम कोर्ट ने 6-1 के बहुमत से फैसला देते हुए कहा कि राज्यों सरकारों को जातीय आधार पर एस.सी. आरक्षण कोटा के वर्गीकरण का अधिकार है

- **जस्टिस पंकज मिथल ने कहा कि किसी भी कैटगरी में पहली पीढ़ी को ही आरक्षण मिलना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि एस.सी. और एस.टी. में आरक्षण का वर्गीकरण करना उचित विचार है।**
- **जस्टिस पंकज मिथल ने कहा कि इस बात की समीक्षा होनी चाहिए कि आरक्षण मिलने के बाद दूसरी पीढ़ी सामान्य वर्ग के स्तर पर आ गई है या नहीं। यदि ऐसी स्थिति आ जाए तो फिर एक पीढ़ी के बाद आरक्षण नहीं मिलना चाहिए।**

नई दिल्ली, 1 अगस्त (वार्ता)। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में पंजाब अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग (सेवाओं में आरक्षण) अधिनियम 2006 को बरकरार रखते हुए कहा कि नौकरियों और शैक्षिणक संस्थानों में दाखिले में आरक्षण के भीतर आरक्षण देने के लिए शैड्यूल कास्ट (एस.सी.) और शैड्यूल ट्राइब्स (एस.टी.) का उप-वर्गीकरण किया जा सकता है।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ तथा न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी, न्यायमूर्ति पंकज मिथल, न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की संविधान बैंच ने छः-एक के बहुमत वाले अपने फैसले में पंजाब के अलावा तमिलनाडु और अन्य राज्यों में इस तरह के उप-वर्गीकरण के लिए कानून की वैधता को बरकरार रखा। न्यायमूर्ति त्रिवेदी ने बहुमत से असहमति वाला फैसला सुनाते हुए कहा कि इस तरह का उप-वर्गीकरण स्वीकार नहीं किया जा सकता है।

अदालत ने फैसला देते हुए कहा कि राज्यों को एससी आरक्षण में भी जातीय आधार पर उसके वर्गीकरण का आधार है। यह आरक्षण उन जातियों के लिए अलग से वर्गीकृत किया जा सकता है, जो पिछड़ी रह गई हों और उनसे ज्यादा भेदभाव किया जा रहा हो। यही नहीं सुनवाई के दौरान जस्टिस पंकज मिथल ने कहा कि किसी भी कैटिगरी में पहली पीढ़ी को ही आरक्षण मिलना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि एससी और एसटी में आरक्षण का वर्गीकरण करना उचित विचार है।

जस्टिस पंकज मिथल ने कहा कि इस बात की समीक्षा होनी चाहिए कि आरक्षण मिलने के बाद दूसरी पीढ़ी सामान्य वर्ग के स्तर पर आ गई है या नहीं। यदि ऐसी स्थिति आ जाए तो फिर एक पीढ़ी के बाद आरक्षण नहीं मिलना चाहिए। इस अहम केस की सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि अनुसूचित जाति वर्ग में समरूपता नहीं है। इसमें भी विभिन्नताएं हैं। हालांकि 7 जजों की बेंच में अकेले जस्टिस बेला एम. त्रिवेदी की राय अलग थी। उनका कहना था कि अनुसूचित जाति वर्ग को जाति नहीं बल्कि क्लास के आधार पर आरक्षण मिलता है।

वहीं जस्टिस मिथल ने कहा कि आरक्षण किसी भी वर्ग में पहली पीढ़ी को ही मिलना चाहिए। इसके बाद दूसरी पीढ़ी को यह लाभ नहीं मिलना चाहिए। चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि सिस्टम में भेदभाव के चलते एससी और एसटी वर्ग ऊंचाई हासिल नहीं कर सका। लेकिन संविधान का आर्टिकल 14 उप-वर्गीकरण की अनुमति देता है। उन्होंने कहा, ऐतिहासिक तथ्य बताते हैं कि उपेक्षित वर्ग में भी विभिन्नताएं रही हैं और उन्हें अलग-अलग सामाजिक परिस्थितियों में रहना पड़ा है। यदि मध्य प्रदेश की बात करें तो वहां 25 जातियों में से 9 ही एससी में हैं। हमने यह भी देखा है कि इस वर्ग में भी समरूपता नहीं है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अधिकारी फील्ड पर जाकर दें आमजन को राहत : भजनलाल शर्मा

## तेज बारिश से उत्पन्न स्थिति पर मुख्यमंत्री ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**जयपुर,** (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार रात से प्रदेश में हो रही बारिश से उत्पन्न हुई स्थिति के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि अधिकारी फील्ड पर जाकर स्थिति का जायजा लें तथा आपदा की स्थिति में आमजन को तुरंत राहत सुनिश्चित करें।

शर्मा गुरूवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आपदा प्रबंधन पर आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून सीजन में पुराने एवं जर्जर भवनों का पूर्व में ही चिन्हीकरण कर लें, जिससे किसी भी प्रकार की क्षित को समय से रोका जा सके। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए चिकित्सा सुविधाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करें, साथ ही पशुधन में होने वाली बीमरियों की रोकथाम के लिए भी उचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि आपदा नियंत्रण के लिए स्थापित कंट्रोलरूम को 24 गुणा 7 संचालित किया जाए तथा वहां आ रही प्रत्येक शिकायत का शीघ्र समाधान किया जाए।


मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल भराव वाले क्षेत्रों का आंकलन कर समुचित इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। इन जगहों पर दुर्घटनाओं से बचने के लिए साइन बोर्ड लगाए जाएं तथा आमजन विशेषकर बच्चों की आवाजाही की लगातार निगरानी की जाए। उन्होंने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में खाद्य सामग्री की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिला प्रशासन स्वयंसेवी संस्थाओं, समाज सेवियों तथा भामाशाहों से भी निरंतर संपर्क में रहे, ताकि आवश्यकता होने पर इनका सहयोग लिया जा सके। शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मीडिया में आ रही वर्षा जनित हादसों की खबरों पर तुरंत संज्ञान लेते हुए कार्यवाही करें। उन्होंने संबंधित विभागों को प्रभावित क्षेत्रों में धंसी सड़कों, टूटी नालियों के मरम्मतीकरण के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ काम करें ताकि आमजन को शीघ्र सहायता उपलब्ध हो सके। उन्होंने अधिकारियों को बारिश के मौसम में बांधों के जलस्तर की निगरानी, सफाई व्यवस्था, उचित यातायात प्रबंधन, पर्याप्त चिकित्सा सुविधाओं सहित विभिन्न सेवाओं को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरूवार को अपने कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आपदा प्रबंधन पर आयोजित बैठक को संबोधित किया। इस दौरान मुख्य सचिव सुधांश पंत और पुलिस महानिदेशक यू.आर.साहू सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

■ 'जल भराव क्षेत्रों की करें सघन निगरानी'

बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक यू.आर. साहू, अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह आनंद कुमार, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय आलोक गुप्ता, प्रमुख शासन सचिव नगरीय विकास टी. रविकान्त, जयपुर विकास प्राधिकरण की आयुक्त मंजू राजपाल सहित वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से विभिन्न ज़िला कलेक्टर, पुलिस महानिरीक्षक एवं जिला प्रशासन के अधिकारी जुड़े।



राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने गुरुवार को जनपथ स्थित अमर जवान ज्योति पहुंचकर वहां पुष्पचक्र अर्पित किया। राज्यपाल ने अमर जवान ज्योति पर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि वीर शहीद हमारे देश के वह गौरव हैं, जिनसे हम सब आलोकित होते हैं। उन्होंने वहां रखी विजिटर बुक में लिखा कि मां भारती के लिए प्राण न्यौछावर करने वाले सभी शहीदों को मेरा नमन है। मैं अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूं।

# क्या 'आर्बिट्रेटर' ने हाईकोर्ट को शुभम लॉजिस्टिक मामले में जानकर अंधेरे में रखा?

## 'इस मामले में आर्बिट्रेटर ने सही घोषणाएं नहीं कीं कि वह पक्षपात किये बगैर स्वतंत्रता से सुनवाई कर न्याय दे सकते हैं'

**जयपुर,** (का.सं.)। कृषि मंत्री किरोडी लाल मीणा द्वारा पिछली गहलोत सरकार में शुभम लॉजिस्टिक के द्वारा टेंडर की शर्तों को दरकिनार करते हुए करोड़ों के घोटालों और कृषि उपज को वेयर हाउस में डालने के बाद इंश्योर नहीं करने से जुड़े जिस घोटाले को उजागर किया गया था, उसी मामले में कुछ अन्य चौंकाने वाले तथ्य सामने आये हैं। मंत्री मीणा ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा था कि शुभम लॉजिस्टिक ने भंडारण निगम से अनुबंध के बाद कई शर्तों की पालना नहीं की जिससे उसे स्वयं 120 करोड़ से भी अधिक का अवांछित फायदा हुआ, साथ ही भंडारण निगम ने इस कंपनी से कई तरह की पैनल्टी नहीं वसूली, और न ही बैंक गारंटी ली। मंत्री के आरोपों के अनुसार गोदामों में पड़ी लगभग 3000 करोड़ की कृषि उपज को आज दिन तक सही तरह से इंश्योरेंस कवर नहीं दिया गया है। मंत्री ने अपने पत्र में इस प्रकरण से जुड़ी कंट्रोलर एंड ऑडिटर जनरल (सी.ए.जी.) की ऑडिट रिपोर्ट का भी वर्णन किया है, जिससे ये सारे आरोप सत्यापित होते हैं। मंत्री ने अपने पत्र में भंडारण निगम के कई अफसरों पर मिलीभगत के आरोप लगाये हैं।

■ बताया जा रहा है कि भंडारण निगम इस आर्बिट्रेटर के समक्ष शुभम लॉजिस्टिक से संबंधित तीन अन्य मामलों की सुनवाई ना करवाने के संबंध में याचिका दायर करेगा

ऐसे में गोदामों में पड़ी कृषि उपज, जिसकी अंततः खाद्य निगम ही जिम्मेदारी है, वह आज की तारीख में बारिश, आंधी तूफान, आग व अन्य तरीकों से खराब होने के लिये बिना बचाव के पड़ी हुई है और अपेक्षित है कि कुछ खराब भी हुई हो।

हैरानी की बात है कि उक्त मामले में आर्बिट्रेटर (मध्यस्थता करने के लिये नियुक्त अधिकारी) ने फैसला दिया था कि शुभम लॉजिस्टिक को भंडारण निगम से मिलने वाला बकाया दे दिया जाये, जिसके पश्चात कंपनी शर्तों के अनुसार उपयुक्त इंश्योरेंस, बैंक गारंटी व अन्य खर्चे अदा करेगीं। दस्तावेजों की जांच परख से सामने आया है कि राज्य भंडारण निगम के अधिकारियों ने उक्त मामले में जिस आर्बिट्रेटर को नियुक्त किया था, वह पहले से ही भंडारण निगम, शुभम लॉजिस्टिक और उसकी एक सबसिडरी ओरिगा कमोडिटीज लि.के तीन अन्य मामले पहले से ही सुन रहे हैं। इसके अलावा यह अधिकारी भंडारण निगम के ही तीन अन्य मामले, जिसमें सिम्फोनिया एंड ग्रेफिक्स प्रा.लि. कंपनी थी, के मामलों में भी एकल आर्बिट्रेटर नियुक्त किये गये थे और उन्होंने इन तीनों मामलों में अवार्ड भी जारी किया था।

गौरतलब है कि आर्बिट्रेशन एंड कंसीलेशन एक्ट 1996 की धारा 12(1)(बी) के अनुसार किसी भी विवाद में आर्बिट्रेटर की नियुक्ति के पूर्व उक्त अधिकारी/व्यक्ति को यह घोषणा कर बताना होता है कि वह किसी भी तरह ऐसा प्रभावित नहीं है कि विवाद में न्याय करने में उसे परेशानी का सामना करना पड़े। इसी संदर्भ में के आर्बिट्रेशन एंड कंसीलेशन एक्ट 1996 के पांचवें शिड्यूल के अनुसार संबंधित पार्टियों द्वारा आर्बिट्रेटर पिछले तीन वर्षों में दो बार नियुक्त किया जा चुका है या उसने किसी भी विवाद में संबंधित पार्टी को सलाह या मशविरा दिया है, तो उसकी नियुक्ति को हटाने के संबंध में कार्यवाही की जा सकती है क्योंकि उस आर्बिट्रेटर की स्वतंत्रता पर संदेह के आरोप लगाये जा सकते हैं। बताया जा रहा है कि भंडारण निगम को शुभम लॉजिस्टिक्स के मामले को सुनने से पहले उक्त आर्बिट्रेटर से निगम के अधिकारियों ने यह स्पष्टीकरण नहीं लिया था कि वह दोनों कंपनियों के तीन मामले एकसाथ सुन रहे है और ना ही उन्होंने ऐसी कोई घोषणा की, जो कि नियमों के विरूद्ध था। बताया जा रहा है कि इस आर्बिट्रेटर के समक्ष भंडारण निगम के तीन अन्य मामले चल रहे थे, जिसमें शुभम लॉजिस्टिक्स व ओरिगो कमोडिटीज लि.शामिल हैं, उन मामलों को किसी अन्य आर्बिट्रेटर के समक्ष सुनने के लिये वापस लिया जा रहा है।

## सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के 8 कार्मिकों को पदोन्नति

**जयपुर,** (का.सं.)। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के आठ कर्मचारियों को पदोन्नति मिली है। राजस्थान अधीनस्थ कार्यालय मंत्रालयिक सेवा नियम 1999 के अन्तर्गत गठित विभागीय पदोन्नति समिति द्वारा एक अगस्त को की गई अभिशंषा के आधार पर इन कार्मिकों को पदोन्नत किया गया है। इनमें विक्रम सिंह, युगराज सिंह राठौड़, मोहिता बोहरा, सुनील दत्त पचौरी, स्वाति उपाध्याय, प्रीतम सिंह और दुर्गा मीणा शामिल हैं।

# चर्चा ऐसी हो जिसका लाभ जनता को मिल सके : देवनानी

**जयपुर,** (वि.सं.)। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने गुरूवार को सदन में कहा कि यह सदन पक्ष और प्रतिपक्ष दोनों के सदस्यों के सहयोग से चल रहा है। सदन की बैठकों को व्यवस्था से चलाने में सभी सदस्यों से सहयोग की अपेक्षा है। इसके लिए सदस्यों को आसन द्वारा दी जाने वाली व्यवस्थाओं का अक्षरशः पालन करना होगा। यहां सभी बराबर है। समय निश्चित है। यह व्यवस्था संबंधित सचेतक द्वारा की जानी है कि उन्हें कितने सदस्यों को बुलवाना है, सचेतक को उसी हिसाब से सदस्य के लिए समय भी निर्धारित करना होगा।

देवनानी ने कहा कि सदस्यों को सदन में बोलने के लिए विषय वस्तु पर अध्ययन करना चाहिए। सदस्यों को समय सीमा को ध्यान में रखते हुए अपनी बात को स्प्ष्ट तरीके से रखें, ताकि उसका लाभ जनता को मिल सकें। देवनानी ने कहा कि यह पवित्र सदन है। जनता का सदन है। जनता की समस्याओं को उठाने का सशक्त मंच है। यदि बहस सार्थक होगी तो उसका लाभ जनता को मिल सकेगा। देवनानी ने कहा कि वे कठोर नहीं बनना चाहते हैं। इसलिए विधायकों से अपनी बात को सार्थक तरीके से रखने का आग्रह करते है। उन्हों ने कहा कि आसन का कार्य समय का पालन कराना है। एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाने के बजाए समस्या को स्पष्ट तरीके से उठाकर सार्थक बहस का हिस्सा बने। सार्थक बहस में विधायक के आने वाले सुझाव राज्य के पॉलिसी मेटर बनाने में भी सहायक होते है।

देवनानी ने विधायकों से अनुरोध किया कि प्रत्येक विधायक व्यवस्था का पालन करें। इससे सदन में की जाने वाली बहस की सार्थकता बढ सकेगी। जनता को भी इसका लाभ मिल सकेगा।

# डमी अभ्यर्थी बैठाने के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर।** स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने कार्रवाई करते हुए वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा 2022 में स्वयं के स्थान पर डमी अभ्यर्थी बैठाने के मामले में काफी समय से वांछित चल रहे एक आरोपित को गिरफ्तार किया है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एटीएस एवं एसओजी वीके सिंह ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा विभाग वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा-2022 में स्वयं के स्थान पर डमी अभ्यर्थी बैठाकर परीक्षा में सफल होने का मामला एसओजी में दर्ज किया था। इस प्रकरण में वांछित चल रहे आरोपित अभिषेक बिश्नोई (25) निवासी लाठी जिला जैसलमेर हाल वरिष्ठ अध्यापक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भीमगुडा सिवाना जिला बालोतरा को गिरफ्तार किया है। अब तक की पूछताछ में सामने आया है कि आरोपित द्वारा अपने स्थान पर दोनों पारियों में दो अलग-अलग डमी अभ्यर्थियों से वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा 2022 का पेपर दिलाया था। एसओजी की टीम गिरफ्तार आरोपित से गहन पूछताछ में जुटी है। साथ ही इस प्रकरण में वांछित अन्य आरोपितों की तलाश कर रही है।



स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने गुरूवार को वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा 2022 में स्वयं के स्थान पर डमी अभ्यर्थी बैठाने के मामले में काफी समय से वांछित चल रहे एक आरोपित को गिरफ्तार किया है।

# 'केवल वयस्क होने के आधार पर बेटे का भरण-पोषण भत्ता आदेश रद्द नहीं कर सकते'

**जयपुर,** (का.सं.)। हाईकोर्ट ने पढ़ाई कर रहे वयस्क बेटे से जुड़े मामले में कहा है कि केवल वयस्क होने के आधार पर ही बेटे को भरण-पोषण भत्ता देने वाले आदेश को रद्द नहीं किया जा सकता। प्रार्थी पिता ने भी यह माना है कि जब घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत भरण-पोषण भत्ते के लिए प्रार्थना पत्र दायर किया गया था तो उसके बेटे की पढाई जारी थी और वह बीए डिग्री कोर्स कर रहा था। ऐसे में एडीजे कोर्ट के आदेश में किसी भी तरह का दखल देने की जरूरत नहीं है। जस्टिस प्रवीर भटनागर ने यह आदेश पिता व अन्य की आराधिक याचिका को खारिज करते हुए दिए।

■ याचिका में जयपुर मेट्रो-प्रथम की एडीजे कोर्ट के 29 अगस्त 2022 के उस आदेश को चुनौती दी गई थी जिसमें कहा था कि यदि वयस्क बेटा कोई आय अर्जित नहीं की कर रहा है और उसकी पढाई जारी है तो केवल वयस्क होने के चलते पिता भरण-पोषण राशि देने से मना नहीं कर सकते।

याचिका में जयपुर मेट्रो-प्रथम की एडीजे कोर्ट के 29 अगस्त 2022 के उस आदेश को चुनौती दी गई थी जिसमें कहा था कि यदि वयस्क बेटा कोई आय अर्जित नहीं की कर रहा है और उसकी पढाई जारी है तो केवल वयस्क होने के चलते पिता भरण-पोषण राशि देने से मना नहीं कर सकते। मामले से जुडे अधिवक्ता ने बताया कि एडीजे कोर्ट ने पिता की अपील को खारिज करते हुए निचली कोर्ट के उस आदेश को बहाल रखा था, जिसमें निचली अदालत ने पत्नी व बेटे को मासिक भरण पोषण देने को कहा था।

## वित्त विभाग से जुड़े सवालों को स्थगित किया

**जयपुर।** पुरानी पेंशन से जुड़े कांग्रेस विधायक हरिमोहन शर्मा के सवाल से ठीक पहले स्पीकर वासुदेव देवनानी ने प्रश्नकाल के बीच में ही वित्त विभाग से जुड़े सवालों को स्थगित करने की सूचना दी। स्पीकर ने कहा कि वित्त आयोग की टीम राज्य के दौरे पर है। पूरे वित्त विभाग की टीम व्यस्त है। इसलिए इस विभाग से जुड़े तीनों सवालों को स्थगित कर दिया है। केवल वित्त मंत्री ही नहीं, पूरा वित्त विभाग व्यस्त हैं। डोटासरा पर पलटवार करते हुए सरकारी सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा ये सुर्खियों में रहने के लिए बेवजह आरोप लगा रहे हैं, ये इनकी आदत है।

## मेरा सवाल स्थगित कर दिया, कितने दिन बचाओगे : डोटासरा

**जयपुर,** (वि.सं.)। विधानसभा में वित्त विभाग से संबंधित तीन प्रश्न स्थगित करने पर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा बोले मेरा स्वास्थ्य से जुड़ा सवाल क्यों स्थगित कर दिया, कितने दिन बचाओगे? डोटासरा ने आपत्ति जताते हुए कहा आप सवाल स्थगित कीजिए कोई दिक्कत नहीं, लेकिन सरकार लिखकर दे दे कि वो जवाब देने में सक्षम नहीं है। स्पीकर ने कहा कि ऐसा नहीं है।

डोटासरा ने कहा कि वित्त विभाग का तो समझ आता है। मेरा तो स्वास्थ्य विभाग से जुड़ा सवाल था, उसे क्यों स्थगित कर दिया। कितने दिन बचाओगे, जवाब क्यों नहीं देती सरकार। कांग्रेस विधायक ने हरिमोहन शर्मा ने पुरानी पेंशन का लाभ ले रहे कर्मचारियों की संख्या और पुरानी पेंशन योजना को यथावत रखने या नहीं रखने पर सरकार से सवाल पूछा था। डोटासरा ने आरजीएचएस और चिरंजीवी योजना में रजिस्टर्ड अस्पतालों में इलाज नहीं होने, मरीजों से पैसा वसूले जाने और इससे जुड़ी शिकायतों का ब्योरा मांगा था।

# अंगदान जागरूकता के लिए रोड शो का आयोजन

**जयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने प्रदेश में चलाए जा रहे अंगदान जागरूकता अभियान के तहत गुरूवार को अमर जवान ज्योति से रोड शो को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह रोड शो मोहन फाउण्डेशन, नवजीवन संस्था एवं सोटो के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।

■ राजस्थान ने अंगदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया : एसीएस

सिंह ने इस अवसर पर कहा कि विगत अल्प समय में ही राजस्थान ने अंगदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है। ऑनलाइन शपथ लेने के मामले में राजस्थान देशभर में अव्वल स्थान पर है। उन्होंने कहा कि यह बड़े हर्ष का विषय है कि अंगदान के प्रति जागरूकता फैलाने में उल्लेखनीय काम करने पर केंद्र सरकार की ओर से दिल्ली में 3 अगस्त को आयोजित समारोह में राजस्थान को सम्मानित किया जाएगा। इसी प्रकार अंगदान के क्षेत्र में बेस्ट एनजीओ का अवार्ड मोहन फाउण्डेशन को दिया जाएगा।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि निरंतर प्रयासों से राजस्थान में अंगदान कार्यक्रम लगातार मजबूत होता जा रहा है। अब यह विभागीय कार्यक्रम नहीं होकर, जन अभियान बन चुका है, जिसमें आमजन बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। साथ ही उनमें अंगदान को लेकर भ्रांतियां दूर हो रही हैं।

इससे अंगदान करने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने अमर जवान ज्योति पर पुष्पचक्र अर्पित कर शहीदों को नमन भी किया।





चिकित्सा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने प्रदेश में चलाए जा रहे अंगदान जागरूकता अभियान के तहत गुरूवार को अमर जवान ज्योति से रोड शो को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# हाईकोर्ट ने दुष्कर्म के आरोपी को अंतरिम जमानत देने से इंकार किया

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने नाबालिग पीडिता से दुष्कर्म के आरोप में न्यायिक अभिरक्षा में चल रहे युवक को पन्द्रह दिन की अंतरिम जमानत देने से इनकार कर दिया है। जस्टिस शुभा मेहता की एकलपीठ ने यह आदेश आरोपी राकेश की चतुर्थ अंतरिम जमानत प्रार्थना पत्र को खारिज करते हुए दिए। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि याचिकाकर्ता पर सह अभियुक्त से मिलकर पीडिता के नाबालिग रहने के दौरान गैंगरेप करने का आरोप है। पीडिता ने 1 अक्टूबर, 2021 को निचली अदालत में याचिकाकर्ता और सह आरोपी पर उसे बेहोश कर ले जाने और दुष्कर्म करने का बयान दिया था। ऐसे में याचिकाकर्ता को अंतरिम जमानत का लाभ नहीं दिया जा सकता।

■ अदालत ने अपने आदेश में कहा कि याचिकाकर्ता पर सह अभियुक्त से मिलकर पीडिता के नाबालिग रहने के दौरान गैंगरेप करने का आरोप है। ऐसे में याचिकाकर्ता को अंतरिम जमानत का लाभ नहीं दिया जा सकता।

याचिका में कहा गया कि पीडिता की वर्ष 2021 में याचिकाकर्ता से सगाई हुई थी। इसके बाद दोनों आपस में मिलने लगे, लेकिन यह बात पीडिता के पिता को पसंद नहीं आई। ऐसे में उन्होंने याचिकाकर्ता के खिलाफ दबाव डालकर कालाडेरा थाने में झूठी रिपोर्ट दर्ज करा दी। इसके बाद पीडिता को बडी उम्र के व्यक्ति को बेचने का प्रयास भी किया गया। पीडिता अब वयस्क हो चुकी है और याचिकाकर्ता के साथ विवाह करना चाहती है। इसके अलावा निचली अदालत में प्रकरण पर सुनवाई भी लगभग पूरी हो चुकी है, लेकिन हाईकोर्ट ने निचली अदालत को फैसला सुनाने पर स्टे दे रखा है। ऐसे में उसे पन्द्रह दिन की अंतरिम जमानत दी जाए। सुनवाई के दौरान पीडिता ने पेश होकर कहा कि उसने पूर्व में अपने पिता के दबाव में बयान दिए थे। वह वयस्क हो चुकी है और याचिकाकर्ता से शादी करना चाहती है। इसलिए उसे जमानत पर रिहा किया जाए। जिसका विरोध करते हुए पीडिता के पिता की ओर से अधिवक्ता अनुराग पारीक ने कहा कि अभियुक्त और पीडिता की सगाई की बात झूठी है। वास्तव में मामला प्रेम प्रसंग का ना होकर सामूहिक बलात्कार का है। जिसमें याचिकाकर्ता व एक अन्य पर आरोप लगाए गए हैं। अदालत पूर्व में भी याचिकाकर्ता की जमानत याचिका को खारिज कर चुका है। ऐसे में इस अंतरिम जमानत याचिका को भी खारिज किया जाए। सभी पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने अंतरिम जमानत प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया है।

# अतिवृष्टि से जयपुर शहर में 'बाढ़' के हालात : कहीं सड़कें जलमग्न हुईं तो कहीं रोड धंसने से बढ़ी लोगों की मुश्किलें

## सड़कों पर भारी जलभराव के कारण थम गए वाहनों के पहिये, ट्रेफिक जाम में घंटों तक फंसे रहे लोग

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में बुधवार-गुरूवार की मध्यरात्रि मूसलाधार बारिश के कारण बाढ़ जैसे हालात बन गए। सीकर रोड पर ढेहर के बालाजी, निवारू रोड, कालवाड़ रोड, खिरणी फाटक, चौमूं पुलिया, गोपालपुरा बाईपास समेत अधिकांश सड़कें जलमग्न हो गयी। जलमहल का पानी भी सड़क पर आ गया। वहीं मुरलीपुरा में दादी का फाटक और झोटवाड़ा में कामानी रोड पर सड़क धंसने से लोगों की मुश्किलें बढ़ गयी। वहीं कई कॉलोनियों में सीवरेज लाइन के चैंबर भी जमीन में बैठ गए। सड़कों पर भारी जलभराव के कारण वाहनों के पहिये भी थम गए। जो वाहन जहां थे, वहीं खड़े रह गए। सड़कों पर बाइक, कार व बसें डूबी नजर आयी। इस कारण शहर में दिल्ली-अजमेर हाईवे और शहर के अधिकांश इलाकों में सड़कों पर दिनभर ट्रेफिक जाम लगा रहा। सीकर रोड पर पानी भरने के कारण कई वाहन फंस गए। वहीं झोटवाड़ा से जयपुर शहर की ओर आने वाली नई एलिवेटेड रोड और सर्विस रोड पर भी लंबा जाम लगा रहा।

तेज बारिश के कारण शहर के निचले इलाकों


■ **तेज बारिश के कारण इमारतों के बेसमेंट और कई दुकान व घरों में पानी घुसा, लोगों की शिकायत के बावजूद भी नहीं पहुंचे सरकारी मडपंप**

में जलभराव के कारण हालात ज्यादा खराब है। बुधवार देर रात विश्वकर्मा इलाके स्थित ध्वज नगर के एक मकान में बेसमेंट में बरसात का पानी भरने के कारण 3 लोगों की डूबने से मौत की घटना के बाद लोग यहां से अन्यत्र शिफ्ट होने लगे है। जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने भी शहर में जलभराव वाले क्षेत्रों का दौरा कर जायजा लिया। भारी वर्षा के कारण शहर की अधिकांश इमारतों, दुकान-मकानों में पानी घुस गया, लोगों की शिकायत के बावजूद भी जिला प्रशासन के मडपंप नहीं पहुंचे। ऐसे में लोगों ने स्वयं के स्तर पर ही बूस्टर मोटर खरीदकर पानी बाहर निकाला।

बताया जा रहा है कि विश्वकर्मा में रोड नंबर 17 स्थित ध्वज नगर के 12 से ज्यादा मकानों में बारिश का पानी भर गया। यहां हालात इतने बिगड़ गए कि लोग अपने घर खाली कर दूसरी जगहों पर चले गए। कुछ लोग मजबूरी में अपने घर की ऊपरी मंजिल और दूसरों के घरों पर रह रहे हैं। इन लोगों की मांग है कि प्रशासन जल्द से जल्द इस बदहाल स्थिति को ठीक कर ड्रेनेज सिस्टम की पुख्ता व्यवस्था करें, वरना कभी भी सैकड़ों लोग मिट्टी में दबकर दम तोड़ देंगे। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर बारिश में इस पूरे इलाके में यही हालात हो जाते हैं। हम पिछले 25 सालों से यहां रह रहे हैं, लेकिन प्रशासन ने कभी सुध नहीं ली। पास ही विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल एरिया है, इसकी वजह से नालों का गंदा पानी पूरी कॉलोनी में आ जाता है। सालों से यहां नेता आते हैं, वादे करते हैं और भूल जाते हैं। समाधान के नाम पर कुछ नहीं होता।

### सड़क ऊंची और मकान नीचे

ध्वज नगर में 12 से ज्यादा घरों में डबल बेसमेंट बने हैं। यहां सभी घरों में पानी भरा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले सड़क काफी नीचे थी, तब हमारा घर बना था, लेकिन धीरे-धीरे सड़क की ऊंचाई बढ़ती गई और हमारा घर गड्ढे में आ गया। इसके बाद बारिश का पानी हर बार हमारे घरों में आ जाता है। कल रात भी इसी तरह अचानक पानी घर में आ गया। इसके बाद पानी के साथ मिट्टी और कचरा भी घर में भर गया।



राजधानी जयपुर में तेज बारिश के कारण सीकर रोड स्थित ढहर के बालाजी क्षेत्र में गुरूवार सुबह मुख्य सड़क नदी की तरह बहती दिखी। इस दौरान यहां से गुजर रहे कई वाहन पानी के बीच में ही फंस गए, जिन्हें लोगों ने धक्का देखकर बाहर निकाला। फोटो-राष्ट्रदूत

### दुकान-मकानों में पानी भरा

खातीपुरा रोड पर बारिश के बाद हालात भयावह हो गए। बेसमेंट की दुकानों में तीन से चार सीट तक पानी भर गया। लोग पंप मंगवाकर पानी खाली करवा रहे हैं। इस पूरे इलाके में 12 से ज्यादा दुकानों में पानी भरा है। इसकी वजह से करीब एक से डेढ़ करोड़ रुपए तक के नुकसान का आकलन किया जा रहा है। दुकानदारों ने बताया कि खराब ड्रेनेज सिस्टम होने की वजह से पूरे इलाके की दुकानों में पानी आ गया है। आज सुबह जब हम दुकान पहुंचे तब पता चला कि सारा सामान सीवरेज के पानी में डूब गया है। इसे अब खाली करवाने की कोशिश की जा रही है, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई मदद नहीं की जा रही है।

### सीवरेज के चैंबर उफने

जयपुर चारदीवारी में मानसून की मूसलाधार बारिश के बाद सड़कें तालाब बन गई। चांदी की टकसाल, कवर नगर, सुभाष चौक, जोरावर सिंह गेट समेत चारदीवारी के प्रमुख बाजारों में दो से तीन फीट तक पानी भर गया। इस दौरान वाहनों की आवाजाही के कारण सड़कों पर बह रहा सीवरेज का गंदा पानी दुकानों में घुस गया। इससे दुकानों में रखा लाखों रुपए का माल खराब हो गया है।

स्थानीय व्यापारी पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि हर साल बारिश के बाद यहां इसी तरह के हालात होते हैं। कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। हर साल नगर निगम के लोग नालों की सफाई से लेकर ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त करने के दावे करते हैं, लेकिन मानसून की एक दमदार बारिश ही इन दावों की पोल खोल कर रख देती है। इससे यहां रहने वाली जनता और यहां काम करने वाले व्यापारियों को हर साल लाखों रुपए का नुकसान हो जाता है। दुकानों के साथ घरों में पानी घुस जाता है। देवालय भी सीवरेज के पानी से दूषित हो जाते हैं, लेकिन शासन और प्रशासन को जनता की समस्या से कोई फर्क नहीं पड़ता है। नेता-अधिकारी आंखें बंद कर बैठे हुए हैं।

### जलमहल का पानी सड़क पर

जलमहल की पाल और सड़क पर पानी एक लेवल पर आ गया। इससे पाल पर बनी जालियों को भारी नुकसान हुआ। जलमहल की पाल पर जगह-जगह गंदगी का ढेर भी लग गया। इसके कारण बदबू आने लगी है और यहां आने वाले पर्यटकों को बदबू से परेशान होना पड़ रहा है। अजमेर रोड स्थित कमला नेहरू नगर में सड़क पर 3 फीट तक पानी भर गया। इससे सड़क पर चलने वाली कार पानी में तैरने लगी और ड्राइवर कार पर अपना कंट्रोल खो बैठा। इसके बाद वहां मौजूद लोगों ने पानी में बहती कार को धक्का देकर बाहर निकाला।

### अंडरपास में पानी भरा, आवाजाही अवरूद्ध

सहकार मार्ग स्थित जेपी फाटक अंडरपास में 7 फीट तक पानी भर गया। इसकी वजह से सहकार मार्ग से महेश नगर, जेपी कॉलोनी समेत 6 से ज्यादा कॉलोनी को जोड़ने वाले अंडरपास में वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बंद हो गई है। हालात इतने बिगड़े कि अंडरपास से पैदल आवागमन को भी बंद करना पड़ा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि हर बार बारिश में इस अंडरपास के हालात ऐसे ही हो जाते हैं, लेकिन प्रशासन कोई ध्यान नहीं देता। इसकी वजह से हम जैसे बुजुर्गों को परेशान होना पड़ता है। आज सुबह भी यहां काफी वाहन चालक फंस गए, लेकिन प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया। इसके बाद स्थानीय लोगों ने ही पत्थर और लकड़ियां रखकर रास्ता बंद किया।

### द्रव्यवती नदी उफान पर

गोपालपुरा बाइपास पर घुटनों से ऊपर तक पानी भर गया। द्रव्यवती नदी उफान मारकर बहने लगी, जिसके बाद दुर्गापुरा स्थित महारानी फार्म पर बने रैंप पर वाहनों की वाहजाही को रोककर उसे बीटू बाइपास और रिद्दी-सिद्धी-मानसरोवर कनेक्टिंग रोड पर बने हाइलेवल ब्रिज से डायवर्ट किया गया।

### बीसलपुर बांध में आया पानी

बीसलपुर बांध के कैचमेंट एरिया में बारिश से आज सुबह बांध का गेज बढ़ गया। यहां करीब 3 सेमी. गेज बढ़ा। वर्तमान में बांध का गेज 310.15 आरएल मीटर है, जबकि कल बांध का गेज 310.14 आरएल मीटर था। जयपुर, अजमेर को पानी सप्लाई होने के कारण हर रोज बांध का गेज 2 सेमी. कम हो रहा है। वर्तमान में बांध करीब 29 फीसदी भर गया है।

### सचिवालय में छत टपकी

शहर में हुई तेज बारिश ने सचिवालय के पीडब्ल्यूडी अधिकारियों की पोल खोल दी है। सचिवालय के कई कमरों में छतों से पानी टपका, जिसकी वजह से कई महत्वपूर्ण फाइल है पानी में भीग गई। इतना ही नहीं कई कंप्यूटर में भी पानी भर गया और अधिकारियों के बैठने वाली कुर्सियां भी गीली हो गई, हालात यह है कि कई कमरों में तो जर्जर हो चुकी छत के प्लास्टर गिरने की कगार पर है बताया जा रहा है कि सचिवालय के कई कमरे जर्जर अवस्था में है। छतों से प्लास्टिक गिरने की कगार पर है। प्लास्टर गिरने के अंदेशे से कर्मचारी अपनी कुर्सी पर बैठने से भी डर रहे हैं।

### आईसीयू में फॉल सिलिंग गिरी

बारिश के चलते सवाई मानसिंह अस्पताल के आईसीयू में फॉल सीलिंग गिर गई। इसके अलावा नॉर्थ और साउथ विंग के बेसमेंट में भी पानी भर गया है। अस्पताल के सेठिया मेडिकल आईसीयू और न्यू मेडिकल आईसीयू में भी पानी भरा है। मामले को लेकर चिकित्सा स्वास्थ्य जयपुर जोन के संयुक्त निदेशक डॉ. नरोत्तम शर्मा का कहना है कि राजधानी में लगातार बारिश देखने को मिल रही है और इसे लेकर जयपुर मुख्यालय और जोन के सभी चिकित्सालयों को वर्षा जनित परेशानियों से निपटने के लिए निर्देश जारी किए गए हैं।



**शहर में तेज बारिश से सड़कों पर भारी जलभराव के कारण आवाजाही अवरूद्ध हो गयी। सीकर रोड और झोटवाड़ा एलिवेटेड रोड से आने वाले वाहन जब एक साथ पानीपेच मोड पर इकट्ठा हुए तो यहां कई किलोमीटर लंबी लाइन लग गई। काफी देर तक ट्रेफिक जाम में फंसे रहने के कारण लोगों को काफी परेशानी हुई, बाद में पुलिस और कई वाहन चालकों ने सूझबूझ दिखाकर बड़ी मशक्कत के बाद यातायात सुचारू करवाया।** फोटो-राष्ट्रदूत



**मुरलीपुरा इलाके में दादी का फाटक के पास बुधवार-गुरूवार की मध्यरात्रि तेज बारिश के कारण मुख्य सड़क धंस गई। मिट्टी कटाव के कारण डामर रोड भरभराकर जमीन में बैठ गई। गनीमत रही कि उस वक्त कोई भारी वाहन यहां से नहीं गुजर रहा था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।**

# कहासुनी के बाद युवक के सीने में घोंपी कैंची

■ **युवक की पार्टनर से हिसाब-किताब को लेकर कहासुनी हुई थी**

**जयपुर** (कासं)। जयसिंहपुरा खोर इलाके में आपसी कहासुनी के बाद एक युवक ने साथी के सीने में कैंची से वार कर घायल कर दिया। घायल युवक का एसएमएस अस्पताल में उपचार जारी है। युवक की अपने पार्टनर से हिसाब-किताब को लेकर कहासुनी हुई थी।

पुलिस ने बताया कि संजय कॉलोनी जयसिंहपुरा खोर निवासी आरिफ (36) पर जानलेवा हमला हुआ है। वह परिवार के साथ यहां रहकर कपड़े रंगाई का काम करता है। इसमें पड़ोसी उस्मान उर्फ लाखन उसका पार्टनर है। हॉस्पिटल में भर्ती आरिफ ने पुलिस को पर्चा बयान में बताया कि 26 जुलाई को वह उस्मान उर्फ लाखन के पास हिसाब करने गया था। हिसाब के समय उसका जीजा इमरान और लाखन का भांजा सद्दाम व साकिर खान मौजूद थे।

हिसाब करते समय आरोपी उस्मान उर्फ लाखन से कहासुनी हो गई। बाद में हिसाब करने की कहकर आरोप उस्मान ने वहां से जाने की कहा। हिसाब तो बाद में भी करना पड़ेगा कहने पर उस्मान गुस्से से आग बबूला हो गया। उसने पास ही रखी बड़ी लोहे की कैंची उठाकर आरिफ पर हमला कर दिया। आरोपी उस्मान ने आरिफ के सीने में कैंची घोंपकर लहूलुहान कर दिया। वहां मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर उसकी जान बचाई। मेडिकल सूचना पर जयसिंहपुरा खोर थाना पुलिस मौके पर हॉस्पिटल पहुंची।

उधर, दौलतपुरा इलाके में कार सवार बदमाशों ने एक ऑफिस में घुसकर तोड़फोड़ की। बदमाश लाठी-सरियों से लैस होकर आए थे। बदमाशों ने कार्यालय में मौजूद कर्मचारी से भी जमकर मारपीट की। घटना ऑफिस में लगे सीसीटीवी फुटेज कैद हो गई।

हेड कांस्टेबल राजेश कुमार ने बताया कि हनुमानपुरा दौलतपुरा निवासी आनंद सिंह (35) ने मामला दर्ज करवाया कि भगवान नगर में उनका जेवी इस्टरट्री के नाम से सीएनसी कटिंग का ऑफिस है। बुधवार शाम उनके ऑफिस में वर्कर देवराज गुर्जर बैठा था। इसी दौरान 3-4 कार आकर ऑफिस के पास रुकी। कार में बैठे करीब 20 लोग उतरकर ऑफिस में पहुंचे। डंडे-सरिए से लैस हमलावरों ने ऑफिस में घुसते ही वर्कर देवराज गुर्जर से मारपीट की।

उसके बाद ऑफिस में रखे सामान में डंडे-सरिए से तोड़फोड़ की। जिसके बाद हमलवार कार में बैठकर फरार हो गए। पीड़ित का कहना है कि फुटेज के आधार पर हमलावर करने वाले मोहन सिंह और भवानी सिंह को वह पहचानता है। पुलिस फुटेज के आधार पर हमलावरों की तलाश कर रही है।

# हिस्ट्रीशीटर नकबजन पुलिस के हत्थे चढ़ा

**जयपुर।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने चित्रकूट इलाके में हुई नकबजनी की वारदात का खुलासा करते हुए शातिर नकबजन प्रवीण कुमार उर्फ मोन्टू को गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस ने गिरफ्तार आरोपित के कब्जे से नकबजनी का लगभग 12 तोला सोने की ज्वेलरी, चांदी लगभग 450 ग्राम के ज्वेलरी, आर्टिफिशियल की ज्वेलरी का अन्य सामान, दुपहिया वाहन एवं नकबजनी की वारदात में प्रयुक्त नकब बरामद किया है।

गिरफ्तार आरोपित पुलिस थाना अलवर गेट जिला अजमेर का सक्रिय हिस्ट्रीशीटर अपराधी है। गिरफ्तार आरोपित से नकबजनी में लगभग 10 लाख का चोरी का सामान बरामद किया है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि चित्रकूट इलाके में हुई नकबजनी की वारदात का खुलासा करते हुए शातिर नकबजन प्रवीण कुमार उर्फ मोन्टू (40) निवासी अलवर गेट जिला अजमेर हाल फागी जिला जयपुर किया है। गिरफ्तार आरोपित प्रवीण कुमार उर्फ मोन्टू नकबजनी की वारदात एवं नशा करने का आदि है।

आरोपित सूने मकानों की रेकी करके अकेला ही वारदात करता है, पुलिस थाना अलवर गेट जिला अजमेर का हिस्ट्रीशीटर है। जिसके विरुद्ध लगभग 23 प्रकरण चोरी, नकबजनी एवं मारपीट के प्रकरण दर्ज है। गिरफ्तार आरोपित से पूछताछ में और भी वारदातें खुलने की संभावना है।

# भू-जल प्रबंध प्राधिकरण बिल सिलेक्ट कमेटी को भेजा गया

■ **राजस्थान में ट्यूबवेल खोदने पर रोक वाले बिल पर सरकार ने सदन में यू-टर्न लिया**

**जयपुर** (विसं)। राजस्थान में ट्यूबवेल खुदाई पर रोक वाले बिल पर राज्य सरकार ने विधानसभा में यू-टर्न लेते हुए इसे विधानसभा की सिलेक्ट कमेटी को भेजने का फैसला किया है।

दरअसल भू-जल प्रबंध प्राधिकरण बिल को गुरुवार को विधानसभा में पारित करवाना था, लेकिन बिल पर बहस जैसे ही आगे बढ़ी तो बीजेपी विधायकों ने इसके प्रावधानों पर सवाल उठा दिए। बहस पूरी होने से पहले ही सरकार ने इसे सिलेक्ट कमेटी को भेजने का प्रस्ताव रखा, जिसके बाद स्पीकर ने इसे विचार के लिए कमेटी को भेज दिया है।

दरअसल, बीजेपी के ही विधायकों ने ही इसके प्रावधानों पर सवाल उठाए थे। वहीं, डोटासरा ने कहा कि "सौ जूते और सौ प्याज" एक साथ खाने की जरूरत कहां थी, जब तैयारी नहीं थी तो बिल लेकर आने की जरूरत कहां थी। अब इस बिल पर विधानसभा की सिलेक्ट कमेटी विचार करेगी। सिलेक्ट कमेटी इसके विवादित प्रावधानों को बदलकर अपनी सिफारिशों के साथ रिपोर्ट देगी। सिलेक्ट कमेटी इस पर जितना चाहे उतना समय लगा सकती है। बिल को सिलेक्ट कमेटी को भेजने से अब भूजल प्रबंध प्राधिकरण को ठंडे बस्ते में डालने से जोड़कर देखा जा रहा है। अब तक विधानसभा की सिलेक्ट कमेटी में भेजे गए ज्यादातर बिल वापस आना मुश्किल ही होता है। पहले भी जमीनी पानी के रेगुलेशन के लिए प्राधिकरण बनाने के प्रयास हुए थे, लेकिन यह धरातल पर नहीं आ पाया था।

ज्ञात रहे कि भूजल प्रबंध प्राधिकरण बनाकर जमीन से पानी के दोहन पर रोक लगाने के कई प्रावधान किए जा रहे थे। भूजल प्रबंधन प्राधिकरण से एनओसी लिए बिना टयूबवेल खोदने पर रोक लगाने का प्रावधान था।

निजी इंडस्ट्रीज और घरेलू टयूबवेल खुदाई पर भी रोक का प्रावधान था। जमीन से पानी निकालने पर कई तरह की राशनिंग करते हुए बहुत सी पाबंदियों के प्रावधान थे। उद्योगों के लिए जमीन से पानी निकालने पर टैक्स लेने और उनमें टेली मीट्रिक डिजिटल वाटर मीटर लगाए जाने का प्रावधान था।

भूजल प्रबंध प्राधिकरण बनने के बाद जमीन से पानी निकालने के लिए एनओसी लेने का प्रावधान था। बिना प्राधिकरण की एनओसी के टयूबवेल खोदने पर जुर्माने का प्रावधान किया था। पहले डार्क जोन में टयूबवेल पर रोक थी, पीएचईडी के अलावा कोई ट्यूबवेल नहीं खोद सकता था। गहलोत सरकार ने किसानों और निजी प्रयोग के लिए टयूबवेल पर लगी रोक और एनओसी के प्रावधान को खत्म कर दिया था।

# होटल ग्रैंड उनियारा में अवधि पार खाद्य सामग्री नष्ट कराई

**जयपुर** (कासं)। प्रदेश में मिलावट के खिलाफ अभियान के तहत गुरूवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने जेएलएन मार्ग पर त्रिमूर्ति सर्किल स्थित होटल ग्रैंड उनियारा में निरीक्षण के दौरान कई अनियमितताएं मिलने पर अवधिपार खाद्य सामग्री नष्ट कराई।

अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने बताया कि होटल के किचन और स्टोर में निरीक्षण करने पर अनेक अनियमितताएं मिलीं। फ्रिज में गंदगी के साथ ही तेज बदबू आ रही थी। पत्ता गोभी, मशरूम सहित अन्य सब्जियां खराब पाई गईं। चावल चार दिन पहले ही बना कर रखे हुए थे। उन्हें ग्राहकों को परोसे जाने की तैयारी थी। बहुत पुराना मांस पका कर फ्रीज़ में रखा हुआ था। मांस पर फफूंद जमी हुई थी जिसे काम में लिया जा रहा था। खराब ड्राई फ्रूट के साथ ही मल्टी ग्रेन आटा, मंगोड़ी, शर्बत व सॉस सहित काफी सारी खाद्य सामग्री अवधिपार पाई गई।

खाद्य विभाग की टीम ने इन्हें मौके पर ही नष्ट करवाया। वहीं जंग लगी हुई अलमारियों में फ़ूड लाइसेंस की शर्तों के विपरीत खाद्य सामग्री स्टोर की हुई मिली। स्टोर में भयंकर गंदगी मिली। खराब मशरूम प्याज, पत्ता गोभी, पोदीना, फूल गोभी आदि मिले, जिनको नष्ट करवा दिया गया। मौके पर बहुत से खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए गए हैं और जांच के लिए भेजे गए हैं। निरीक्षण करने वाली टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी नरेश, रतन गोदारा व अवधेश गुप्ता शामिल रहे।

## सार-समाचार

### आरटीडीसी की बंद इकाइयों को फिर से शुरू करने के प्रयास : मंजू बाघमार

**जयपुर,** (वि.सं.)। विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान विधायक महेंद्र पाल मीणा के प्रश्न पर सार्वजनिक निर्माण राज्यमंत्री डॉ. मंजू बाघमार ने गुरुवार को विधानसभा में कहा कि सरकार द्वारा राजस्थान पर्यटन विकास निगम की बंद पड़ी इकाइयों को दुबारा शुरू करने के लिए पुराने नियमों में संशोधन किया जाएगा। डॉ. बाघमार ने कहा कि वर्तमान में लागू वर्ष 1997 के नियमों के तहत इन इकाइयों को ऑपरेशन्स एण्ड मेंटेनेंस के आधार पर संचालित करने का प्रावधान नहीं है। राज्य सरकार द्वारा इन नियमों में परिवर्तन करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। उन्होंने कहा कि जमवारामगढ़ में झील टूरिस्ट विलेज, रामगढ़ को फिर से शुरू करने के प्रयास किये जा रहे हैं। रामगढ़ बांध सूखने के कारण यह निरंतर घाटे में चल रहा था। वर्ष 2017 में आरटीडीसी द्वारा इसका संचालन बंद कर दिया गया।

### पेड़ काटने वाले निलंबित होंगे : दिलावर

**जयपुर,** (वि.सं.)। विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान विधायक इन्द्रा के प्रश्न पर पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि पंचायत समिति बामनवास परिसर के पेड़ों को बिना प्रशासन की अनुमति के काटने के जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निलंबित किया जाएगा। दिलावर ने पंचायत समिति बामनवास की कुछ ग्राम पंचायतों द्वारा विभिन्न मदों में स्वीकृत कार्यों में अनियमितता की शिकायतों की भी एक महीने में जांच कर नियमानुसार कार्रवाई के लिए आश्वस्त किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि बामनवास पंचायत समिति परिसर में पेड़ काटने की अनुमति मांगी गई थी लेकिन अनुमति नहीं मिलने के बावजूद पेड़ों को काट दिया गया। उन्होंने बताया कि चुरैल के नौ पेड़ काटे गए, सिरस के सात, नीम के तीन, अरडू के दो तथा शीशम के एक पेड़ को बिना अनुमति के काटा गया है।

### 'समान नागरिक संहिता बनाएगी सरकार'

**जयपुर,** (वि.सं.)। विधानसभा में यूसीसी को लेकर विधायक कालीचरण सराफ के सवाल पर कानून मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि भजनलाल सरकार उत्तराखंड की तर्ज पर राजस्थान में यूनिफॉर्म सिविल कोड यानी समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने के लिए बिल लाएगी। पटेल ने कहा कि राज्य सरकार इस विषय में विचार कर रही है। सभी पहलुओं पर विचार करके सरकार की तरफ से उचित समय पर बिल लाया जाएगा। हालांकि, सरकार ने बिल लाने और यूसीसी लागू करने की समय सीमा के बारे में नहीं बताया है। उत्तराखंड यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने वाला देश का पहला राज्य है।



## Child Vision Awareness Month


Every August, *Child Vision Awareness Month* reminds us of the importance of healthy eyes for our children. It highlights the importance of regular eye exams and early detection of vision problems. Our children's bright future depends on clear eyesight, and this month is dedicated to making sure that all kids can see their best. Children's vision issues often go unnoticed, making early screenings crucial. Catching problems early can prevent serious issues from impacting learning and development. *Child Vision Awareness Month* serves as a reminder to check in on our kids' eye health and ensure that they see the world clearly.



#HEALTH

# Top Antioxidant-Rich Foods to Include in Your Diet Regularly

For optimal health, choose these Antioxidant-Rich Foods!






Shreya Prasad

Ever wondered what the buzz about 'antioxidant foods' is all about? Sure, you've heard they're great for your heart and skin, but what do they actually do? Let me share a story to illustrate their power. I remember meeting a woman, let's call her Jane, at a local health seminar. Jane was in her mid-forties, full of life, and passionate about staying healthy. She shared with me how she used to struggle with her energy levels and skin issues. Despite trying various diets and supplements, nothing seemed to work. That was until she discovered the magic of antioxidant-rich foods. Jane started incorporating these foods into her daily meals, and within months, she noticed a significant change. Her skin glowed, her energy levels soared, and she felt healthier than ever. Here are some of the antioxidant-packed foods that transformed Jane's life.

### Dark Chocolate

Good news for chocolate lovers! *Dark chocolate* is not only delicious but also incredibly nutritious. Packed with cocoa, essential minerals, and antioxidants, it ranks among the top foods for antioxidant content. The cocoa flavanols in dark chocolate protect your skin from sun damage and have anti-inflammatory properties that help manage blood pressure and reduce heart disease risk. Just make sure to choose dark chocolate with at least 70% cocoa.

### Blueberries

These tiny berries are a powerhouse of antioxidants and vitamin C, all while being low in calories. Research shows that *blueberries* have the highest antioxidant levels among fruits and vegetables. They boost brain function, lower blood pressure, and reduce cholesterol levels. The anthocyanins in blueberries might also help reduce the risk of heart disease.

### Strawberries

*Strawberries* are not only sweet and delicious but also packed with antioxidants, minerals, and vitamins. They contain anthocyanins, which protect your heart by lowering bad cholesterol and raising good cholesterol levels. Plus, strawberries help guard healthy cells against various cancers.

### Spinach

This leafy green is loaded with vitamins, minerals, antioxidants, iron, and fiber. *Spinach* contains zeaxanthin and lutein, two crucial antioxidants for eye health and managing age-related macular degeneration.

### Red Cabbage

Often called purple cabbage, this vegetable is rich in antioxidants and vitamins A, C, and K. It boosts the immune system and supports healthy, radiant skin. *Red cabbage* is high in anthocyanins, offering anti-inflammatory and anti-cancer benefits, aiding in weight loss, and preventing heart disease.

### Tomatoes

*Tomatoes* are a kitchen staple and are packed with antioxidants and vitamins A and C. When cooked, they provide a good amount of lycopene, a compound that reduces heart attack risk and enhances skin health.

### Kale

This highly nutritious vegetable is rich in vitamins, antioxidants, and calcium. *Red kale*, in particular, offers even more significant benefits for bone health than regular kale.

### Green Tea

*Green tea* is famous for weight loss, but its high antioxidant content offers much more. Rich in catechins, green tea helps prevent cell damage and protects against oxidative damage that can lead to cancer.

### Beets

*Beets* are root vegetables, rich in antioxidants called betalains, which might help prevent colon cancer and alleviate digestive issues. Beets also provide dietary fiber, iron, folate, and potassium, reducing inflammation.

### Pecans

*Pecans* are a fantastic source of minerals, fiber, and antioxidants. Eating raw pecans boosts antioxidant levels in the bloodstream, helping to reduce oxidized LDL cholesterol. Jane's story is a testament to the power of antioxidants. By incorporating these foods into your diet, you can enhance your health, protect against chronic diseases, and enjoy a vibrant life. So, why not give it a try? Your body will thank you!






# Haryana Takes The Pistols! Maharashtra The Rifles !!...

"When Swapnil came to us in junior camp in 2013, he was chosen due to 10m air rifle but he would often spend his time in 50m 3p events and range. He found the .22 rifle recoil in 50m 3p events as fascinating. His prone position was strong as his body posture and fitness helped him in a balanced posture, a rarity in young athletes. In one of his early nationals, we had him enrolled in the junior 50m 3p event. He shot scores around 1167-1168 and would have gone to the senior final, had we listed him in the senior event. But then, he surprised us with that score in his first 3p nationals," remembers coach Deepali Deshpande.



Anjali Sharma
*Senior Journalist & Wildlife Enthusiast*

Indian shooter Swapnil Kusale won the bronze medal in the men's 50m rifle 3 positions final at the Paris 2024 Olympics shooting competition on Thursday. This was India's first-ever Olympic shooting medal in the 50m 3P and the third medal in rifle shooting after Abhinav Bindra's gold in men's 10m air rifle at Beijing 2008 and Gagan Narang's bronze in the same event at London 2012.

"I have a lot of emotions right now," Kusale said. "This medal means a lot. It is not a gold, but I am pleased I got a medal. To get an Olympic medal is a dream."

Shooting at the National Shooting Center in Châteauroux, Kusale was sixth after the first 15 shots in kneeling positions with 153.3, two off Norwegian shooter Jon-Hermann, who led the field at the point.

However, some consistent shooting in the three series in prone position and two series in standing positions, saw the 28-year-old Indian shooter climb up to third at the end of stage 1, following which the bottom two shooters were eliminated.

With one elimination after every single shot in stage 2 after that, Kusale shot 10.5, 9.4 and 9.9 with his next three shots, to hold his position in the top three and confirmed a medal.

However, a 10.0 with the next shot wasn't enough to keep him in contention for the gold. The People's Republic of China's Liu Yukun, the world record holder in the event, won the gold medal with 463.6 while Ukraine's Serhiy Kulish (461.3) picked up his second Olympic silver, to add to his earlier one from Rio 2016. Kusale tallied 451.4.

Kusale had earlier made the eight-man final on Wednesday by finishing seventh in the qualifiers with a total of 590. Fellow Indian shooter Aishwary Pratap Singh Tomar had missed the cut after finishing eighth.

India has now won three medals at the Paris 2024 Olympics so far, and all of them have come in shooting.

Notably, this was India's first-ever Olympic shooting medal in this category. So far, India has won three medals in rifle shooting. The first one was won by Abhinav Bindra, who clinched the gold medal in men's 10m air rifle at Beijing 2008, and the second was Gagan Narang's bronze in the same event at the London Olympics 2012.

Hours after Swapnil Kusale's bronze-winning performance in the Olympics shooting event, Prime Minister Narendra Modi applauded the Indian shooter at the Olympics for his 'exceptional' performance. He also noted that Kusale is the first Indian athlete to win a medal in the category.

Modi posted on X, "Exceptional performance by Swapnil Kusale! Congrats to him for winning the Bronze medal in the Men's 50m Rifle 3 Positions at the Paris Olympics 2024. His performance is special because he's shown great resilience and skills. He is also the first Indian athlete to win a medal in this category. Every Indian is filled with happiness."

#OLYMPICS

## Swapnil Kusale From Pune


Swapnil Kusale took up shooting at the age of 14, when he enrolled in a residential school with the help of the Maharashtra government.

Swapnil Kusale was selected to be part of a Maharashtra government sports scheme at a very young age, when he was merely 14 years of age. He chose shooting as his preferred sport. On Thursday, the 28-year-old from Kolhapur, won a bronze medal in Olympics.

His father, 57-year-old Suresh, still remembers the day when his elder son, Swapnil shifted to a residential school at the age of ten.

"Right from the age of ten years, Swapnil has stayed in government residential schools and later training in Pune as well working as TTE with The Indian Railways in Pune. He rarely gets time to visit us at the village but whenever he comes, he makes sure to bring something for all of us. To see him coming home with an Olympics medal, this time, will be indeed a special moment for all of us and we would make him stay longer at the village, this time. The village kids and elders should also see his Olympic medal," said Kusale Senior.

With the village, famous for organic farming, as well an being an alcohol-free village, most of the kids at the village have been sent to residential schools nearby. Kusale, too, was sent to the Bhogawati School in Parite, Kolhapur, before he was selected for the Maharashtra's *Krida Prabodhini* scheme, at the age of



14. It meant that the youngster was initiated in shooting at first under the government scheme. "Our village is famous for a drug-free ban, apart from practising organic farming. The young Swapnil would never miss his morning run and was very fit at a young age. When he joined the residential school and later, the Krida Prabodhini scheme, he wanted to make a name in sports. When the coaches decided to put him through training for shooting, he would draw us the targets and show how it's done, whenever he visited home," says mother, Anita, who is now the *sarpanch* of the village. Four years after he started shooting, Swapnil won the title in the 50m rifle prone event in Asian Championships in 2015, before he won the national title in the same discipline, edging out London Olympics bronze medallists, Gagan Narang and Chain Singh, in the final. His interest in the 50m 3P event started in the fag end of his junior days. In 2015, the Maharashtra shooter joined Indian Railways as a Ticket Collector, something which helped him also get his first own rifle.

"Swapnil and other shooters would shoot with a common rifle, initially, before he was allotted a rifle by the Maharashtra Government. When he joined the Indian Railways in 2015, he saved his first six month's salary to get his first rifle, costing more than Rs. 3 lakhs. Later, in 2017, when he finished with a bronze in the Commonwealth Championships, I asked him, how much did Gagan Narang's gun cost. He told me that it cost Rs. 9 lakhs. Along with some of my savings and his salary, we got him a new rifle costing more than eight lakhs. He also understood that while rifles can cost a lot, it's up to him to shoot well," says Kusale Senior.

Three Junior World Cup appearances and a bronze in prone event in Asian Championships till 2018 would mean that Kusale would be in the Indian teams but it was not till the ISSF World Cup at Cairo in 2022, that the Indian shooter would come into limelight. Although, he missed the medal due to the final shot of 8.2, he bagged the Paris quota for India with a fourth place finish. His coach, Deepali Deshpande, said that he would spend his time in 50m 3p events, though it wasn't his category. "When Swapnil came to us in junior camp in 2013, he was chosen due to 10m air rifle but he would often spend his time in 50m 3p events and range. He found the .22 rifle recoil in 50m 3p events as fascinating. His prone position was strong as his body posture and fitness helped him in a balanced posture, a rarity in young athletes. In one of his early nationals, we had him enrolled in the junior 50m 3p event. He shot scores around 1167-1168 and would have gone to the senior final, had we listed him in the senior event. But then, he surprised us with that score in his first 3p nationals," remembers coach Deepali Deshpande.

While the lactose intolerance means that Swapnil can't have milk products, mother Anita knows what her son will ask for when he returns home with the medal. "The first thing he likes to have is *bhakri* and *methi sabzi*. He can have it three times a day, and that's what he would ask us on his return, to celebrate the medal," says the mother.

rajeshsharma1049@gmail.com



The young Swapnil Kusale, during the 2015 Nationals.

### Exceptional Performance by Swapnil Kusale!

"Congrats to him for winning the Bronze medal in the Men's 50m Rifle 3 Positions at the #ParisOlympics2024. His performance is special because he's shown great resilience and skills. He is also the first Indian athlete to win a medal in this category. Every Indian is filled with happiness."
**-Narendra Modi**

"Many congratulations to Swapnil Kusale on winning the bronze medal for India in men's 50m rifle shooting event in #Paris2024 #Olympics Your precision, focus, and determination have earned you a place on the podium and in our hearts. India is proud of your outstanding achievement! May this medal be just the beginning of your success story. Keep shining!"
**-Mallikarjun Kharge**

"Swapnil Kusale, India shooters have made us proud."
**-Former Olympian, Abhishek Verma**

"Every Indian is filled with happiness."
**-Abhinav Bindra**

"OLYMPIC BRONZE MEDALIST SWAPNIL KUSALE. What an incredible performance. Consistent from start to end bringing us our 3rd Bronze Medal in shooting and at @paris2024."
**-Team India**



India's Swapnil Kusale competes in the 50m rifle 3 positions.



Having started his shooting journey in his early teens, Kusale clinched a Paris Olympics Bronze medal on Thursday.

#OFFICE-LIFE

# There are 5 personality types at work. Here's how to manage them!

Every person you interact with at work will have their own unique quirks and preferences. How do you navigate that?

Whatever your career, we're sure you'll agree that your workplace is filled with some real characters. Some of those co-workers will be... interesting! Others will be a dream to work with. There might be some who are so wonderful that they become proper friends. And a few who baffle and befuddle you.

The key to being able to get on with your work is learning how to navigate all these personalities, acknowledge that everyone is different and tailor your approach accordingly. Part of this is understanding colleagues' communication and performance styles.



### The Five Workplace Personas

- **The detective:** The most common persona in UK workplaces, these *Sherlocks*, are naturally curious, like to figure things out on their own and value access to information.
- **The networker:** Tending to be extroverts, you'll find networkers building connections, chatting by the coffee machine, and generally working the room.
- **The road warrior:** These workers value flexibility above all. Virtuosos of schedule management, whether travelling for business or picking up the kids, they make sure that work stays right on track.
- **The problem solver:** Whatever the challenge, these folks have the right tools and tech for the job. From using AI to catch up on messages to fixing your spreadsheet formula, they're a workplace Swiss Army Knife.
- **The expressionist:** This group always has the perfect GIF at the ready, is comfortable communicating by memes and peppers emojis into every message. They bring fun, cohesion and flair to the workplace.

Do you recognise yourself in any of the above types? Or any of your colleagues? Getting to understand which type, that you and everyone around you slot into, is a good first step to better communication and collaboration at work. Once you've done that, you can follow the below steps.

### Share your Ways of Working

Once you've identified your own workplace persona, share it and encourage your co-workers to compare. It might be that you're a detective, so, let people know they should give you as much information as possible. Or maybe you're working with a problem solver, so, you need to find some challenges for them to get stuck into. The more you understand one another, the better work will become. Try setting up a lunch to talk about which persona you are, or create a personal operating manual and share it with your team in slack so that they know how best to work with you.

### Align Work with your Strengths

Once you know how you work best, you can adapt the way you do certain tasks, to better fit your style. Everyone has strengths and weaknesses in the workplace. Thinking about your persona can help you maximise the former and minimise the latter. If you're an expressionist, where can you get stuck into more creative projects? If you're a networker, but find yourself bogged down with admin, could you automate tasks, such as building an agenda or pulling together a report, to free up time for connecting with people?



### Balance your Team

If you're starting a new project, be mindful of the balance of different work personas assigned, to collaborate on it. You wouldn't want a team made up only of expressionists, for example, unless your project is just having a really great chat. Equally, while putting only problem-solvers in a room together, might sound like a good idea at first, but you might find they clash.


Instead, aim for a good mix of types. A problem-solver and an expressionist might be great at getting stuck in and working creatively, but they'll need a networker to then communicate their findings across wider business. Think about each person's individual strengths and weaknesses so that you can assemble the best team possible.



### Remember: There's no 'right' or 'wrong' persona

It's easy at work to think that someone else is doing it the 'wrong' way, while you've got it 'right.' Detectives might think networkers are too chatty, while problem-solvers see expressionists as oversharers, for example. You need to break free of those assumptions and be mindful that everyone approaches things in their own way. While rules and processes are important, how you communicate, the information you share and the ways you progress work will all be a little different. Understanding how we work, and how others work, is a crucial part of doing a good job, but it isn't always easy. Hopefully, these personas and tips give you a place to start learning more about your own preferences as well as those of your teammates. If we all get a little better at sharing our ways of working and learning from others, we'll soon find that our workplaces are more productive, happier and collaborative than ever.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# मध्यप्रदेश की अन्तर्राज्यीय पारदी गैंग के चार आरोपी गिरफ्तार

## कपासन में दो न्यायिक मजिस्ट्रेट के आवास पर दिनदहाड़े हुई चोरी की वारदातों का खुलासा कर चोरी का माल बरामद किया

**कपासन, (निसं)।** चित्तौड़गढ़ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई कर मध्यप्रदेश की अन्तर्राज्यीय पारदी गैंग के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कपासन में दो न्यायिक मजिस्ट्रेट के आवास पर दिनदहाड़े हुई 26 तोला सोने व 250 ग्राम चांदी के जेवरात व अन्य कीमती सामान की नकबजनी की वारदातों का खुलासा कर चोरी का माल बरामद किया।

जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी द्वारा जिले में हुई नकबजनी व चोरियों के विरूद्ध कार्यवाही एवं आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जिले के समस्त पुलिस अधिकारीयों को निर्देशित किया गया। इसी क्रम में परबतसिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय चित्तौड़गढ़ एवं अनिल सारण पुलिस उप अधीक्षक वृत कपासन जिला चित्तौड़गढ़ के सुपरविजन में रतन सिंह पुलिस निरिक्षक थानाधिकारी थाना कपासन व साईबर सैल टीम की संयुक्त टीम गठीत की गई।

जानकारी के अनुसार 20 जुलाई को प्रार्थी महेन्द्र पिता प्रेमाराम सोलंकी निवासी श्रीनाथ कॉलोनी भुवाना जिला उदयपुर हाल अपर जिला एवं सेषन न्यायाधीश कपासन ने एक लिखित रिपोर्ट दी, कि मैं अपने सरकारी आवास जो कि न्यायालय के पास स्थित है, जिसमें निवासरत हुं। मैं न्यायालय में उपस्थित था तथा दिन में करीब डेढ बजे लंच करने के लिए आवास पर पहुंचा तो देखा कि घर के ताले टूटे हुए हैं व आवास के पिछे खिड़कियों के वेंटीलेशन काटकर अन्दर घुसकर मेरे कमरों की आलमारियों के ताले टूटे है। आलमारियों में रखे सोने व चांदी के जेवरात व नगदी चोरी हो गये।


कपासन में पुलिस ने चोरी की वारदातों का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया।

उसी दिन प्रार्थिया निष्ठा पांडे आत्मज उंमाशकर पांडे निवासी मकरोनीया मुहाल जिला सागर मध्यप्रदेश हाल वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कपासन के आवास में भी उसी समय आवास का पीछे से पीछे वाले गेट का ताला तोड़ अज्ञात चोर अन्दर घुस कमरों का व आलमारियों के ताले तोड आलमारी में रखे सोने के आभुषण, चांदी के सिक्के व ब्राण्डेड कम्पनी की 40 हजार रूपये कीमत की 2 घड़िया व नगदी अज्ञात चोर चुराकर ले गये। दोनों रिपोर्ट पर पुलिस थाना कपासन पर प्रकरण दर्ज हो जांच शुरू की गई।

पुलिस टीम ने घटना के आसपास के सभी सीसीटीवी कैमरे की रिकार्डिंग प्राप्त कर घटना का रूटमैप तैयार किया। तकनिकी साक्ष्य एवं सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तलाश करते हुए रूट में आने वाले टोल प्लाजा वगैरा के करीब 200 जगह के सीसीटीवी फुटेज प्राप्त कर तकनिकी डाटा का विश्लेषण कर आरोपियों को नामजद कर उनके बारे में सूचना प्राप्त की, तो उक्त आरोपी आले दर्जे के नकबजन एवं अपराधी होने से टीम ने उनके संदिग्ध ठिकानों पर जगह-जगह दबीश दी। आरोपियों को मध्यप्रदेश के भोपाल, सिहोर व राजगढ़ जिले के अलग-अलग स्थानों से डिटेन कर पूछताछ की जाकर गिरफ्तार किया। आरोपियों द्वारा नकबजनी, लूट एवं डकैती जैसे जघन्य अपराध करना कबूल किया। उक्त आरोपी वारदात करने के बाद अपने ठिकाने बदल लेते हैं और कहीं पर भी सुरक्षित जगह पर झुग्गी लगाकर रहने लग जाते हैं, जिस कारण उनको पकड़ना बडा मुश्किल था पर गठीत टीम ने लगातार उनके ठीकानों का पता लगा उन ठिकानों पर दबिश देकर गिरफ्तार किये।

आरोपियों से कपासन में न्यायिक मजिस्ट्रेट के आवासों से चोरी किया गया माल 20 तोला सोना व 250 ग्राम चांदी के जैवरात व कीमती ब्राण्डेड घड़िया बरामद कर ली है, जिनकी कीमत 17 लाख से अधिक है। चोरी के शेष माल की बरामदगी के प्रयास किये जा रहें है। वहीं आरोपियों द्वारा नकबजनी की वारदात के समय प्रयुक्त की गई कार को भी जब्त किया गया हैं। आरोपियों को गुरूवार को न्यायालय में पेष कर चार दिन का पुलिस रिमाण्ड लिया गया हैं। गिरफ्तार आरोपियों में सचिन पिता साईसिंह पारदी, पपुन पिता सहीसराज पारदी, रूपनारायण पिता सज्जन सिंह पारदी, रामबाबु पिता अमरलाल पारदी है।

# चौमूं उपखण्ड मे बारिश होने से सड़कें दरिया बनी

## चौमूं शहर में उपखण्ड कार्यालय के बाहर व पुलिस थाने के अन्दर बारिश का पानी भर गया


कालाडेरा-विमलपुरा सड़क के ऊपर से पानी गुजरने के कारण सड़क पर कटाव लग गया।

**चौमूं/कालाडेरा, (निसं)।** चौमूं उपखण्ड में लगातार कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी और उमस के बीच रविवार रात्रि से हो रही तेज बारिश के चलते लोगों को राहत मिली। तेज बारिश के कारण चौमूं शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों के निचले हिस्सों में पानी भरने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

चौमूं शहर में उपखण्ड कार्यालय के बाहर व चौमूं पुलिस थाने के अन्दर बारिश का पानी भर गया। साथ ही उपखण्ड के ग्रामीण क्षेत्रों में पानी भरने के कारण सड़कें दरिया बन गई। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में गुरुवार अल सुबह तेज बारिश के चलते कई वर्षों से अतिक्रमण के भेंट चढ़ चूके नदी नालों में पानी की तेज आवक देखने को मिली। वहीं बारिश के कारण गुरुवार को उपखण्ड की कई स्कूलों की छुट्टी कर

- कालाडेरा के नदी क्षेत्र से गुजरने वाली सड़क बारिश के तेज पानी से कटाव लगने से क्षतिग्रस्त हुई

दी। उपखण्ड के ग्राम कालाडेरा में लगभग 15 वर्ष बाद नदी नालों में बारिश का तेज पानी देखा गया। कालाडेरा से विमलपुरा को जोड़ने वाली सड़क लगभग 6 महिने पहले बनीं थी जो मानसून की पहली बारिश में जगह-जगह से कटाव लगने के कारण टूट गई। तेज बारिश के कारण कस्बे व कस्बे के आसपास के गांवों का तेज बारिश का पानी आने के कारण कालाडेरा-विमलपुरा रोड पर पानी की पर्याप्त निकासी नहीं होने के कारण सड़क के ऊपर से पानी गुजरने के कारण लगभग 50 मीटर सड़क पर कटाव लगने के कारण सड़क टूटकर गिर गई। जिस समय सड़क के ऊपर से बारिश का पानी गुजर रहा था तो ऐसा लग रहा था कि कोई झरना बह रहा हो। इसी दौरान पास से गुजर रही दूध की गाड़ी पानी भरा होने के कारण सड़क के खड्डे में गिर गई जिसको पास ही गुजरने वाले लोगों ने गाड़ी को रस्सों की सहायता से पेड़ से बांधकर गाड़ी को पलटने से बचाया इसके बाद क्रेन मंगवाकर गाड़ी को खड़े से निकाला।

वहीं चौमूं के पूर्व विधायक रामलाल शर्मा के द्वारा चौमूं शहर के साथ ही ग्रामीणों क्षेत्रों का गुरुवार सुबह ही दौरा कर निचले हिस्सों में भरे पानी की निकासी को लेकर उपखण्ड अधिकारी व आपदा प्रबंधन के अधिकारियों से बात कर पानी निकासी की समुचित व्यवस्था करने की बात कही।

# राजस्थान साहित्य अकादमी ने अजमेर लेखिका मंच का सम्मान किया

## कार्यक्रम में राज्य के सभी क्षेत्रों से शामिल साहित्यकारों की सहभागिता रही



समारोह में राज्य की साहित्यिक प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

**अजमेर।** राजस्थान साहित्य अकादमी उदयपुर द्वारा आयोजित समारोह में अजमेर लेखिका मंच की लेखिकाओं द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिन्दी का प्रचार-प्रसार व लेखन द्वारा भाषा को समृद्ध करने के प्रयास व योगदान हेतु राज्य की साहित्यिक प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

- अजमेर से डॉ. मधु खण्डेलवाल, डॉ. नन्दिता रवि चौहान, पुष्पा क्षेत्रपाल, पायल गुप्ता, डॉ. सुनीता पचौरी, दीपशिखा, सुनीता जैन को सम्मानित किया

अजमेर से डॉ. मधु खण्डेलवाल, डॉ. नन्दिता रवि चौहान, पुष्पा क्षेत्रपाल, पायल गुप्ता, डॉ. सुनीता पचौरी, दीपशिखा क्षेत्रपाल, सुनीता जैन को समारोह में शाल व स्मृति चिह्न से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राज्य के सभी क्षेत्रों से शामिल साहित्यकारों की सहभागिता रही। राजस्थान साहित्य अकादमी के अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में लेखिकाओं की रचनात्मकता और साहित्य में उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि अजमेर लेखिका मंच ने साहित्यिक समाज में महत्वपूर्ण स्थान बनाया है और उनके प्रयास सराहनीय हैं। प्रेमचंद जयंती के अवसर पर सभी साहित्यकारों ने संगोष्ठी में अपनी सहभागिता दी।

इस अवसर पर मंच की संयोजिका डॉ. मधु खंडेलवाल ने अकादमी का आभार व्यक्त किया। प्रमुख सदस्यों को उनके साहित्यिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रेमचंद की साहित्यिक जीवन व दर्शन पर प्रकाश डाला गया। इसके अंतर्गत कहानी वाचन और साहित्यिक चर्चाएं भी शामिल रही। समारोह में राज्य की साहित्य और संस्कृति को बढ़ावा देते हुए नवोदित लेखिकाओं को प्रोत्साहित और प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देव कोठारी और वक्ता की भूमिका में ललित श्रीमाली और तराना परवीन रहे। अकादमी पुस्तकालय भवन में हुए इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कृष्ण कुमार शर्मा द्वारा की गई।

# राजसमंद विधायक सहित अन्य प्रतिवादियों को समन जारी

- दिप्ती माहेश्वरी के उदयपुर व राजसमंद के वोटर कार्ड पर आपत्ति दर्ज करा याचिका पेश की थी
- याचिका में आरोप लगाया कि दिप्ती माहेश्वरी ने विधानसभा चुनाव 2023 में नामांकन के साथ राजसमंद का वोटर कार्ड पेश किया

**जोधपुर, (कासं)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने राजसमंद विधायक दिप्ती माहेश्वरी सहित अन्य सभी प्रतिवादियों को समन जारी किया है। हाईकोर्ट ने सभी को 20 सितंबर तक जवाब तलब करने का आदेश दिया है।

जानकारी के अनुसार दिप्ती माहेश्वरी के उदयपुर व राजसमंद के वोटर कार्ड पर आपत्ति दर्ज करते हुए याचिका पेश की गई थी। इस याचिका पर सुनवाई के दौरान जस्टिस विनीत कुमार माथुर की एकलपीठ में नोटिस जारी किया गया। याचिकाकर्ता अधिवक्ता जितेन्द्र कुमार खटीक ने एक चुनाव याचिका पेश की थी, जिसमें बताया कि राजसमंद में विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान आरओ के समक्ष आपत्तियां उठाने के बावजूद चुनाव शून्य घोषित नहीं किया गया। याचिका में आरोप लगाया कि राजसमंद विधायक दिप्ती माहेश्वरी ने विधानसभा चुनाव 2023 में नामांकन के साथ राजसमंद का वोटर कार्ड पेश किया। उससे पहले जब राजसमंद में उपचुनाव हुए थे, तब दिप्ती माहेश्वरी की ओर से उदयपुर का वोटर कार्ड नामांकन के साथ पेश किया गया था। एक व्यक्ति की ओर से दो-दो वोटर कार्ड कैसे बनवाए जा सकते हैं।

याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि अपने प्रभाव का उपयोग करते हुए उप चुनाव में उदयपुर का वोटर कार्ड और आम चुनाव में राजसमंद का वोटर कार्ड पेश किया गया है, जो कि अपराध की श्रेणी में आता है और चुनाव को भी शून्य घोषित किया जाना चाहिए लेकिन चुनाव अधिकारी ने उसकी आपत्तियों को नही सुना। ऐसे में हाईकोर्ट में याचिका पेश की गई है। जिस पर सुनवाई के बाद राजसमंद विधायक सहित अन्य को समन जारी किया गया।

**इनको हुआ समन जारी :-** दीप्ति माहेश्वरी, नारायण सिंह भाटी, घनश्याम मुरोदिया, मनिष पांडे, दिनेश कुमार, विनोद सोनवाल, मनोज कुमावत, जिला चुनाव अधिकारी राजसमंद, रिटर्निंग अधिकारी, उपमंडल अधिकारी, एडवोकेट हनुमान सिंह, श्रवण चौधरी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, आयुक्त व वी मार्ट माल को समन जारी किया गया।

# ठेकेदार की हत्या के मामले का खुलासा, तीन गिरफ्तार

**खेतड़ी, (निसं)।** सिंघाना में ठेकेदार की हत्या कर अस्पताल में शव पटक कर फरार होने की वारदात का पुलिस ने बुधवार देर शाम को खुलासा कर दिया। इस दौरान पुलिस ने वारदात में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी कैलाशचंद यादव ने बताया कि लाखू तहसील चिड़ावा निवासी मृतक के बड़े भाई महिपाल सिंह यादव ने रिपोर्ट दी कि उसका भाई चंद्रपाल (40) पुत्र हरसाराम यादव मंगलवार की शाम को घर पर किसी से बात कर रहा था। इस दौरान करीब सात बजे वह अपनी बोलेरो गाड़ी लेकर घर से चला गया जो पूरी रात वापस नहीं आया। इसके बाद सुबह सूचना मिली कि उसके भाई चंद्रपाल की बदमाशों द्वारा बेरहमी से मारपीट कर धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी गई है। घटना के बाद बदमाश उसके भाई

- आरोपियों की निशानदेही पर मृतक की बोलेरो गाड़ी बरामद की

की बोलेरो गाड़ी, फोन भी लेकर फरार हो गए तथा उसके शव को सिंघाना के राजकीय अस्पताल में हादसे का रूप देकर पटक कर फरार हो गए।

मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी राजर्षि वर्मा ने आरोपियों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए भैसावता कलां निवासी दीपक उर्फ टीलू, सिंघाना निवासी योगेश टेलर पुत्र अनिल कुमार व खानपुर निवासी गुलशन पुत्र इंदरसिंह को गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी ने बताया कि आरोपियों की निशानदेही पर पर मृतक की बोलेरो गाड़ी को बरामद कर लिया तथा वारदात में शामिल अन्य आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। पुलिस द्वारा प्रथम जांच में रूपए के लेन-देन को लेकर शराब पार्टी के दौरान कहासुनी होने पर कांच की बोतल से वारदात होने की बात सामने आई है। मृतक के परिजनों ने वारदात में शामिल अन्य आरोपियों के गिरफ्तार नहीं करने पर दिल्ली-झुंझुनूं सड़क पर जाम भी लगा दिया था लेकिन पुलिस ने ग्रामीणों से समझाइश कर जाम को खुलवाया तथा शाम को परिजनों की सहमति बनने पर पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द किया गया। टीम में थानाधिकारी कैलाश चंद यादव, पचेरीकलां थानाधिकारी राजपाल सिंह, एएसआई विद्याधर शर्मा, सुबेसिंह, इंद्राज सिंह, एचसी झाबरमल्ल, विकास लांबा, सुरेंद्र कुमार, धर्मपाल, कांस्टेबल राकेश कुमार, विक्रम सिंह, सुशील कुमार, निहाल सिंह, प्रवीण, सुनील, पवन कुमार आदि शामिल थे।

# नासिरदा का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामभरोसे

**देवली, (निसं)।** देवली उपखंड के नासिरदा उप तहसील का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इन दिनों रामभरोसे चल रहा है। नासिरदा ग्राम पंचायत के पांच चिकित्सकों वाले अस्पताल में इन दिनों एक महिला चिकित्सक कार्यरत है। वह भी इन दिनों छुट्टी पर चल रही है। ऐसे में ग्राम पंचायत के आमजन को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ नहीं मिल रहा है।

जानकारी के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर 10 पद रिक्त चल रहे हैं। उल्लेखनीय है कि अभी हाल ही में कुछ दिनों पहले ग्रामीणों ने भाजपा नेता विजय बैसला को भी नासिरदा स्वास्थ्य केंद्र में बनी हुई गंभीर समस्याओं से अवगत कराया था। वहीं पिछले दिनों ग्रामीणों ने स्वास्थ्य केंद्र की हकीकत की पोल खोल कर रख दी थी। ग्रामीणों ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र पर ना तो चिकित्सक है और ना ही चिकित्साकर्मी है। वहीं ग्रामीणों को बीमारियों से संबंधित जरूरत की दवाइयां भी उपलब्ध नहीं हो रही है। इस गंभीर परिस्थितियों के बीच अपनी बीमारी से जूझ रहे पीड़ित मरीजों को देवली या केकड़ी की ओर इलाज करने के लिए आना पड़ रहा है। वही नासिरदा स्वास्थ्य केंद्र पर कार्यरत महिला चिकित्सक अर्चना वर्मा भी इन दिनों छुट्टी पर चल रही है। गौरतलब है कि अभी हाल ही में 3 दिन पहले ग्रामवासियों ने स्वास्थ्य केंद्र पर बनी हुई गंभीर समस्याओं के निस्तारण हेतु स्वास्थ्य केंद्र के नर्सिंग स्टाफ कार्यवाहक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा था।

इस संबंध में डॉ. जगदीश मीणा, ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी, देवली ( टोंक) का कहना हैकि नासिरदा स्वास्थ्य केंद्र में खाली चल रहे पदों के बारे में उच्च अधिकारियों को बताया जा चुका है। चार चिकित्सकों के पद रिक्त चल रहे हैं तथा महिला चिकित्सक छुट्टी पर चल रही है।

# विराटनगर पालिका अध्यक्ष सुमिता सैनी निलंबित

**पावटा, (निसं)।** चार निविदाओं के कार्य आदेश जारी करते हुए किसी प्रकार का कोई सामान पालिका में प्राप्त न होना एवं पालिका क्षेत्र में उपयोग किये बिना ही चारों निविदाओं का अवैध भुगतान करना विराटनगर नगर पालिका अध्यक्ष (चेयरपर्सन) सुमिता सैनी को भारी पड़ गया। नियमों की अवहेलना और भ्रष्टाचार का दोषी पाए जाने पर मंगलवार को उन्हें नगर पालिका अध्यक्ष पद से निलंबित कर दिया गया।

स्वायत्त शासन विभाग राजस्थान जयपुर निदेशक एवं संयुक्त सचिव सुरेश कुमार ओला ने जारी आदेश में कहा कि चार निविदाओं फर्म मैसर्स देव ट्रेनिंग एण्ड कंस्ट्रक्शन कंपनी एवं मैसर्स श्याम एंटरप्राइजेज विराटनगर को क्लोथ कैरी बेग सप्लाई, 60 वॉट एलईडी लाइट, स्ट्रीट लाइट सप्लाई, प्लास्टिक के छोटे डस्टबिन सप्लाई, फेज वायर (25-25) सप्लाई की चार निविदाओं के कार्य आदेश जारी करते हुए किसी प्रकार का कोई सामान पालिका में प्राप्त न होना एवं पालिका क्षेत्र में उपयोग किये बिना ही चारों निविदाओं का अवैध भुगतान करने के प्रकरण की जांच 9 फरवरी 2024 को विभागीय आदेश द्वारा निदेशालय स्तर पर गठित कमेटी द्वारा करवाई गई। इसके बाद पालिका अध्यक्ष सुमिता सैनी को भी अपना पक्ष रखने के लिए कहा गया, जिसमें उनके द्वारा रखे गए तथ्यों को देखने के बाद पाया गया कि पालिका अध्यक्ष सुमिता सैनी द्वारा सभी समस्त नियमों का उल्लंघन कर तथ्यों को छुपाया गया है। इससे राज्य नीति का दुरूपयोग भी प्रमाणित होता है। वहीं उक्त निविदाओं में नपा अध्यक्ष सुमिता सैनी द्वारा भ्रष्टाचार करना स्पष्ट प्रतीत होता है।

पालिका अध्यक्ष सुमिता सैनी को राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 39(1) के तहत सुनवाई का अवसर देते हुए स्पष्टीकरण नोटिस भी जारी किया गया। जिस पर स्पष्टीकरण नोटिस का जवाब प्रस्तुत किया गया। विभाग को प्राप्त स्पष्टीकरण नोटिस के परिक्षणोपरांत प्रकरण में प्रथमदृष्टया सुमिता सैनी को दोषी माना गया। रिपोर्ट पर कानूनी पक्षों की जांच के बाद स्वायत्त शासन विभाग की ओर से बुधवार को निलंबन आदेश जारी कर दिया गया। आदेश में बताया गया है कि सुमिता सैनी के पद पर बने रहने से अनुसंधान और गवाहों पर प्रभाव डाल कर जांच प्रभावित करने की संभावना है। अतः सुमिता सैनी को विराटनगर नगरपालिका अध्यक्ष पद से तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया।

# मांडलगढ़ के सरकारी स्कूल भवन की दीवारों में दरारें आई

## सीलन की बदबू और कमरों की कमी जैसी समस्याओं से विद्यार्थी जूझ रहे हैं

**मांडलगढ़, (निसं)।** मांडलगढ़ कस्बे के एक सरकारी स्कूल में शिक्षा व्यवस्था के दावों की पोल खोलने का नजारा सामने आया है। शिक्षा विभाग के सिस्टम की लापरवाही के चलते यहां जर्जर भवन व कक्षाकक्ष के अभाव में छात्र-छात्राओं को जान जोखिम में डालकर खुले आसमान के नीचे पढ़ाई करने को मजबूर होना पड़ रहा है।

भीलवाड़ा जिले के मांडलगढ़ में जापरपुरा के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यायल में महज चार कमरे बने हुए हैं, जिसमें दो कमरों में किचन और स्टाफ ऑफिस संचालित है। स्कूल भवन में घटिया निर्माण के कारण दीवारों में दरारें पड़ गई है और बारिश के दिनों में छत से पानी टपकता है। बारिश के मौसम में दीवारों में आई सीलन से कमरे का वातावरण बदबूदार बना रहता है। वहीं विद्यायल की अन्य सामग्री और कबाड़ में जहरीले जीव छीपे होने का खतरा बना रहता है। विद्यालय में एक महिला टीचर की नियुक्ति हैं और अन्य दो शिक्षिकाओं को डेपुटेशन पर लगा रखा है। इनको अध्यापन के साथ स्कूल की अन्य जिम्मेदारी भी निभानी पड़ रही है। वहीं स्कूल में चारदीवारी नहीं होने से आए दिन सांप, बिच्छू आने की दहशत बनी रहती है, फिर भी जान जोखिम में डालकर 123 बच्चों को यहां पढ़ाया जाता है। यहां बारिश के चलते स्कूल आने वाले बच्चों की छुट्टी करने के लिए शिक्षकाओं को मजबूर होना पड़ता है।

इस स्कूल में 123 छात्र छात्राओं को पढ़ाने के लिए महज तीन शिक्षिकाएं लगी हुई है, जिसमें एक स्थाई और दो शिक्षिकाएं डेपुटेशन पर हैं, जिससे कक्षा 1 से 8वीं तक के छात्र-छात्राओं को पढ़ाई में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालय भवन जंगल के निकट होने से बच्चों में आए दिन जहरीले जीवजन्तु का खतरा बना रहता है। स्कूल में चारदीवारी के अभाव रात्रि में असामाजिक तत्व और आवारा पशुओं की आरामगाह भी बन जाता है।


मांडलगढ़ में जापरपुरा मोहल्ला के सरकारी विद्यालय में छात्र-छात्राएं खुले आसमान के नीचे पढ़ने को मजबूर हैं।

जापरपुरा के विद्यालय के भवन और खेल मैदान लिए यहां 5 बीघा भूमि आवंटन हैं, लेकिन स्कूल पहाड़ी पर बनी हुई है। और यहीं पर खेल मैदान बना हुआ है। स्कूल के खेल मैदान की भूमि पर कई लोगों ने अतिक्रमण कर कच्चे-पक्के निर्माण कर लिए, जिन्हें आज तक नहीं हटाया गया। वहीं सरकारी विद्यालय के निकट एक शराब गोदाम भी संचालित है। स्कूल के नियुक्त शिक्षिकाओं ने बताया कि विद्यालय भवन की मरम्मत के लिए गत पांच सालों से विभाग के उच्चाधिकारियों को पत्र लिखकर मांग की जा रही है, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया हैं।

छात्र छात्राओं ने बताया कि स्कूल परिसर में दो हाईटेंशन बिजली के टावर

- स्कूल में 123 बच्चों पर महज 3 टीचर है और खुले आसमान के नीचे क्लाश लगती है

लगे हैं और 11 केवी की विद्युत लाइन के खम्भे भी लगे हुए हैं। राजस्व विभाग ने बिना रिपोर्टिंग विद्यालय की भूमि आवंटन कर दी। जिससे खेल के दौरान करंट का खतरा बना रहता हैं। दूसरी ओर विद्यालय भवन की रंगाई पुताई किए हुए कई साल बीत गए हैं। यहां आंगनबाड़ी का एक कमरा बना हुआ है, बारिश के दिनों में छत से जोरदार पानी आता हैं। आंगनबाड़ी भवन के टिनशेड आज से पांच साल पहले आंधी में उड़कर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। ऐसे में देश के भविष्य की पीढ़ी को शिक्षित करने के सरकारी दावे की पोल खोलता यह स्कूल अपनी दुर्दशा पर आँसू बहा रहा है। वहीं जिम्मेदार अफसरों की लापरवाही के चलते सिस्टम को लाचार बना दिया गया हैं।

# राजस्थान में हुई मूसलाधार बरसात

**प्रदेश के कई जिलों में तेज बरसात से कई बांध व तालाब लबालब हुये तो कई जगह पर सड़कें दरिया बन गई**

## चूरू में हुई पांच इंच बारिश ने प्रशासन के दावों की पोल खोली

**घरों-दुकानों व दफ्तरों में घुसा पानी, एक हवेली सहित स्कूल की दीवार ढही**



चूरू में मूसलाधार बारिश होने से शहर पानी में डूबा हुआ दिखाई दिया।

**चूरू, (कासं)।** चूरू में हुई 124.8 एमएम (करीब पांच इंच) बारिश ने प्रशासन के सभी दावों की पोल खोल दी है। बुधवार मध्य रात्रि के बाद शुरू हुआ तेज बारिश का दौर गुरुवार शाम पांच बजे तक जारी रहा। इस वर्ष की पहली मूसलाधार बारिश से पूरा शहर पानी से तरबतर हो गया। इस बारिश के बाद जिला प्रशासन और नगरपरिषद् प्रशासन के सभी दावे खोखले साबित हो गए। तेज बारिश के बाद शहर के अनेक क्षेत्र जलमग्न हो गए। बारिश के कारण कई जगह पर मुख्य सड़कें और गलियां नहर बन गई।

शहर की कई कॉलोनियों में निकासी के अभाव में बरसाती पानी भर गया। चारों ओर के रास्ते अवरूद्ध हो गए। लोग शाम तक घरों में घुसे पानी को बाहर निकालने में लगे रहे। बारिश के दौरान वार्ड 41 स्थित ब्राईट मांइडस स्कूल की दीवार गिरने से बारिश का पानी स्कूल में घुस गया। सफेद घंटाघर के पास स्थित दुकानों में भी बारिश का पानी घुसने से दुकानदारों को काफी नुकसान उठाना पड़ा। वहीं एसी मार्केट स्थित बेसमेंट में बरसाती पानी घुसने से दुकानदारों को भारी नुकसान हुआ है। झारिया मोरी स्थित भाईजी चौक के पास स्थित वर्षों पुरानी चोरों की हवेली भी तेज बारिश के कारण गुरुवार सुबह करीब साढ़े छह बजे गिर गई। हवेली का हिस्सा सड़क पर गिरने से रास्ता बंद हो गया है। चूरू में तेज बारिश को ध्यान में रखते हुए जिला कलेक्टर पुष्पा सत्यानी ने चूरू ब्लॉक के समस्त स्कूलों में गुरुवार को अवकाश के निर्देश दिये। इसके अलावा सत्यानी द्वारा अन्य ब्लॉकों में संबंधित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को वहां की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए बच्चों की सुरक्षा के मध्यनजर छुट्टी करने के लिए अधिकृत किया गया।

## गंगापुर सिटी में बरसात, आमजन सहित किसान खुश



गंगापुर सिटी में बरसात का पानी सड़कों पर बहता नजर आया।

- गंगापुर सिटी में गुरुवार सुबह तक सवा दो इंच बारिश दर्ज

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** जिला मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्र में एक बार फिर मानसून पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। बुधवार रात को मौसम का मिजाज एकाएक बदल गया और रात भर रुक-रुककर कभी धीमी और कभी तेज बारिश का दौरा चला।

बारिश का यह दौर अगले दिन गुरुवार सुबह भी चलता रहा। अच्छी बारिश के बाद शहर सहित आसपास कई जगह सड़कों पर पानी जमा हो गया। वहीं बारिश के बाद तापमान में गिरावट आने से गर्मी और उमस से लोगों को काफी राहत मिली। वहीं बारिश से किसान भी खुश दिखाई दिए। बुधवार शाम को मौसम का मिजाज एकाएक बदल गया और आसमान में बादल छा गए। बादलों को देखकर लोगों को बारिश की एक बार फिर उम्मीद जगी। रात करीब 10 बजे बूंदाबांदी का दौर शुरू हो गया और रात भर कभी धीमी गति से और कभी तेज गति से बारिश का दौर चलता रहा। दूसरे दिन गुरुवार सुबह भी रुक-रुक कर बारिश का दौर लगातार जारी रहा। तहसील कानूनगो राजेन्द्र जायसवाल के अनुसार गंगापुर सिटी में गुरुवार सुबह तक करीब सवा दो इंच (59 एमएम) बारिश दर्ज की जा चुकी थी।

## बालिका में चांदीपुरा वायरस की पुष्टि

- परिवार तीन माह पूर्व मजदूरी करने जोधपुर गया था

**राजसमंद, (निसं)।** सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल ने बताया कि निदेशालय एवं समेकित रोग निगरानी परियोजना शाखा जोधपुर से प्राप्त सूचना अनुसार देलवाड़ा ब्लॉक अन्तर्गत पीएचसी उपली ओडन के झाड़ सादड़ी गांव निवासी सात वर्षीय बच्ची के एम्स जोधपुर से चांदीपुरा पॉजिटिव की सूचना प्राप्त होने पर जिला स्तरीय रेपिड रेस्पांस टीम एवं सैक्टर स्तरीय रेपिड रेस्पॉस टीम ने गांव में पहुंच घर-घर सर्वे किया।

सीएमएचओ ने बताया कि जिला स्तर से रेपिड रेस्पॉन्स टीम के सदस्य एपिडिमियोलोजिस्ट हरिश कुमार एवं पीएचसी उपली ओडन की चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष चौधरी ने मरीज के घर पर संपर्क किया जहां कोई नहीं मिला एवं आस-पड़ौस में संपर्क कर दूरभाष पर परिजनों से संपर्क किया गया। जिन्होंने बताया कि वे दो-तीन माह पूर्व मजदूरी के लिये जोधपुर गये थे तथा वहां पाली रोड स्थित बालाजी पशु आहार पेट्रोल पंप बासनी में एक कन्सट्रक्शन साईट पर निवासरत थे। जहां बच्ची का स्वास्थ्य खराब होने पर 21 जुलाई को एम्स जोधपुर में उपचार के लिये भर्ती करवाया जांच में 1 अगस्त को चांदीपुरा वायरस की पुष्टी की गई।

उन्होंने बताया कि टीम द्वारा गांव में घर-घर सर्वे किया गया जहां कोई भी बुखार का रोगी एवं किसी भी तरह का मौसमी बीमारियों का रोगी नहीं पाया गया सभी पूरी तरह स्वस्थ पाये गये। इसको लेकर पूरी जानकारी जोधपूर सीएमएचओ कार्यालय को दे दी गई है जिससे वहां आगे की कार्यवाही की जा सके।


**कार्यालय नगर पालिका मण्डल केशवराय पाटन जिला - बून्दी (राज0)**

npalika3@gmail.com ph.no. 07438-264346

क्रमांक :- न0पा0के0पा0/2024-25/1929-31 दिनांक :-31.07.2024

**निविदा सूचना संख्या 04/2024-25**

नगर पालिका के0पाटन द्वारा उक्त कार्य से सम्बन्धित संवेदको से द्वि लिफाफा पद्धति/ई-निविदा पद्धति से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं। कार्य की निविदा बेचे जाने की दिनांक 01.08.2024 से तथा अपलोड़ करने की दिनांक 15.08.2024 सांय 06.00 बजे तक निविदा शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण http://sppp.raj.nic.in, http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

| W.No. | UBN No. |
|---|---|
| 1 | DLB2425WSOB04662 |
| | Tender cost - 24.99 Lac |

राज.संवाद/सी/24/3165 अध्यक्ष अधिशाषी अधिकारी

**कार्यालय नगर परिषद, जालोर (राज0)**

क्रमांकः नपजा/स्टोर/ई-टेण्डर/2024/2524 दिनांक : 29.07.2024

**-:: ई निविदा सूचना संख्या 01/2024-25 ::-**

यतः नगर परिषद, जालोर द्वारा निम्नलिखित कार्य/सामग्री की आपूर्ति हेतु माल एवं सेवाओं के उपापन के लिए दर संविदा वित्तीय वर्ष 2024-25 (दिनांकः 31.03.2025) के लिए कार्य दर (रेट कान्टेक्ट) हेतु राजस्थान लोक सेवा उपापन पारदर्शिता नियम 2013 के अन्तर्गत विभिन्न फर्मो, ठेकेदरों, अधिकृत डिलरों, पंजीकृत/प्राधिकृत फर्मो/आपूर्तिकर्ताओं/डिलरों से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डर प्रकिया के अन्तर्गत निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा की सम्पूर्ण विवरण/शर्ते ई-प्रोक्यूरमेंट पोर्टल https://eproc.rajasthan.gov.in व https://sppp.rajasthan.gov.in/ पर देखी तथा डानउलोड़ की जा सकती हैं।

UBN NO. -

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | DLB2425SLOB04420 | 2. | DLB2425SLOB04421 |
| 3. | DLB2425SLOB04422 | 4. | DLB2425SLOB04423 |
| 5. | DLB2425SLOB04424 | 6. | DLB2425SLOB04425 |
| 7. | DLB2425SLOB04426 | 8. | DLB2425SLOB04427 |
| 8. | DLB2425SLOB04428 | 10. | DLB2425SLOB04423 |
| 11. | DLB2425SLOB04432 | 12. | DLB2425SLOB04433 |

आयुक्त नगर परिषद, जालोर

राज.संवाद/सी/24/3191


## मालपुरा में हुई भारी बारिश से बांध व तालाब लबालब



मालपुरा शहरी क्षैत्र में आवासीय कॉलोनियां जलमग्न हो गई।

- कलमण्डा बांध व मालपुरा के बम्ब तालाब की चादर चली, चांदसेन के भैरू सागर बांध छलकने की कगार पर पहुंचा

**मालपुरा, (निसं)।** बुधवार की मध्य रात्रि से शुरू हुई भारी बारिश का दौर गुरूवार की दोपहर तक लगातार जारी रहने से मालपुरा क्षैत्र के कई बांध व तालाब लबालब हो गये तो कलमण्डा बांध व मालपुरा के बम्ब तालाब की चादर चल पड़ी। वहीं चांदसेन के भैरू सागर बांध की भराव क्षमता पूर्ण होने पर बांध छलकने की कगार पर पहुंच गया।

जल संसाधन विभाग के कार्यालय से मिले आंकड़ों के अनुसार गुरूवार को चांदसेन क्षेत्र में पांच इंच बारिश व मालपुरा में तीन, टोरडी सागर में एक इंच, लाम्बाहरिसिंह में 8 एमएम टोडारायसिंह क्षेत्र में 6 एमएम बरसात दर्ज की गई। सहायक अभियंता ने बताया कि वर्ष 2023 में 1 अगस्त तक कुल बारिश 615 एमएम दर्ज की गई थी जिसकी अपेक्षा इस बार 1 अगस्त तक 692 एमएम बरसात होना सामने आया है। वहीं चांदसेन में गत वर्ष 494 एमएम की अपेक्षा इस बार 614 एमएम, टोरडी क्षेत्र में 622 की तुलना में इस बार 642 एमएम, लाम्बाहरिसिंह में 418 की अपेक्षा इस बार 426 व टोडारायसिंह क्षेत्र में 366 की अपेक्षा इस बार 372 एमएम बरसात होने से क्षेत्र में चारों और पानी ही पानी हो जाने से कई गांवों का एक-दूजे से सम्पर्क कट गया।

गुरूवार को हुई भारी बारिश से रेलवे स्टेशन की आवासीय कॉलोनियों में घुटनों से ऊपर पानी भर जाने से लोग घरों में कैद हो गये। बार-बार पालिका प्रशासन को सूचना के बावजूद पानी की निकासी को लेकर कोई कार्यवाही नहीं करने से गुस्साए लोगों ने घाटी रोड पर जाम लगा दिया। कई घंटों तक जाम लगाने के बाद भी पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों के नहीं पहुंचने पर लोगों ने एसडीएम कार्यालय पहुंच सांकेतिक धरना दे एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपा।

## पांचना बांध पर सात इंच, करौली जिला मुख्यालय पर सवा छह इंच बारिश हुई

**जिले के सबसे बड़े पांचना बांध का जलस्तर 258.62 मीटर की अधिकतम भराव क्षमता के मुकाबले 258.25 मीटर पहुंचा**



पांचना बांध के तीन गेट खोलकर पानी की निकासी की गई।

- जल संसाधन विभाग के सहायक अभियंता वीर सिंह के अनुसार डाउनस्ट्रीम में अलर्ट जारी किया, साथ ही बांध के जल स्तर पर नजर बनाए हुए हैं

**करौली, (निसं)।** राजस्थान में कई जिलों में हुई मूसलाधार बरसात से कई बांध व तालाब लबालब हो गये तो कई जगह पर सड़कें दरिया बन गई। बरसात से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया।

करौली जिले में गुरुवार रात हुई मूसलाधार बारिश लोगों के लिए मुसीबत का सबब बन गई। बारिश से शहर के परकोटे से बाहरी शहर को जोड़ने वाले कई प्रमुख मार्गों पर जल भराव के चलते आवागमन अवरुद्ध हो गया। बारिश के दौरान कई कॉलोनियों में घरों, दुकानों में पानी घुस गया जिससे क्षेत्रवासियों को परेशानी का सामना करना। बारिश से कई निचले क्षेत्रों में जल भराव हो गया। जलभराव के चलते कलेट्रेट के सर्किल से वजीरपुर गेट मार्ग, होली खिड़कियां बाहर राधेश्याम फार्म हाउस क्षेत्र और बग्गी खाना सहित कई कॉलोनी मोहल्लों में पानी भर गया। जल भराव के बाद बग्गी खाना क्षेत्र में घरों में घुसे पानी को कुछ लोगों ने मोटर लगाकर बाहर निकाला। बारिश से नदी नालों और बांधों में पानी की अच्छी आवक हो रही है।

क्षेत्रवासियों ने प्रशासन और नगर परिषद पर भी लापरवाही के आरोप लगाए हैं। लोगों का कहना है कि समय पर अगर नालों की सफाई और पानी निकासी के इंतजाम होते तो शायद लोगों को इतनी परेशानी नहीं होती। करौली जिला मुख्यालय पर करीब सवा छह इंच एमएम, पांचना बांध पर सात इंच बारिश दर्ज की गई है। जिले के सबसे बड़े पांचना बांध का जलस्तर 258.62 मीटर की अधिकतम भराव क्षमता के मुकाबले 258.25 मीटर पहुंच गया है। जल संसाधन विभाग के सहायक अभियंता वीर सिंह के अनुसार डाउनस्ट्रीम में अलर्ट जारी किया है। साथ ही बांध के जल स्तर पर नजर बनाए हुए हैं। शहर में जल भराव से हो रही परेशानी को लेकर कलेक्टर नीलाभ सक्सेना, एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय और नगर परिषद आयुक्त करणी सिंह ने विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

**पांचना बांध के तीन गेट खोले** :- जल संसाधन विभाग के अधिशाषी अभियन्ता सुशील गुप्ता ने बताया कि करौली जिले के पांचना बांध के गुरूवार को तीन गेट खोलकर जल निकासी शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि बांध के दूसरे,चौथे एवं छटे गेट को खोलकर 3 हजार क्यूसेक पानी की निकासी की जा रही है बांध का पानी गंभीर नदी में खोला गया।


**OFFICE OF THE MUNICIPAL BOARD, BHIM DIS-RAJSAMAND**

Tel. No. 02951-294426E-mail Id-EOBHIM@GMAIL.COM

S.No. F ( )/MBD/Engg./E-NIB/01/2024/132 Date :- 31.07.2024

**Notice Inviting BID**

**NIB No 01/2024-25**

नगर पालिका भीम द्वारा निम्नांकित विकास कार्यो हेतु केन्द्र व राज्य सरकार के विभागो व अधिकृत संगठनो व स्वायत शासी संस्थाओ में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से इलेक्ट्रोनिक फारमेन्ट में आनलाईन निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धित विस्तृत विवरण व जानकारी वेबसाईट www.sppp.raj.nic.in or http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है। NIB CODE :- DLB2425A1438

UBN No.:- DLB2425WSOB04626, DLB2425WSOB04627, DLB2425WSOB04628

महत्वपूर्ण तिथिया

| निविदा कार्यक्रम | तिथि व समय |
|---|---|
| कुल निविदा के कार्य | 03 |
| निविदा की अनुमानित लागत | 35.33 लाख |
| निविदा प्रकाशन की तिथि | 31.07.2024 04:00 PM |
| निविदा डाउनलोड प्रारम्भ तिथि | 31.07.2024 04:00 PM |
| ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि | 13.07.2024 06:00 PM तक |
| भौतिक रूप से डिमाण्ड ड्राफ्ट जमा कराने की तिथि | 14.07.2024 12:30 PM तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि | 14.07.2024 3:00 PM से |
| ऑनलाईन निविदा हेतु वेबसाईट | http://eproc.rajasthan.gov.in |

अध्यक्ष नगर पालिका भीम — अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका भीम

राज.संवाद/सी/24/3153

**कार्यालय नगर निगम, अजमेर**

पृथ्वीराज मार्ग, अजमेर (राजस्थान) फोन नं. 0145-2429971, 2429920

क्रमांक :-MEW/2024-25/746 दिनांकः- 29.07.2024

**:: ई-निविदा सूचना संख्या 15/2024-25 ::**

नगर निगम अजमेर की ओर से नगर निगम अजमेर एवं राजकीय विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको जो कि केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, डाक एवं दूरसंचार, रेलवे या अन्य राज्य सरकार, केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनो जो राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदको के समकक्ष हो (निविदा पात्रता पंजीकरण के नियमो के अनुसार मान्य) जो निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से सिविल निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन ईनिविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा कार्यो की कुल लागत | राशि 24.00लाख (01 कार्य) |
| ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड/अपलोड करने की अवधि | Date 30.07.24 से 11.08.24 को 6.00 PM तक |
| Technical निविदा खोलने की तिथि व समय | Date 12.08.24 को 11.00AM पर |
| Financial निविदा खोलने की तिथि | सफलतम निविदादाता को उचित माध्यम के द्वारा सूचित कर दिया जावेगा। |

विस्तृत विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http:/www.eproc.rajasthan.gov.in पर एवं नगर निगम के निर्माण विभाग के कार्यालय में भी देखी जा सकती है।

Nib Code :-ANN2425A0074

UBN No. :-ANN2425WSOB00090

अधिशाषी अभियन्ता नगर निगम अजमेर

राज.संवाद/सी/24/3195


## तारानगर में छह इंच बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**तारानगर के कई मोहल्लों, नये बस स्टैण्ड में पानी 6 से 10 फीट तक आया, मुख्य रास्ते अवरूद्ध हुये**



तारानगर में बरसात से घुटनों तक पानी भर गया।

**तारानगर, (निसं)।** तारानगर में 31 जुलाई की रात्रि से लेकर एक अगस्त पूरे दिन कभी रूक-रूक कर कभी तेज 154 एम एम (6.06 इंच) बारिश ने जहां किसानों के चेहरे पर रौनक ला दी, वहीं कस्बे व शहर में आम आदमी का जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। खातियों का मोहल्ला, कुम्हारों का मोहल्ला, सरावगी धर्मशाला के सामने, पुराने व नये बस स्टैण्ड पर तो पानी 6 से 10 फीट तक आ गया, मुख्य रास्ते अवरूद्ध हो गये। बरसाती पानी घरों के अन्दर घुस जाने से घरों में रखा सामान खराब हो गया। तारानगर के सरावगी धर्मशाला के आगे पानी भरने से मुख्य रास्ता अवरूद्ध होने से आम आदमी परेशान रहा तो वहीं पुराने व नये बस स्टैण्ड का मुख्य रास्ता बिल्कुल बन्द रहा।

सगतानी मोहल्ले, अम्बेडकर मूर्ती, पुराने बस स्टैण्ड, सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, नया बस स्टैण्ड व पुलिस थाने के सामने पानी भराव होने के कारण यातायात अवरूद्ध रहा तो बस स्टैण्ड पर स्थित दुकानों के अन्दर पानी जाने से करोड़ों रूपये का व्यापारियों को नुकसान भी झेलना पड़ा। तारानगर में यह जल भराव की समस्या बहुत पुरानी है जिसका स्थाई समाधान ना तो किसी जन प्रतिनिधि ने व ना ही किसी अधिकारी ने किया। तारानगर नगर पालिका प्रशासन हर साल इस पानी की निकासी के नाम पर किराये पर लिये हुए जनरेटर सैट पर लाखों लीटर डीजल फूंक देती है व करोड़ों रूपये उनके किराये में उड़ा देती है लेकिन यह समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है।

## रतनगढ़ में मूसलाधार बारिश से कई घरों में पानी घुसा

**लाछड़सर में तेज बारिश से गांव के संस्कृत विद्यालय में पानी भरा**

- रतनगढ़ में 110 एमएम (4.33 इंच) बारिश दर्ज की गई
- व्यापारियों को लाखों रुपये का नुकसान उठाना पड़ा

**रतनगढ़, (निसं)।** रतनगढ़ में हुई मूसलाधार बारिश ने भारी तबाही मचाई है। हालात इस कदर बिगड़ गए कि रतनगढ़ के बाजारों एवं कई घरों में वर्षा की पानी आ जाने से लाखों रुपए का नुकसान उठाना पड़ा है।

रतनगढ़ में गुरुवार सुबह आठ बजे तक 110 एमएम (4.33 इंच) बारिश दर्ज की गई है तथा गुरुवार देर शाम तक बारिश का दौर जारी है। क्षेत्र में बुधवार की शाम तेज बारिश हुई, जिसके बाद कई क्षेत्रों में पानी भर गया। शहर के कई निचले इलाकों में पानी भर गया। शहर के उत्तरादा बाजार व घंटाघर के पास स्थित दुकानों में पानी भर गया, जिससे व्यापारियों को लाखों रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है। हालात इतने दयनीय है कि गढ़ के पास तीन से चार फीट तक पानी भर गया। वहीं चूरू सड़क मार्ग एवं सरदारशहर बाईपास मार्ग पर भी पानी एकत्रित हो जाने से आवागमन बाधित हो गया है। रतनगढ़ के मुख्य रोडवेज बस स्टैंड व स्टेशन सड़क मार्ग भी पानी से लबालब है।

तहसील के गांव लाछडसर में तेज बारिश होने के कारण गांव की राजकीय प्रवेशिका संस्कृत विद्यालय में पानी भर गया। तेज बारिश के कारण कक्षा कक्षों में भी दो से तीन फीट तक पानी भर गया। विद्यालय स्टाफ सदस्यों ने मिलकर विद्यालय के जरूरी कागजात व समान को सुरक्षित रखा है। बारिश के चलते स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या भी काफी कम रही। क्षेत्र में बारिश के साथ ही बिजली आपूर्ति भी गुल हो गई, जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।


**कार्यालय नगर परिषद दौसा (राजस्थान)**

लालसोट रोड दौसा :- 303303

'फोन व फैक्स': 01427-220054 ई-मेलः- dausa.jaipur@yahoo.com

क्रमांकः न.प.दौ/राजस्व शाखा/2024-2025/98 दिनांक : 30.07.2024

**ई-ऑक्शन ठेका होर्डिंग्स विज्ञापन की निलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि नगर परिषद, दौसा द्वारा RTPP के आधार पर ठेका होर्डिंग्स विज्ञापन हेतु निम्नानुसार ई-ऑक्शन किया जाना हैं :-

| क्र. सं. | विज्ञापन का नाम | | ई-ऑक्शन दिनांक | समयावधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ठेका होर्डिंग्स विज्ञापन हेतु | "प्रकाश हॉस्पिटल के सामने, आगरा रोड दौसा"<br>"खान भांकरी रोड (सर्किल) दौसा"<br>"कलेक्ट्रेट सर्किल बाईपास चौराया दौसा"<br>"सोमनाथ सर्किल, आगरा रोड दौसा"<br>"राजधानी हॉस्पिटल के सामने आगरा रोड दौसा"<br>"संकल्प स्कूल के आगे, आगरा रोड दौसा"<br>"रोडवेज डिपा के आगे, आगरा रोड दौसा"<br>"हनुमान मंदिर के पास, शारदा हॉस्पिटल के आगे, आगरा रोड दौसा"<br>"पी.जी. कॉलेज की बाउन्ड्री के आगे, (पिंकी होटल से आईडिया शोरूम तक) आगरा रोड दौसा"<br>"नगर परिषद के सामने, लालसोट रोड दौसा"<br>"आनन्द शर्मा स्कूल के सामने, लालसोट रोड दौसा"<br>"पशु चिकित्सालय के सामने, लालसोट रोड दौसा"<br>"गुप्तेश्वर गेट चौराहा, लालसोट रोड दौसा"<br>"राजकीय जिला चिकित्सालय, लालसोट रोड दौसा"<br>"गुप्तेश्वर रोड, विवाह पैलेस लॉन के सामने दौसा"<br>"आबकारी विभाग के सामने दौसा"<br>"सैथल मोड दौसा"<br>"जयपुर बाईपास सर्किल दौसा" | 08.08.2024 | प्रातः 11.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक (अंतिम 5 मिनट में संवेदक/फर्म द्वारा बोली दिये जाने पर ई-निलामी की समयावधि में प्रत्येक बार स्वतः ही 15 मिनट की वृद्धि हो जायेगी जिसकी अधिकतम समय सीमा की बाध्यता नहीं होगी।) |

ई-ऑक्शन कार्यक्रम, शर्ते, अमानता राशि तथा भागीदारी राशि आदि की जानकारी हेतु निलामी साईट वेबसाईट http:://lsgeauction.rajasthan.gov.in में (E-Auction) पर देखी जा सकती हैं तथा इसी वेबसाईट पर एक वर्ष के लिये इच्छुक फर्मे/व्यक्ति को निर्धारित अमानता राशि 1,00,000/-रूपये दिनांक 31.07.2024 से दिनांक 07.08.2024 को रात्रि 11.59 बजे तक जमा की जावेगी। उक्त विज्ञापन ठेके की सरकारी बोली 16,50,000/-रूपये होगी। किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या/अथवा जानकारी हेतु (सं0क0ऑ0), दूरभाष नं. 8094264639 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

**नोट :-राशि जमा करवाने हेतु ऑनलाईन डिटेल ::**

| ACCOUNT 1 | ACCOUNT 2 | ACCOUNT 3 |
|---|---|---|
| NAGAR PARISHAD, DAUSA E AUCTION EMD ACCOUNT<br>BANK NAME :- ICICI BANK Ltd. DAUSA<br>ACCOUNT NO :-674105603130<br>IFSC Code :-ICIC0006741 | NAGAR PARISHAD, DAUSA E AUCTION INTERMEDIARY ACCOUNT<br>BANK NAME :- ICICI BANK Ltd. DAUSA<br>ACCOUNT NO :-674105603129<br>IFSC Code :-ICIC0006741 | NAGAR PARISHAD, DAUSA<br>BANK NAME :- ICICI BANK Ltd. DAUSA<br>ACCOUNT NO :-674105603125<br>IFSC Code :-ICIC0006741 |

राज.संवाद/सी/24/3144 आयुक्त

## संक्षिप्त

### नवीन कार्यकारिणी का गठन

**दूदू, (निसं)।** जिले के अधीन मोजमाबाद उपखंड मुख्यालय पर अभिभाषक संघ की बैठक देवेंद्र कुमार जैन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक के दौरान नवीन कार्यकारिणी का गठन किया जाकर सरल समिति के अध्यक्ष पद पर शंकर लाल चौधरी, उपाध्यक्ष राशिद नागौरी महासचिव राकेश कुमार शर्मा कोषाध्यक्ष जयराम व सदस्य के रूप में रामजस चौधरी मूलचंद हनुमान प्रसाद अजहरुद्दीन कैलाश चौधरी को चुना गया।

### स्कूल में पानी भरा, पढ़ाई बाधित

**दूदू, (निसं)।** जिला मुख्यालय एवं आसपास के गांवों में गुरुवार की तडके से लगातार दोपहर 12 बजे तक हुई बरसात के बाद आमजन को गर्मी से राहत मिली है। वही नरेना मोजमाबाद मालपुरा रोड पर स्थित दुकानों एवं सडकों पर पानी भर जाने के बाद आम जन को परेशानी का सामना करना पडा। जिला मुख्यालय के नरेला रोड पर संचालित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के कक्षा कक्ष एवं पुस्तकालय कक्ष में पानी भर जाने के बाद छात्र-छात्राओं द्वारा मशक्कत की जाकर सरकार द्वारा प्रदत्त निशुल्क पाठ्य पुस्तकों को बचाया गया। विद्यालय प्रांगण में पूरा पानी भर जाने के बाद छात्र छात्राओं की पढाई बाधित रही।

### कलेक्टर ने जलभराव का जायजा लिया

**टोंक, (निसं)।** जिले में पिछले 24 घंटे से लगातार बारिश के कारण उपखंड क्षेत्र पीपलू के नदी, नालों में जल बहाव अधिक मात्रा में हो रहा है। जल भराव को लेकर स्थानीय उपखंड प्रशासन सतर्क है। जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने गुरुवार को उपखंड क्षेत्र का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को हर स्थिति से निपटने के लिए अलर्ट रहने के निर्देश दिए है। टोंक से पीपलू की ओर जाने वाले सडक मार्ग स्थित नाथडी रपटे पर अधिक जल बहाव पर जिला कलेक्टर ने तहसीलदार इंद्रजीत चौहान को रपटे पर आवागमन नहीं होने के निर्देश दिए। उन्होंने वहां मौजूद ग्रामीणों से रपटे को पार नहीं करने की समझाइश की। दौरे के दौरान ग्राम काशीपुरा के लोगों ने गांव में जलभराव की स्थिति के बारे में जिला कलेक्टर को बताया। जिला कलेक्टर ने तहसीलदार को पानी की निकासी कराने के निर्देश दिए।

### अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

**सांभरझील,(निसं)।** स्थानीय पुलिस ने नाबालिग बालिका के अपहरण के आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। इस मामले में शान्तनु कुमार पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण द्वारा नाबालिक बालिका के अपहरण की घटना को गम्भीरता को लेकर शीघ्र त्वरित कार्यवाही करने के दिशा निर्देश थे। इसके बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) जिला जयपुर ग्रामीण हरिप्रसाद सोमानी व वृताधिकारी वृत सांभर सारिका अठावाल के सुपरविजन में राजेश वर्मा थानाधिकारी पुलिस थाना सांभरलेक के नेतृत्व मे टीम गठित की जाकर आरोपी के संबंध में सूचना संकलन कर नाबालिक बालिका के अपहरण के आरोपी को गिरफतार किया। 06 जून को परिवादी की ओर से रिपोर्ट पेश कर उसकी पुत्री के अपहरण का मामला दर्ज करवाया था। मामले की गंभीरता को देखते हुये आरोपी की तलाश हेतु सांभर डिप्टी सारिका अग्रवाल के सुपरविजन में राजेश वर्मा थानाधिकारी के नेतृत्व में टीम का गठन कर आरोपी महेश कुमार नायक पुत्र कालूराम नायक जाति नायक 26 साल निवासी नायको का मौहल्ला झपोक पुलिस थाना सांभर को गिरफ्तार किया गया।

### डीजे अजीत कुमार ने किया पौधारोपण

**सांभरझील, (निसं)।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश जयपुर अजीत कुमार ने सेशन न्यायालय सांभर में लिफ्ट के उद्घाटन के बाद न्यायालय परिसर में पौधारोपण भी किया। सांभर बार एसोसिएशन को संबोधित भी किया। अभिभाषक समिति की तरफ से माल्यार्पण व साफा बांधा व आदर स्वरूप स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। बार एसोसिएशन की तरफ से अधिवक्ता चैंबर व नए न्यायालय क्षेत्राधिकार के संबंध में ज्ञापन भी दिया गया। इसके बाद जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा शाकंभरी माता, देवयानी तीर्थ पर जाकर दर्शन किए। इस दौरान सांभर न्यायालय के न्यायिक अधिकारी अरविंद जांगिड, नीरज भामू, ऋचा कौशिक, जयश्री लामोरिया, सांभर बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों, सदस्यों, अधिवक्ता सहायकों की मौजूदगी रही।

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने पांच परिवाद का मौके पर कराया निस्तारण

- "पहचान इस्माइलपुर लैदर प्रोड्यूसर कंपनी" का निरीक्षण कर जूती खरीदी और क्वालिटी की प्रशंसा की

**किशनगढबास, (निसं)।** पंचायत समिति किशनगढबास की ग्राम पंचायत इस्माइलपुर के अटल सेवा केंद्र पर माह के प्रथम गुरुवार को होने वाली त्रिस्तरीय जनसुनवाई में जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला ने पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनी और मौके पर अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। जनसुनवाई में एसडीएम मूलचंद लूणिया सहित अधिकारी मौजूद रहे।

जिला कलेक्टर शुक्ला ने जनसुनवाई में आए कुल 12 परिवादों को सुना तथा मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को भेजकर समस्या निस्तारण के निर्देश दिए। 12 परिवादों में पांच परिवादों का मौके पर निस्तारण किया गया। इस दौरान जिला कलेक्टर ने बीसीएमएचओ किशनगढबास से क्षेत्र में मौसमी बीमारियों के रोगियों की संख्या एवं बीमारी की जानकारी ली। बीडीओ को ग्रामीण क्षेत्रों में वॉटर लॉगिंग स्थान को चिन्हित कर जल निकासी अथवा सावधानी बरतने के निर्देश दिए ताकि कोई अनहोनी ना हो। जनसुनवाई के दौरान घरों में बरसात का पानी भरने, सड़क का कुछ हिस्सा अधूरा रहने जैसी शिकायत आने पर जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को समस्या को निस्तारित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में एसडीएम मूलचंद लूणिया, बीडीओ किशनगढबास रामजीलाल मीणा, ब्लॉक सीएमएचओ, बिजली एवं जलदाय विभाग के अभियंता सहित अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।



कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला ने लोगों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए।

दूसरी और जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला ने गांव में नाबार्ड एवं स्पेक्ट्रा संस्था के संयुक्त तत्वावधान में संचालित लघु गैर किसान उत्पादक संगठन के अन्तर्गत मिनी ओ.एफ.पी.ओ. के अधीन "पहचान इस्माइलपुर लैदर प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड" का निरीक्षण किया। निरीक्षण पर पहुंची कलेक्टर का कारीगर महिलाओं ने तिलक लगाकर स्वागत किया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कारीगरों को प्रोत्साहित करते हुए जूती खरीदी और क्वालिटी की प्रशंसा की और कहा कि कम कीमत में अच्छी क्वालिटी है। इस दौरान कलेक्टर कारीगरों से बात कर हस्त निर्मित चमडा उत्पादों व कंपनी के बारे में जानकारी लेते हुए कारोबार को बढाने के लिए सुझाव दिये और हर संभव मदद करने का भरोसा दिया।

इस दौरान जिला कलेक्टर ने नाबार्ड के अधिकारियों को कम्पनी के माध्यम से बनाये जा रहे उत्पादों को बेचने हेतु औद्योगिक इकाइयों से सम्पर्क कर टाइयप कर मार्केट क्षेत्र बढाने के विजन पर कार्य करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने कम्पनी के बोर्ड आफ डायरेक्टर्स एवं अंश (शेयर) धारको के साथ बैठक कर उनके अनुभव एवं कम्पनी को लेकर क्या राय है साझा की। कारीगरों को शैयर सर्टिफिकेटस का वितरण किया। निरीक्षण के दौरान स्पैक्ट्रा संस्था निदेशक प्रदीप पुंडीर, स्पेक्ट्रा संस्था के जिला मैनेजर जगदीश द्विवेदी , ब्लॉक कोऑर्डिनेटर गुलाब शर्मा, मधु रानी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## खाली प्लॉट से शव बरामद

**दौसा, (निसं)।** कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को नई मंडी रोड पर स्थित एक खाली प्लॉट से शव बरामद किया है। इधर शव मिलने के साथ ही कॉलोनी में सनसनी मच गई। शव प्लॉट में भरे पानी में पडा हुआ था। पता चलने पर आसपास के लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी गई। कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची व घटनास्थल का मुआयना किया। शव को जिला अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया। कोतवाल हीरालाल सैनी ने बताया कि नई मंडी रोड पर खाली प्लॉट से शव बरामद किया है। मृतक की पहचान नहीं हुई है। हुलिए से मृतक मजदूर लगता है। जिसकी जेब में मोबाइल मिला है। शव के कई अंग कीडों के काटने से क्षतविक्षत हालत में थे। शव फूला हुआ होने से 2-3 दिन पुराना लगता है। मोबाइल नंबर के आधार पर पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

# कलेक्टर-एस.पी. ने नटनी का बारां कैनाल व जयसमंद झील का निरीक्षण किया

**अलवर, (निसं)।** जिला कलेक्टर आशीष गुप्ता व पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा ने विभागीय अधिकारियों के साथ नटनी का बारां कैनाल व जयसमंद झील का निरीक्षण किया।

जिला कलक्टर ने निरीक्षण के दौरान सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता को निर्देश दिये कि बजट घोषणा में शामिल नटनी का बारा से जयसमंद बांध तक नहर के उन्नयन कार्य, रूपारेल नदी के कायाकल्प कार्य, भखेडा बांध व डूंगरी बांध के मरम्मत आदि कार्यो को गुणवत्तापूर्ण ढंग से विशेषज्ञों के तकनीकी सहयोग से कराया जावे। इन कार्यों को प्रारम्भ कराने हेतु जिला स्तर पर की जानी वाली शेष प्रक्रिया को भी यथाशीघ्र पूर्ण कर विभाग को प्रस्ताव भिजवाये। उन्होंने निर्देश दिये कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप इन बजट घोषणाओं को तय समय में धरातल पर क्रियान्वित करावे। उन्होंने उपखण्ड अधिकारी व जन संसाधन विभाग के अधिशाषी अभियंता को निर्देशित किया की नटनी का बारा से जयसमंद बांध तक नहर पर कोई अवरोध शेष नहीं रहे, इसकी नियमित मॉनिटरिंग करें ताकि पुनः कोई अतिक्रमण व अवरोध नहीं होवें। उन्होंने निर्देश दिये कि नहर व बंध हेतु आसपास के लोगों को इन दोनों के संरक्षण में सहयोग हेतु प्रोत्साहित करें।

इस दौरान उपखंड अधिकारी अलवर जुईकर प्रतीक चंद्रशेखर, संसाधन विभाग के अधिशाषी अभियंता संजय खत्री व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



कलेक्टर आशीष गुप्ता व एसपी आनंद शर्मा ने विभागीय अधिकारियों के साथ नटनी का बारां कैनाल व जयसमंद झील का निरीक्षण किया।

# चाकसू में बारिश से बिगड़े हालात, 106 एम.एम. वर्षा दर्ज

- रामपुरा बुजुर्ग गांव में झाऊ तालाब की पाल टूटी, अधिकाशतः तालाबों में आया पानी

**चाकसू, (निसं)।** क्षेत्र में अब बारिश का सिलसिला तेज हो गया है। इसी के चलते कई स्थानों पर लोगों की परेशानी भी बढ गई है। चाकसू कस्बे सहित आसपास के इलाकों में गुरुवार को बुधवार रात्रि 11 बजे से शुरू हुई कभी तेज कभी मध्यम, कभी रिमझिम बारिश गुरुवार रात्रि तक हो रही थी। बारिश होने का नतीजा यह रहा कि शहर के कई निचले इलाकों में जल भराव की समस्या पैदा हो गई।

कस्बे के बाजार सहित कहीं मोहल्ला में जल जमाव की स्थिति नजर आई। लगातार हो रही बारिश के चलते बुधवार रात्रि को वार्ड नंबर 5 गोलीराव तालाब स्थित जलदाय विभाग की पक्की दीवार कुशल राम रैगर के मकान की ओर गिर गई गिर गई। हालांकि मकान की मुख्य दीवार दूर होने एवं उस समय आसपास कोई नहीं होने के कारण किसी प्रकार की हानि नहीं हुई है। लेकिन लगातार हो रही बारिश के कारण मकान की ओर पानी भर रहा है। मकान मालिक कुशल राम रैगर ने विभागीय अधिकारियों को सूचना देकर मलवा हटाने और दीवार को दुरुस्त करने की मांग की है। तेज बारिश के बाद गैस एजेंसी के पास टोंक रोड पानी में डूब गई। इस दौरान सडक पर एक से दो फीट तक पानी नजर आया।

वहीं लगातार हो रही बारिश ने क्षेत्र के कई तलाबों को लबाबब कर दिया। रोड कच्ची बस्तियों को जलमग्न कर दिया देर रात से शुरू हुई बारिश से रामपुरा बुजुर्ग गांव का झाहु तालाब की पाल टूट गयी जिससे उसका पानी निकलकर नीचे के गांवों में पहुंच गया जंहा पर एक तरह से बाढ के हालत हो गए है। तहसीलदार संदीप चौधरी के अनुसार क्षेत्र में देर रात से अब तक 106 एमएम से ज्यादा बारिश हुई है जो मौसम की सबसे बडी राहत है वही उपखण्ड अधिकारी शिवचरण शर्मा, तहसीलदार संदीप चौधरी सहित कई प्रशासनिक अधिकारियों ने उपखण्ड में हुई भारी बारिश व उससे हुए नुकसान की पल-पल की खबर ले रहे है साथ ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए है।

वही जयपुर की द्रव्यनदी में पानी का जल स्तर बढने से यंहा कोटखावदा पर छाँदेंल की ढूंढ नदी की रपट पर पानी तेजी से बहाव है लोग सम्भल कर नदी को पार कर रहे है। इस तरह अरिहंत विहार व गैस एजेंसी के पीछे स्थित कई कॉलोनी जल मगन हो गयी है। टोंक रोड पर सुबह देर तक पानी बहता रहा इस पर धीरे-धीरे वाहन रेंगते नजर आए। कस्बे का गोलीराव, मनोहर, हलोराव सहित कई तलाबों में पानी की आवक जारी थी। क्षेत्रीय विधायक रामवतार बैरवा ने भी देर रात हुई बारिश के हालत की जानकारी अधिकारियों से ली और आवश्यक कदम उठाने की बात कही।

## जानलेवा हमला के आरोपियों को पकड़ने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**दौसा, (निसं)।** जिले के विभिन्न कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों ने गुरुवार को शिक्षक संघ शेखावत के प्रदेश स्तरीय नेता रामस्वरुप चतुर्वेदी के पुत्र पर रास्ता रोककर जानलेवा हमला करने वालों को गिरफ्तार किये जाने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया तथा पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौपा।

शिक्षक संघ शेखावत के प्रदेश स्तरीय नेता रामस्वरूप चतुर्वेदी ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि 31 जुलाई की शाम 5.40 बजे सेवानिवृत्ति समारोह में गीजगढ से अपने पुत्र दिनेश चतुर्वेदी के साथ बाइक से जगसहायपुरा अपने घर जा रहे थे। वही ग्राम जगसहायपुरा के रास्ते में लल्लू कुम्हार के मकान के पास पहुंचते ही वहां पहले से पूर्व तैयारी के साथ हाथो में सरिये, कुल्हाडी, लाठी.डण्डे लेकर एकराय होकर गोपाल, कमलेश, रमेश पुत्र रामधन, लल्लू, रामखिलाडी, नेतराम, रामकिशोर पुत्र सरूपा, महेन्द्र पुत्र कमलेश, रामवतार पुत्र गोपाल जाति कुम्हार आदि निवासी गैरोटा हाल जगसहायपुरा व इनके रिश्तेदारों ने दिनेश चतुर्वेदी पर सरिये कुल्हाडी आदि से जानलेवा हमला किया व बुरी तरह मारपीट की। जिससे दिनेश चतुर्वेदी मरणासन्न हालत में है। उक्त घटना की सूचना पुलिस थाना मानपुर में दी। जिस पर पुलिस घायल दिनेश चतुर्वेदी को सरकारी अस्पताल सिकराय में ले गई। जहां दिनेश चतुर्वेदी की गंभीर व मरणासन्न हालत होने के कारण दौसा रैफर कर दिया।

श्री रामकरण जोशी राजकीय जिला चिकित्सालय दौसा में दिनेश अब भी मरणासन्न हालत में भर्ती है। उसके दोनों पैरों में कई फ्रेक्चर, हाथ में फैक्चर, सिर में गंभीर चोटें आई हैं। दिनेश चतुर्वेदी के सिर से लगातार खून बह रहा है। जानलेवा हमला करने वाले अपराधी अब भी पीडित परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। इस गिरोह के बदमाश आपराधिक प्रवृति के हैं जिन्होंने गांव में आंतक मचा रखा है। पीडित का जीना दूभर कर रखा है, पूरे परिवार की जान लेने पर उतारू हैं। पीडित ने एसपी को ज्ञापन देकर इन लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर अविलम्ब गिरफ्तार करने की मांग की।

# तीन माह से नहीं मिला वेतन, सफाईकर्मियों ने किया झाड़ू प्रदर्शन

- सामूहिक हड़ताल की दी चेतावनी
- ठेके की शर्तों के मुताबिक श्रम नियमों के तहत हर माह की 7 तारिख को दिया जाना चाहिए वेतन
- सफाई कर्मियों की यदि हुई हड़ताल तो कोटपूतली में बिगड़ जायेगे हालात

**कोटपूतली, (निसं)।** विगत तीन माह से वेतन नहीं मिलने समेत विभिन्न समस्याओं को लेकर कस्बे के सफाईकर्मी गुरूवार को आक्रोशित नजर आये। अखिल भारतीय वाल्मिकी महासभा की जिला कार्यकारिणी के तत्वाधान में वाल्मिकी समाज के सफाईकर्मियों ने नगर परिषद पार्क में लामबंद होते हुये परिषद प्रशासन के विरूद्ध विशाल झाडू प्रदर्शन भी किया।

समाज के लोगों का कहना था कि विगत तीन माह से उन्हें वेतन नहीं मिला है। समाज के लोग रोजमर्रा के खर्चे को लेकर भी परेशान है। जबकी ठेके की शर्तो व श्रम विभाग के नियमों की मांने तो सफाई कर्मियों को ठेकेदार द्वारा प्रत्येक माह की 7 तारिख को वेतन दिये जाने का प्रावधान है यदि शर्तो की पालना ठेकेदार फर्म द्वारा नहीं कि जाती तो ठेका निरस्त करने का भी प्रावधान है। वाल्मिकी समाज के सफाई कर्मियों ने सामूहिक हडताल की चेतावनी देते हुये कस्बे की सफाई का ठेका वाल्मिकी समाज से बाहर के व्यक्ति को दिये जाने पर भी विरोध जताया है साथ ही सफाईकर्मी भर्ती प्रक्रिया में प्राथमिकता देने की भी मांग की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि उनकी मांगे नहीं मानी गई तो वे सामूहिक हडताल पर चले जायेगें।

इस सम्बंध में वार्ड पार्षद ताराचंद वाल्मिकी, विकास, मनीष, धनराज, अनुराज वाल्मिकी, इन्द्राज, संजय, राहुल, बिरजू, अनुराग, गद्दू, नितिश आदि सफाईकर्मियों ने बताया कि वेतन ना मिलने से उनका रोजमर्रा का घर खर्च भी चलाना मुश्किल हो गया है। साथ ही अपने बच्चों की फीस, किताबें व दुध जैसी बुनियादी जरूरतों की पूर्ति भी नहीं हो पा रही है।

बडी संख्या में सफाईकर्मी परिवार आर्थिक कठिनाईयों का सामना कर रहे है। इस दौरान सर्व वाल्मिकी समाज व वाल्मिकी यूनियन की ओर से जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन भी सौंपा गया। उल्लेखनीय है कि कस्बे की सफाई व्यवस्था पहले ही बिगड़ी हुई, अगर सफाईकर्मी हडताल पर चले जाते है तो स्थिति ओर भी बिगड़ सकती है। प्रदर्शन के दौरान बडी संख्या में महिला एवं पुरूष सफाईकर्मी मौजूद थे।

जिला कलेक्टर को सौंपे गये ज्ञापन में प्रतिमाह 2 तारिख से पूर्व वेतन का भुगतान करने, वेतन में पिछले तीन वर्षो से नहीं मिल रहे पीएफएसआई का भुगतान करवाने, सफाईकर्मियों को साप्ताहिक अवकाश दिये जाने, सफाईकर्मियों से निर्धारित कार्य से अलग कार्य करवाये जाने पर हार्ड ड्युटी भत्ता दिये जाने, कम से कम सात हजार रूपये मासिक निर्धारित मजदूरी दी जाने, सफाई ठेके में वाल्मिकी समाज के ठेकेदारों को प्राथमिकता दिये जाने की भी मांग की गई।

## सचिन पायलट ने 21 लाख की स्वीकृति जारी की

**टोंक, (निसं)।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं टोंक विधायक सचिन पायलट ने अपने निर्वाचन क्षेत्र टोंक स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, कोहना में आवश्यक भौतिक संसाधन उपलब्ध कराने के लिए 'विधायक स्थानीय विकास कोष' से 21 लाख रूपये की स्वीकृति जारी की है। उक्त राशि द्वारा विद्यालय भवन हेतु लिफ्ट, सीसीटीवी कैमरे, वाटर कूलर, इलेक्ट्रिक बैल सिस्टम, इन्वर्टर, म्यूजिकल साउण्ड सिस्टम, क्लास रूम डिजिटल बोर्ड, रिसेप्शन काउंटर, एयरपोर्ट सोफा आदि खरीदे जायेंगे। कांग्रेस नेता पीसीसी सदस्य सऊद सईदी, नगर परिषद सभापति अली अहमद, कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा आदि ने पायलट का आभार जताया।



## सार-समाचार

### स्तनपान कराने का महत्व बताया



**टोंक, (निसं)।** विश्व स्तनपान दिवस पर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केन्द्र टोंक के स्तनपान प्रबन्धन केन्द्र में (मदर मिल्क बैंक) गुरूवार को स्तनपान सप्ताह आयोजित कर शुरूआत की। इस मौके पर डॉ. विनोद परवरिया प्रभारी मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केन्द्र, डॉ. चेतन जैन, डॉ. राजीव गुर्जर ने बताया कि शिशु को प्रथम एक घन्टे में स्तनपान एवं 6 माह तक शिशु को केवल स्तनपान कराने के महत्व के बारे में बताया, जिससे बच्चें को कुपोषण एवं अन्य बीमारियों से सुरक्षित रखा जा सके। प्रत्येक साल 1 से 7 अगस्त के बीच "विश्व स्तनपान दिवस का आयोजन किया जाता है, इसमें स्तनपान जागरूकता को लेकर विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन होता है। इस अवसर पर स्त्री रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, समस्त वार्ड प्रभारी नर्सिंग ऑफिसर, नर्सिंग ट्यूटर, समस्त रेजीडेन्ट एवं सी.एल.एम.सी स्टॉक मौजूद रहे।

### विद्युत दरों की बढ़ोतरी के विरोध में प्रदर्शन

**निवाई, (निसं)।** प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा विद्युत दरों की बढोतरी को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गुरूवार को अहिंसा सर्किल स्थित गांधी पार्क में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष पारस पहाडी व ब्लॉक अध्यक्ष शंकरलाल चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार की विफलताओं को लेकर नारेबाजी की। शहर अध्यक्ष पारस पहाडी ने कहा कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल है। राजस्थान में बढते हुए क्राइम, हत्या के मामले, चैन स्कैनिंग, महिला उत्पीडन, नाबालिग बच्चियों के साथ लगातार बढते हुए दुष्कर्म के मामले लगातार बढते जा रहे हैं। ब्लॉक अध्यक्ष शंकरलाल चौधरी ने भाजपा सरकार ने महात्मा गांधी जीवन दर्शन संग्रहालय बंद कर दिया जिससे कार्यकर्ताओं में आक्रोश है। इस अवसर पर रामकिशन टोडवाल, प्रदीप पारीक, ढाणी जुगलपुरा सरपंच प्रतिनिधि पप्पू मीणा व पवन बोहरा सहित कांग्रेस कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### हिमांशु गुप्ता का सम्मान

**बहरोड/नीमराना, (निसं)।** नीमराना के राठ इंटरनेशनल स्कूल के छात्र हिमांशु गुप्ता का जेईई एडवांस में आईआईटी खडगपुर में चयन होने पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। नीमराना की वीवी बिल्डर कॉलोनी में राठ इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा 12 के छात्र हिमांशु गुप्ता के जेईई एडवांस में सफलता प्राप्त करने व विद्यालय के 24 छात्रों के परीक्षा देने पर 15 छात्रों का जेईई एडवांस में चयन होने पर विद्यालय चेयरमैन बलवान सिंह यादव व विद्यालय के स्टाफ द्वारा छात्र की दादी व माता पिता को शाल उढाकर व साफा सहित फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान एकेडमिक निदेशक रवींद्र, प्राचार्य केपी बर्वे, एकेडमिक डायरेक्टर सन्दीप यादव, कोचिंग हैड पंकज कुमार, प्रवीण गर्ग, प्रवीण यादव, दीपक गुप्ता, कोऑर्डिनेटर अजय यादव, जलेसिंह यादव आदि स्टाफ मौजूद रहे। वहीं योगेश गुप्ता ने हिमांशु की सफलता का श्रेय क्षेत्र के राठ विद्यालय व उनके शिक्षकों को जाने की बात कही।

### कावड़ियों की शोभायात्रा का स्वागत

**पावटा, (निसं)।** कस्बे पावटा से पवित्र गंगाजल लेने के लिए गंगोत्री व हरिद्वार गए कांवडियों के आगमन पर बाबा भूतनाथ जोहडा धाम पावटा मंदिर महंत जय राम दास महाराज के सानिंध्य व बाबा भूतनाथ जोहडा धाम पावटा कमेटी के नेतृत्व मे गुरुवार को कस्बे में निकली भव्य शोभायात्रा का जगह-जगह जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों, महिलाओ व ग्रामीणों द्वारा पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। शोभायात्रा में बाबा भोले व कांवडियों की शोभायात्रा व आगे आगे चल रहे ढप व डीजे पर चल रहे बाबा भोले के भजनों ने लोगों को मंत्र-मुग्ध कर दिया। वही बाबा भोले व राधा कृष्ण की सजीव झांकियाँ आकर्षण का केंद्र रही। वही बाबा भूतनाथ जोहडा धाम पावटा कमेटी वरिष्ठ सदस्य दिनेश शर्मा, रामोतार शर्मा, मामराज भंडारी, सुशील गौड, कमेटी अध्यक्ष विकास शर्मा, कोषाध्यक्ष विनीत गोयल, हिमांशु शर्मा, प्रदीप टांक ने बताया कि शुक्रवार को सुबह 9 बजे से जनप्रतिनिधियों व नगरवासियों एवं कावडियों द्वारा बाबा भूतनाथ जोहडा धाम पावटा पर विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुए गंगाजल से जलाभिषेक किया जायेगा।

### गुमशुदा विवाहिता की तलाशी की मांग

**राजगढ, (निसं)।** पुलिस थाना क्षेत्र के गांव से गुमशुदा विवाहिता को बरामद करने की मांग को लेकर ग्रामीण महिला पुरुषों ने पुलिस थाने पर धरना दिया। भारतीय किसान यूनियन के नेतृत्व में दिए गए धरने के बाद पुलिस थाना प्रभारी ने 10 दिवस में विवाहिता को बरामद करने का आश्वासन दिया। विदित रहे की राजगढ थाना क्षेत्र के एक गांव से विवाहिता के गुमशुदा होने का मामला दर्ज हुआ था। प्रकरण के अनुसार 24 अप्रैल 2024 को गांव निवासी विवाहिता के पति ने दर्ज कराया की उसकी 29 वर्षीय पत्नी घर से बिना बताए चली गई। वह अपने साथ में कागजात, पांच हजार रुपए एवं जेवरात भी साथ ले गई। विवाहिता स्वयं का मोबाइल फोन भी छोड़ कर चली गई एवं किसी अन्य नंबर से बात करती है। भारतीय किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष पुखराज गुर्जर, मीनाक्षी मीणा ने विवाहिता के बरामद नहीं होने को लेकर रोष जताया। किसान नेताओं ने कहा कि 10 दिवस में विवाहिता की बरामदगी नहीं हुई तो मजबूरन ग्रामीणों को पुलिस थाने पर धरना प्रदर्शन एवं आमरण अनशन करना पडेगा। पुलिस थाना प्रभारी रामजी लाल मीणा की ओर से बरामद करने का आश्वासन के पश्चात धरना समाप्त हो गया।

### पुलिस ने 310 वांछित आरोपी पकड़े

**टोंक, (निसं)।** जिला पुलिस अधीक्षक संजीव नैन ने पुलिस मुख्यालय के निर्देशों पर वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी एवं एरिया डॉमिनेन्स के संबंध में चलाये गये एक दिवसीय विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टोंक, मालपुरा एवं समस्त वृत्ताधिकारियों के नेतृत्व में सम्पूर्ण जिले के थानों पर थानाधिकारी द्वारा टीमें गठित कर विभिन्न स्थानों पर दबिश और धरपकड की कार्यवाही की गई। अभियान के दौरान जिले में कुल 367 पुलिसकर्मियों की 99 टीमों का गठन कर 399 स्थानों पर दबिश दी जाकर कुल 310 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। अभियान के अन्तर्गत टीमों द्वारा आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, आबकारी एक्ट, हत्या/हत्या का प्रयास, लूट, डकैती आदि जघन्य अपराधों में वांछित एवं जिले के स्थायी वारण्टी, उद्घोषित, भगौडे अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही की गई।

### किरावल पंचायत का कनिष्ठ सहायक निलंबित

**मालपुरा, (निसं)।** उपखण्ड क्षेत्र की किरावल ग्राम पंचायत में पदस्थापित कनिष्ठ सहायक मुकेश राठौड को पंचायत समिति विकास अधिकारी सतपाल कुमावत ने निलम्बित किया। सहायक प्रशासनिक अधिकारी जयनारायण जाट ने बताया कि सरकारी आदेशों की अवहेलना एवं कार्य के प्रति घोर लापरवाही करने एवं जांच कार्यवाही प्रभावित किये जाने के चलते राजस्थान सिविल सेवा नियम 1958 के नियम 13 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये पंचायत समिति विकास अधिकारी सतपाल कुमावत ने मुकेश राठोड को निलम्बित कर आगामी आदेशों तक मुख्यालय पंचायत समिति मालपुरा किया गया। निलम्बन अवधि के दौरान राठौड को नियमानुसार निर्वाह भत्ता देय होगा।

### प्रकाशित खबर में भूल सुधार

**टोंक, (निसं)।** सचिन पायलट का बुधवार को एक दिवसीय टोक दौरे के दौरान प्रकाशित "काला बाबा मोहल्ला में पार्षद रामदेव के यहां हुई अकाल मृत्यु के स्थान पर रामदेव गुर्जर की पुत्री की मृत्यु हो जाने पर उनके निवास पर पंहुचकर पायलट ने परिजनों को ढाढंस बधाया पढ़ा जावें।



मैंने क्रिकेट से दूर अच्छा समय बिताया। वर्ल्ड कप जीतने के बाद घर वापस आना एक शानदार अहसास था जिसमें दिल्ली और मुंबई में अनुभव अद्भुत रहा, लेकिन अब हमें आगे बढ़ना होगा क्योंकि क्रिकेट आगे बढ़ता है। - रोहित शर्मा

भारतीय क्रिकेटर, आज से भारत और श्रीलंका के बीच वनडे सीरीज के आगाज पर बोलते हुए।




**आज का खिलाड़ी** — रिंकू सिंह



भारत के युवा बल्लेबाज रिंकू सिंह श्रीलंका के खिलाफ तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में स्टार बनकर उभरे, लेकिन बल्लेबाजी में नहीं बल्कि गेंदबाज की भूमिका में। मेजबान टीम जब आठ विकेट पर 137 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जीत की ओर बढ़ रही थी तब कप्तान सूर्यकुमार यादव ने गेंद रिंकू को थमा दी तब प्रतिद्वंद्वी टीम को 12 गेंद पर नौ रन की जरूरत थी। इसमें उन्होंने सिर्फ तीन रन दिए और कुसल परेरा और रमेश मेंडिस के विकेट लिए। फिर 20 ओवर के बाद स्कोर बराबर होने के कारण मैच सुपर ओवर में चला गया जिसमें भारत विजेता रहा।

**क्या आप जानते हैं ?...** क्रिकेट खिलाड़ियों की आत्म कथाओं की पुस्तक का सबसे छोटा नाम पाकिस्तानी क्रिकेटर जहीर अब्बास की पुस्तक का है। इसका शीर्षक जेड है।

# संघर्ष की मिसाल हैं स्वप्लिन कुसाले, कर्ज लेकर पिता ने सिखाई शूटिंग

## फाइनल में पहुंचने के बाद नहीं किया फोन, महाराष्ट्र सरकार कांस्य जीतने पर स्वप्निल कुसाले को देगी 1 करोड़ इनामी राशि, नौकरी में भी मिलेगा प्रमोशन

शेटराउ, 1 अगस्त। अपना पहला ओलिंपिक खेल रहे भारत के स्वप्निल कुसाले ने पेरिस में पुरूषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में कांस्य पदक जीता। क्वालीफिकेशन में सातवें नंबर पर रहे स्वप्निल ने 451.4 स्कोर करके तीसरा स्थान हासिल किया। शूटिंग बेहद खर्चीला गेम होता है। राइफल और अन्य उपकरणों पर काफी पैसे खर्च करने पड़ते हैं। अभ्यास में दागे जाने वाली हर गोली का भी खर्च होता है। एक समय था जब प्रैक्टिस के लिए गोलियां खरीदने के लिए स्वप्निल के पास पूरे पैसे नहीं थे, लेकिन पिता ने कर्ज लेकर अपने बेटे को खेलने के लिए प्रोत्साहित किया था। तब समय एक बुलेट की कीमत 120 रुपये थी।



ओलिंपिक कांस्य पदक विजेता स्वप्निल कुसाले के माता-पिता ने कहा कि उन्हें यकीन था कि उनका बेटा तिरंगे और देश के लिए पदक जीतेगा। स्वप्निल के शिक्षक पिता ने कोल्हापूर में पत्रकारों से कहा, हमने उसे उसके खेल पर फोकस करने दिया और कल फोन भी नहीं किया। पिछले दस बारह साल से वह घर से बाहर ही है और अपनी निशानेबाजी पर फोकस कर रहा है, उसके पदक जीतने के बाद से हमें लगातार फोन आ रहे हैं। गांव की सरपंच स्वप्निल की मां ने कहा, वह सांगली में पब्लिक स्कूल में था जब निशानेबाजी में उसकी रूचि जगी। बाद में वह ट्रेनिंग के लिए नासिक चला गया।

खास बात यह है कि इस बार के ओलिंपिक में अब तक तीनों मेडल शूटिंग इवेंट्स में ही मिले हैं। स्वप्निल कुसाले 2015 में कुवैत में हुई एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में 50 मीटर राइफल प्रोन 3 इवेंट में गोल्ड मेडल जीत चुके हैं। उन्होंने 59वें नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में गगन नारंग और चेन सिंह जैसे शूटर्स को हरा चुके हैं। मेडल जीतने के बाद स्वप्निल ने कहा, मुझे काफी खुशी हो रही है कि मैंने देश के लिए मेडल जीता। फाइनल के दौरान काफी नर्वस था, धड़कनें तेज हो गई थीं। स्वप्निल कुसाले ने 2015 में कुवैत में हुई एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में 50 मीटर राइफल प्रोन 3 इवेंट में गोल्ड मेडल जीता था। इसके अलावा वे तुगलकाबाद में 59वें नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में गगन नारंग और चेन सिंह जैसे बड़े शूटरों को हराकर जीत हासिल कर चुके हैं। 12 साल बाद ओलिंपिक डेब्यू किया, स्वप्निल महाराष्ट्र के पुणे में जन्मे है । 28 साल के स्वप्निल 2012 से इंटरनेशनल शूटिंग इवेंट्स में हिस्सा ले रहे हैं।

ओलिंपिक-2024 में डेब्यू किया है। पहले ही ओलिंपिक में स्वप्निल ने ब्रॉन्ज मेडल जीता है। स्वप्निल के रोल मॉडल एमएस धोनी हैं। धोनी की तरह स्वप्निल भी सेंट्रल रेलवे में टिकट कलेक्टर हैं। स्वप्निल भी धोनी की तरह ही शूटिंग रेंज में शांत रहते हैं। स्वप्निल की मां कंबलवाडी गांव की सरपंच हैं। पिता और भाई टीचर हैं। उनकी इस जीत से पूरे देश में खुशी की लहर है। वहीं स्वप्निल सेंट्रल रेलवे में टीसी के तौर पर काम करते हैं। अब उनकी मेडल जीतने की खुशी में रेलवे ने उनका प्रमोशन करके बड़ा तोहफा दिया है।

स्वप्निल पहली बार ही ओलंपिक में हिस्सा ले रहे थे और इसमें ही उन्होंने पहला मेडल जीत लिया। उनकी इस सफलता को देखते हुए सेंट्रल रेलवे के जनरल मैनेजर रामकरन यादव ने स्वप्निल को अधिकारी बनाने का ऐलान किया है। अब वह टीसी के पद से प्रमोट होकर ऑफिसर ऑन स्पेशल ड्यूटी यानी बन गए हैं। इसके अलावा महाराष्ट्र सरकार ने उन्हें 1 करोड़ की इनामी राशि देने का भी ऐलान किया है। इस कड़ी में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने भी स्वप्निल के परिवार को फोन करके बधाई दी।

## पतिराना और मदुशंका भारत के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर हुए

पल्लेकल, 1 अगस्त। चोटिल मतीशा पतिराना और दिलशान मदुशंका भारत के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज से बाहर हो गये है। चोटिल तेज गेंदबाज मतीशा पतिराना और दिलशान मदुशंका बाहर हो गए हैं। पतिराना को कंधे में परेशानी है वहीं मदुशंका के हैमस्ट्रिंग में खिचांव है। पतिराना को तीसरे टी-20 के दौरान क्षेत्ररक्षण करने के दौरान कंधे में चोट लगी थी और वह मैच में एक भी ओवर गेंदबाजी नहीं कर पाए थे। मदुशंका को अभ्यास के दौरान हैमस्ट्रिंग में खिंचाव हुआ। पतिराना की जगह पर अनकैप्ड खिलाड़ी मोहम्मद सिराज को टीम में लाया गया है। जल्द ही एक और खिलाड़ी की घोषणा टीम करेगी। बिनुरा फर्नांडो यह खिलाड़ी हो सकते थे। उन्होंने 2021 के मध्य से एकदिवसीय मैच नहीं खेला है।


राजस्थान सरकार
**कार्यालय तहसीलदार, तहसील जमवारामगढ, जिला जयपुर**
क्रमांक-एलआर/2024/217 दिनांक-29/7/24
**आम सूचना** प्रार्थी श्री हबीब खान पुत्र स्व. श्री बशीर खान, जाति मुसलमान, निवासी मकान न.2260, बड़ा पार्क तकिया यकीन शाह, चौकडी तोपखाना हुजूरी, जयपुर ने एक प्रार्थनापत्र प्रस्तुत कर अपनी माता स्व. सुगरा बेगम पत्नी बशीर खां जाति मुसलमान निवासी मकान न. 2260, बड़ा पार्क तकिया, यकीन शाह चौकडी तोपखाना हुजूरी जयपुर द्वारा दिनांक 23.12.2005 को की गई वसीयत के आधार पर ग्राम सायपुरा के खसरा नम्बर 295/1 एवं 295/2 रकबा 17 बीघा 14 बिस्वा किस्म बारानी-1 में 1/2 हिस्सा एवं खसरा न. 294 रकबा 1 बिस्वा किस्म बारानी-1, खसरा न. 295/3 रकबा 2 बिस्वा में 1/2 का 1/2 हिस्सा खातेदारी भूमि का नामान्तरण अपने के पक्ष में खुलवाने हेतु निवेदन किया। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, वसीयतकर्ता / मृतक स्व.सुगरा बेगम पत्नी बशीर खां जाति मुसलमान निवासी मकान न. 2260, बड़ा पार्क तकिया, यकीन शाह चौकडी तोपखाना हुजूरी जयपुर के संबंध मे किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की कोई सूचना / जानकारी या आपत्ति है तो इस प्रकरण में नियत दिनांक 8/8/24 को पेश करें। उक्त नियत दिनांक के उपरान्त किसी भी व्यक्ति की कोई आपत्ति नही सुनी जावेगी।
तहसीलदार, जमवारामगढ (जयपुर)

**आम सूचना** दि: 01/08/2024
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की में अब्दुल हमीद पुत्र स्व. हाजी बफाती उम्र 70 वर्ष जाति मुसलमान निवासी 1550 खाचरियावास हाउस के पास गंगापोल चार दरवाजा रोड जयपुर पर निवास करता हूँ यह कि उक्त मकान में सन 2010 से 2015 तक मोहम्मद इशाक राठौड पुत्र मोहम्मद इस्माइल राठौड अपने समस्त परिवार सहित किरायेदार के रूप में मकान में निवास करते थे इसी दौरान अपने व समस्त परिवार के समस्त दस्तावेजात मेरे मकान के पते पर बना लिये थे और वर्तमान में भी इनके समस्त दस्तावेजात इसी पते पर है और यह वर्तमान में इस पते पर निवास नही करते है तथा मोहम्मद इशाक राठौड व समस्त परिवार को इस पते पर किसी भी तरह का बैंक लोन व ऋण ना दे तथा इनके द्वारा किये गये वैद्य या अवैद्य कार्यो के लिये यह स्वयं जिम्मेदार होंगे। इनसे मेरा कोई लेना देना नहीं है।
आमिर अहमद (एडवोकेट) 7062600030

**जयपुर विकास प्राधिकरण** www.jda.urban.rajasthan.gov.in
क्रमांक जविप्रा/जोन-पीआरएन-उत्तर(द्वितीय)/2024/डी-538,539
सार्वजनिक सूचना दिनांक-11.07.2024
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मित्र गृह निर्माण सहकारी समिति लि0 जयपुर की योजना श्री राम विहार बी.के

| क. सं | नाम | भूखण्ड सं. | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती पिंकी बंजारा पत्नी श्री पवन बंजारा | 23 | 100 वर्गगज |
| 2. | श्री जितेन्द्र बंजारा पुत्र श्री लाल चन्द बंजारा | बी-1ए | 138.88 वर्गगज |

लीजडीड ओर नियमन भू आवंटन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि उक्त भूखण्ड के स्वामित्व के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति /संस्था को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस की अवधि में कार्यालय को आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा आवेदको के पक्ष में उक्त भूखण्ड की लीजडीड करदी जावेगी।
उपायुक्त/पीआरएन-उत्तर- पीआरएन जविप्रा जयपुर

**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद संख्या- 5058/2024
विषय : उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र
प्रार्थी:-नाम- 1. मनीष माथुर पुत्र श्री प्रकाश चंद्र माथुर, आयु 44 वर्ष, निवासी-मकान नंबर 81, गली नंबर 6, नया राजगुरू नगर, लालबाग, लुधियाना, पंजाब। 142028
2. मनिषा माथुर पत्नी श्री कल्पेश माथुर, आयु 46 वर्ष, निवासी 236, राम नगर, वार्ड नंबर 3 नंदन वन जोधपुर हाल निवास-2 ब 15, हाउसिंग बोर्ड पाली राजस्थान।
मृतक पुत्र श्री प्रकाश चंद्र माथुर पुत्र स्व श्री उमराव चंद माथुर तथा उषा माथुर पत्नी श्री प्रकाश चंद्र माथुर के बैंक लॉकर के विषय में।
पेशी दिनांक. 21.08.2024
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि उसके मृतक पुत्र, उषा माथुर पत्नी श्री प्रकाश चंद्र माथुर निवासी प्लॉट नंबर ए 27, अर्जुनपुरी इमलीवाला फाटक, जयपुर राजस्थान का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावे।
अतः उक्त प्रार्थनापत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 21 माह 08 सन 2021 को उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करे। उक्त दिवस के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी।
आज दिनांक 20 माह 07 सन 2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
प्रार्थीगण ने मृतका उषा माथुर के नाम प्रा.पत्र में वर्णित लॉकर बाबत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र चाहा है।
मोहर अदालत
आज्ञा न्यायालय से-वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सैशन न्यायालय
जयपुर महानगर-प्रथम


# लक्ष्य ने क्वार्टरफाइनल में बनाई जगह



नई दिल्ली, 1 अगस्त। पेरिस ओलंपिक 2024 में बैडमिंटन मेंस सिंगलस में भारत बनाम भारत का मुकाबला देखने को मिला। जहां ये मुकाबला लक्ष्य सेन और एचएस प्रणॉय के बीच हुआ। इस मैच में लक्ष्य सेन ने बाजी मारते हुए क्वार्टरफाइनल में एंट्री की है जबकि प्रणॉय का सफर खत्म हो गया है।

लक्ष्य ने प्रणॉय को 2-0 से हराया। अपना पहला ओलंपिक खेल रहे लक्ष्य सेन ने अब तक इस ओलंपिक में एक भी मुकाबला नहीं हारा है। वहीं इस मुकाबले में उन्होंने प्रणॉय को कोई मौका नहीं दिया। वह 11-6 से आगे थे इसके बाद उन्होंने गेम को 21-12 से अपने नाम कर लिया। अब शुक्रवार यानी 2 अगस्त को लक्ष्य सेन की भिड़ंत चीनी ताइपे के 12वीं वरीयता प्राप्त चाउ तिएन चेन के साथ होगा। अगर सेन ये मैच भी जीत जाते हैं तो वह ओलंपिक खेलों के पुरुष एकल स्पर्धा के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय बन जाएंगे।

# जरीन का मेडल जीतने का सपना टूटा



नई दिल्ली, 1 अगस्त। दो बार की विश्व चैम्पियन निकहत जरीन (50 किलो) का ओलंपिक पदक जीतने का सपना गुरुवार को खत्म हो गया। निखत को एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता चीन की वू यू से अप्रत्याशित हार मिली। गैर वरीय निकहत का यह पहला ओलंपिक था। उन्हें 0-5 से पराजय झेलनी पड़ी। पहले राउंड में भारत की बॉक्सर निकहत जरीन को निराशा हाथ लगी है। चीनी खिलाड़ी ने पहले राउंड को 4-1 से अपने नाम कर लिया।

दूसरे राउंड में भी फैसला चीन की वू यू के पक्ष में 3-2 से गया है। पहले राउंड में जीत हासिल करने के बाद तीसरे में भी उन्होंने बड़ी जीत के साथ निकहत के मेडल की उम्मीदों को खत्म कर दिया। राउंड ऑफ 32 में जर्मनी की बॉक्सर मैक्सी क्लोएटजर को हराने के बाद निकहत का मुकाबला एशियाई खेलों और मौजूदा फ्लाइवेट वर्ल्ड चैंपियन चीन की वू यू के साथ है। टॉप सीड वू यू को उनके पहले मुकाबले में बाई मिली थी। 5-0 से चीनी खिलाड़ी ने निकहत को हराते हुए उनके ओलंपिक मेडल जीतने का सपना पेरिस में तोड़ दिया।


**कार्यालय ग्राम पंचायत डिडायच पंचायत समिति चौथ का बरवाडा जिला सवाई माधोपुर (राज.)**
कमांक-ग्रा.प./2024-25/40 दिनांक-30/7/24
**ई-निविदा सूचना संख्या-01/2024-25**
ग्राम पंचायत डिजायच में वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत निर्माण कार्यों हेतु आनुसांगिक सामग्री आपूर्ति / निर्माण उपकरण/निर्माण मशीनरी सेवाओ इत्यादि हेतु निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्योरमेन्ट पद्धित से निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण बेबसाइट http://sppp.rajasthan.gov.in. www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
NIB No.- PKI2425A0003
UBN No. - GPDIAAYCH METERIAL (PKI2425WSOB00003
सरपंच ग्राम पंचायत डिडायच — ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत डिडायच

**खोया पाया**

मेरे मकान सं.60/71, प्रताप नगर, जयपुर के मूल आवंटन, कब्जा पत्र व जमा रसीदे कहीं गुम हो गयी है। मिलने पर सम्पर्क करें। मंजीत कौर-8564980002

मेरा ओरिजिनल जेडीए पट्टा योजना न्याय वाटिका प्लॉट नंबर डी13ए , का मूल जेडीए पट्टा ,साइट प्लान व समस्त मूल पेपर कहीं रास्ते में गिर गए है मिलने पर संपर्क करें बद्रीलाल चौधरी 9829269607

प्लाट नं.63-ए, योजना मां वैष्णो नगर का समिति द्वारा जारी साईट प्लान गुम हो गया है। मिलने पर सम्पर्क करें। सुरेन्द्र सिंह-8107307355

मेरा प्लाट नंबर 4 मण्डावा हाउस जालूपुरा संसार चन्द रोड़ जयपुर के मूल कागजाद जिसमें रजिस्ट्री एव गिफ्ट डिड थे जो कही गिर गए मिले तो सुचीत करे। 9314517455

मैं श्री विजय शर्मा पुत्र श्री मोतीलाल शर्मा का भुखण्ड संख्या 56 क्षेत्रफल 112.19 वर्गगज आवासीय योजना श्याम वाटिका ग्राम हीरापुरा लुनियावास गोनेर रोड जयपुर का पट्टा गुम हो गया जो लक्ष्मी नगर गृह निर्माण समिति लि.जयपुर द्वारा काटी गई है मिलने पर सूचित करें- 9785902968

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम सारिका रानी से बदलकर सारिका 327/2 सैक्टर-2, विद्याधर नगर जयपुर रख लिया है। 8168188369

मैंने मेरा नाम प्रकाशचंद स्वर्णकार से बदलकर प्रकाश कुमार सोनी पुत्र श्री हनुमान सहाय सोनी रख लिया है। भविष्य में मुझे प्रकाश कुमार सोनी के नाम से जाना जावे। पताः-तेजाजी का बाडा, सांगानेर, जयपुर, राजस्थान

I Have Changed My Name From Hemant Kumar Chhatani To Hemant Kumar Chattani S/o Mohan Lal Chhatani For All Purpose. 345, Shankar Nagar, Kagdiwada, Brahmpuri, Jaipur (RAJ.)

I service no 2683336A Ex Hav unit GRC laxman singh S/O sawai singh R/O 210 manu enclave ext near Sai Baba mandir Vijay pura bas hathod jaipur that have my wife name From BINDESH KAUR (DOB 20/2/1974) To BINDESH KANWAR (DOB 1/1/1976) vide affidavit dated 30 July 24 before district notary Jaipur


## सरबजोत का स्वदेश लौटने पर हुआ जोरदार स्वागत

नई दिल्ली, 1 अगस्त। भारतीय निशानेबाज सबरजोत सिंह का गुरुवार को स्वदेश लौटने पर जोरदार स्वागत किया गया। पेरिस ओलिंपिक में 10 मीटर मिश्रित युगल निशानेबाजी में कांस्य पदक जीतने वाले सरबजोत का दिल्ली हवाईअड्डे पर ढोल-नगाड़े के साथ शानदार स्वागत किया गया। भारतीय एथलीटों में सरबजोत सिंह, अर्जुन बाबूता, रमिता जिंदल, एलावेनिल वलारिवन, रिदम सांगवान, संदीप सिंह और अर्जुन सिंह चीमा स्वदेश लौट आए हैं। उल्लेखनीय है कि सबरजोत ने पेरिस ओलंपिक में निशानेबाज़ी में मनु भाकर के साथ कांस्य पदक जीता था।

## विष्णु ने डिंगी में शुरू किया अभियान

पेरिस, 1 अगस्त। भारत के विष्णु सरवनन गुरुवार को पेरिस ओलंपिक 2024 में पुरुषों की डिंगी नौकायन प्रतियोगिता की पहली रेस में 10वें स्थान पर रहे। मौजूदा ग्रीष्मकालीन खेलों में डिंगी नौकायन प्रतियोगिता की शुरुआती सीरीज में कुल 10 रेस होंगी। सीरीज के अंत में शीर्ष 10 में स्थान हासिल करने वाली नौकाएं पदक राउंड में पहुंचेंगी। टोक्यो 2020 में 20वें स्थान पर रहे 25 वर्षीय विष्णु आज ही दूसरी रेस में हिस्सा लेंगे। विष्णु ने पिछले साल चीन के हांगझोऊ में आयोजित एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीता था।

# एच.एस. प्रणय की बेहतरीन जीत



नई दिल्ली, 1 अगस्त। पेरिस ओलंपिक 2024 में देर रात भारत के बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय का मुकाबला विएतनाम के डुक फाट के खिलाफ हुआ। जिसे प्रणय ने 2-1 से जीत लिया। पहला सेट गंवाने के बाद प्रणय वापसी करते हुए विएतनाम के खिलाड़ी को अन्य दो सेट में 16-21, 21-11, 21-12 से हरा दिया। इसके साथ ही प्रणय की प्री क्वार्टर फाइनल में एंट्री हो गई है। दिलचस्प बात ये है कि अब प्रणय अगला मुकाबला हमवतन लक्ष्य सेन के खिलाफ खेलेंगे।

अब लक्ष्य सेन, एचएस प्रणय और पीवी सिंदु ने पेरिस ओलंपिक में अपने अपने मुकाबले में शानदार तरीके से जीतक हासिल कर एकल प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने एस्तोनिया की क्रिस्टीन कूबा को सीधे गेमों में 21-5, 21-10 से हराया। रियो ओलंपिक में रजत और तोक्यो में कांस्य पदक जीतने वाली सिंधू ने यह एकतरफा मुकाबला 33 मिनट में जीता। वहीं लक्ष्य ने दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी को सीधे गेमों में मात दी।

लक्ष्य का सामना प्री क्वार्टर फाइनल में हमवतन प्रणय होगा। जिन्होंने अपने आखिरी ग्रुप मैच में वियतनाम के ली डुक फाट को 16.21, 21.11, 21.12 से हराया लक्ष्य ने जीत के बाद कहा, " यह काफी कठिन मैच था और मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं।" उन्होंने कहा ," स्वर्ण पदक पर नजरें हैं। पिछले कुछ महीने से प्रदर्शन अच्छा रहा है। उतार चढाव आये हैं लेकिन कुल मिलाकर प्रदर्शन अच्छा ही रहा है।" वहीं सिंधू दुनिया की नौवें नंबर की खिलाड़ी चीन की ही बिंगजियाओ से खेल सकती है जिसके खिलाफ वह 11 बार हारी और नौ बार जीती हैं। सिंधू ने तोक्यो ओलंपिक में उसे ही हराकर कांस्य पदक जीता था।

## सात्विक-चिराग की जोड़ी का मेडल जीतने का सपना टूटा, मलेशिया की जोड़ी से हारे

नई दिल्ली, 1 अगस्त। भारत के चिराग-सात्विक की जोड़ी ने इस मैच में पहला गेम अपने नाम कर लिया है। भारतीय जोड़ी ने पहले गेम में मलेशियाई जोड़ी को 21-13 से हराया। पहला गेम कांटे का रहा, दोनों खिलाड़ियों ने शुरुआती गेम विपक्षी पर 1-0 की बढ़त बनाई। लेकिन फिर भारतीय जोड़ी अपना दूसरा गेम नहीं बचा पाई। और मलेशियाई जोड़ी से 21-14 से हार बैठी। साथ ही तीसरा और निर्णायक गेम में भारतीय जोड़ी को 21-16 से हार झेलनी पड़ी। हालांकि, तीसरा गेम कांटे का रहा। एक समय पर दोनों जोड़ियां 15-15 के स्कोर की बराबरी पर थीं। फिर स्कोर को मलेशियाई जोड़ी ने 19-16 कर दिया। इसके बाद भारतीय जोड़ी वापसी नहीं कर पाई और मैच गंवा बैठी।

## इम्पैक्ट प्लेयर का नियम समाप्त हो : दिल्ली कैपिटल्स

मुंबई, 1 अगस्त। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के टीम मालिकों के साथ हुई बैठक में इम्पैक्ट प्लेयर के नियम को समाप्त करने, नीलामी के दौरान राइट टू मैच का विकल्प सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। बीसीसीआई की जारी विज्ञप्ति के अनुसार आईपीएल 2025 के रिटेंशन से जुड़ी बिंदुओं को लेकर बुधवार को हुई इस बैठक में दिल्ली कैपिटल्स के सह-मालिक पार्थ जिंदल ने कहा कि इम्पैक्ट प्लेयर के नियम को समाप्त किया जाना चाहिए। वहीं सनराइजर्स हैदराबाद की मालकिन काव्या मारन ने कहा कि विदेशी खिलाड़ियों की संख्या पर बिना कोई प्रतिबंध लगाए टीमों को कम से कम सात खिलाड़ियों को रिटेन करने दिया जाए। बैठक में नये खिलाड़ियों को स्काउट करने और उनकी प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए क्या टीमों को इंसेंटिव को लेकर भी चर्चा हुई। हालांकि हर पांच वर्ष पर बड़ी नीलामी के सवाल पर टीम मालिक एकमत नहीं दिखे।

# बेल्जियम ने लगाया भारतीय हॉकी टीम के अजेय अभियान पर ब्रेक, 2-1 से मिली हार

नई दिल्ली, 1 अगस्त। भारतीय हॉकी टीम को पूल बी के मुकाबले में बेल्जियम से 2-1 से हार का सामना करना पड़ा। वहीं बेल्जियम ने ने भारत के विजेयी अभियान को रोकने का काम किया है।



भारत को अभिषेक ने दूसरे क्वार्टर में गोल कर शुरूआती बढ़त दिलाई, लेकिन बेल्जियम के लिए थिबेटू स्टॉकब्रोएक्स और जॉन डोचमैन ने तीसरे क्वार्टर में एक-एक गोल दागकर टीम को बढ़त दिलाई। जो अंत तक बरकरार रही। भारतीय टीम ने बेल्जियम के खिलाफ मैच से पहले कोई मुकाबला नहीं गंवाया था। भार इससे पहले न्यूजीलैंड और आयरलैंड के खिलाफ भारत को जीत मिला, जबकि अर्जेंटीन के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला था। हालांकि, बेल्जियम के खिलाफ शुरुआती बढ़त लेने के बावजूद टीम को हार का सामना करना पड़ा।


**कार्यालय नगर पालिका मण्डल, फुलेरा जिला जयपुर**
क्रमांक-न.पा.फु/2024-25/822 **विज्ञप्ति सूचना** दिनांक-01.08.2024
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्तियों ने निर्माण ईजाजत/आज्ञा हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है।

| क्र.सं. | प्रार्थी का नाम | स्थान | उपयोगार्थ | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री श्याम सुन्दर शर्मा पुत्र पूरण मल शर्मा | प्लाट नं. 78-सी ग्रिड सब स्टेशन के पास हरदेव जोशी कॉलोनी फुलेरा | निर्माण आज्ञा | 266.66 वर्गगज |

किसी भी व्यक्ति को निम्नांकित ईजाजत बाबत आपत्ति हो तो आपत्ति आमंत्रण सूचना जारी होने की तिथि से 7 दिवस के अन्दर मयाद विधिमान्य दस्तावेजों सहित लिखित में आपत्ति कार्य दिवस के दौरान कार्यालय समय में अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करावें बाद मयाद गुजरने आपत्ति मान्य नहीं होगी।
अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका मण्डल, फुलेरा


# ओलंपिक बॉक्सर ने बीच में छोड़ी फाइट

नई दिल्ली, 1 अगस्त। फ्रांस की राजधानी पेरिस में चल रहे ओलंपिक 2024 में एक और विवाद सामने आया है। इटली की मुक्केबाज एंजेला कारिनी ने गुरुवार को अल्जीरियाई मुक्केबाज इमाने खलीफ के खिलाफ अपने वेल्टरवेट मुकाबले को सिर्फ 46 सेकंड के बाद ही रोक दिया। कारिनी ने अपनी नाक में तेज दर्द का हवाला देते हुए मैच को जारी रखने से इंकार कर दिया। हालांकि, कारिनी ने इस मुकाबले को अपनी हार नहीं माना है।



इसकी वजह उनके विरोधी बॉक्सर इमाने खलीफ हैं। खलीफ को 2023 वर्ल्ड चैंपियनशिप में जेंडर एलिजिबिलिटी मानदंडों को पूरा न करने के कारण बाहर कर दिया गया था, लेकिन उन्हें पेरिस ओलंपिक में खेलने की अनुमति दी गई है। अब इसको लेकर विवाद खड़ा हो गया है। खलीफ एमेच्योर मुक्केबाज हैं जिन्होंने अंतराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ की 2022 विश्व चैम्पियनशिप में रजत पदक जीता। पिछले साल की विश्व चैम्पियनाशिप में उन्हें स्वर्ण पदक मैच से ठीक पहले 'डिस्क्वालीफाई' घोषित कर दिया था क्योंकि जांच में दावा किया गया कि उनके टेस्टोस्टेरोन का स्तर बढ़ा हुआ था। सोशल मीडिया पर कई लोग दावा कर रहे हैं कि खलीफ एक पुरुष हैं और उन्हें महिलाओं के गेम में खेलने दिया जा रहा है। सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहा है। एक्स (ट्विटर) के मालिक एलन मस्क ने भी इटली की मुक्केबाज एंजेला कारिनी का समर्थन किया है। एक्स पर एक यूजर ने एंजेला कारिनी की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, "महिलाओं के गेम में मर्दों का का क्या काम। मैं एंजेला कारिनी के साथ खड़ी हूं।" इसी ट्वीट को रीट्वीट करते हुए एलन मस्क ने सहमति जताई और लिखा, "बिल्कुल।"

## गौरव की कप्तानी में दिल्ली फिर खिताब की दावेदार : अनुज गुप्ता

नई दिल्ली, 1 अगस्त। दिल्ली सॉकर एसोसिएशन (डीएसए) अध्यक्ष अनुज गुप्ता ने कहा कि गौरव कुमार की अगुवाई वाली दिल्ली की टीम बीसी राय ट्रॉफी के लिए खेली जाने वाली जूनियर बॉयज फिर से चैम्पियनशिप में खिताब की दोवदार है।

डीएसए अध्यक्ष अनुज गुप्ता बताया कि दिल्ली की टीम का कप्तान गौरव कुमार को बनाया गया है। चैंपियनशिप के मैच नारायणपुर, छत्तीसगढ़ में उसी मैदान पर खेले जाने हैं, जहां कुछ माह पूर्व दिल्ली ने पहली बार आयोजित अंडर-20 बॉयज राष्ट्रीय चैम्पियनशिप का खिताब जीता था। उन्होंने बताया कि टीम का चयन चेयरमैन एसके सिंह, कन्विनर भूपेंद्र अधिकारी और धनवीर सिंह रावत की सदस्यता में गठित कमेटी द्वारा किया गया है।

उन्होंने बताया कि दिल्ली को क्वालीफाइंग मुकाबलों में ग्रुप 'बी' में झारखंड, गोवा और महाराष्ट्र के साथ है। दिल्ली तीन अगस्त को झारखंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। टूर्नामेंट में भाग लेने वाली अन्य टीमें पंजाब, चंडीगढ़, कर्नाटक, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मिजोरम, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, केरल और तमिलनाडु हैं। फाइनल 12 अगस्त को खेला जाएगा।


तूही निरंकार
तृतीय पुण्यतिथि



स्व. श्रीमती कलावन्ती जी
पत्नी स्व. श्री लोकचन्द जी आलवानी
आपकी तृतीय पुण्यतिथि पर शत्-शत् नमन।
श्रद्धावनत:
समस्त आलवानी परिवार।
KALAKIRTI
Factory No. 3, KM Colony, Sanganer.
9929151924, 9829168424

नम्बर मिलाइए
9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता (जगतपुरा जोन) नगर निगम, ग्रेटर जयपुर**
(नन्दपुरी रेल्वे अण्डरपास के पास, जगतपुरा, जयपुर)
क्रमांक :- ज.स.अ./2024/77 दिनांक :- 31/07/2024
**ई-निविदा सूचना संख्या - 11/2024-25**
केन्द्र एवं राज्य सरकार के सभी विभागों में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के ठेकेदारों एवं नगर निगम ग्रेटर, जयपुर के पंजीकृत निविदाताओं से अधिशाषी अभियन्ता जगतपुरा जोन से संबंधित विकास कार्यो हेतु निविदाए आमंत्रित की जाती है। कार्यो की अनुमानित लागत टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख टेण्डर शर्त आदि सम्पूर्ण विवरण नगर निगम ग्रेटर, जयपुर की वेबसाईट www.jaipurmc.org.com व राजस्थान सरकार के पोर्टल http://sppp.raj.nic.in तथा http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी व ड़ाउनलोड़ की जा सकती है। उक्त निविदाओं को (sppp.rajasthan.gov.in) पोर्टल पर अपलोड करवा दिया गया है।
(UBN No. - JMC2425WS0B00387)
अधिशाषी अभियंता, जगतपुरा जोन, नगर निगम ग्रेटर जयपुर
राज.संवाद/सी/24/3133

**कार्यालय नगर निगम, जयपुर हैरिटेज**
जलेबी चौक, बड़ी चौपड, जयपुर
क्रमांक :- अधि0 अभि0 (मु0) हैरिटेज/2024/257 दिनांक :- 31/07/2024
**ई-निविदा सूचना सं. अधि0 अभि0 (मु0) 37/2024-25**
केन्द्र एवं राज्य सरकार में उपयुक्त श्रेणी के ठेकेदारों एवं नगर निगम जयपुर हैरिटेज के निविदादाओं से अधि0 अभि0 (मु0) द्वारा सम्बन्धित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्यों की अनुमाति लागत, टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख, टेण्डर शर्त आदि सम्पूर्ण विवरण नगर निगम जयपुर की वेबसाईट www.jaipurmcheritage.org.com, eproc.rajasthan.gov.in एवं State Public Procurement Portal Government of Rajasthan की वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in के UBN No. :- JMC2425WSOB00388 पर भी देखी जा सकती है।
अधिशाषी अभियन्ता (मु0) नगर निगम जयपुर हैरिटेज
राज.संवाद/सी/24/3138

# 'पेपर लीकेज आउट साइड वाटर लीकेज इन साइड...'

## इण्डिया गठबंधन ने लोकसभा में भाजपा सरकार को व्यंगों व कटाक्षों से घेरा, नई लोकसभा में छत से बारिश का पानी टपकने पर

- अखिलेश यादव ने व आम आदमी पार्टी ने कटाक्ष किया कि 1,200 करोड़ की लागत से बनी, संसद की नई बिल्डिंग, अब 120 रूपए की बाल्टी पर आश्रित है, पानी का लीकेज फैलने से रोकने के लिये।
- कुछ सांसदों ने कहा, ''संसद की पुरानी बिल्डिंग बेहतर थी। उस बिल्डिंग में पुराने सांसद भी आकर बैठते थे और हम सब मिलते थे, अब हम एक बार फिर पुरानी बिल्डिंग में ही क्यों न शिफ्ट हो जायें।''

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 अगस्त। विपक्ष ने आज सत्तारुढ़ भाजपा की खिल्ली उड़ाई क्योंकि नए संसद भवन की छत से टपक रहे पानी को एकत्र करने के लिए एक बाल्टी बीच में रखी हुई थी।

विपक्षी इण्डिया गठबंधन की घटक समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने हास्यास्पद लहजे में कहा कि ''पुरानी संसद नई संसद से बेहतर थी, जहां पुराने सांसद भी आकर मुलाकात कर सकते थे। अरबों रुपयों से बनाए गए नए संसद भवन की छत से जब तक पानी टपक रहा है, तब तक क्यों न पुराने संसद भवन ही चला जाए। लोग यह पूछ रहे हैं कि भाजपा सरकार के अन्तर्गत निर्मित प्रत्येक नई छत से पानी टपक रहा है या यह सरकार की एक सोची -समझी डिजाइन का हिस्सा है?

देश की राजधानी में हो रही मूसलाधार बारिश की वजह से नए संसद भवन की छत से टपक रहे पानी के वीडियो जब सामने आए, तब समाजवादी पार्टी प्रमुख ने गुरुवार को भाजपा पर चुटकी ली। इस बारिश में अब तक नौ जनों की जान जा चुकी है और शहर में हर जगह पानी भर गया है। उन्होंने संसद भवन में बने एक गुम्बदनुमा ग्लास रुफ अहाते का वीडियो शेयर किया, जिससे टपक रहे पानी को एक नीले रंग की बाल्टी में एकत्र किया जा रहा था।

मजेदार बात यह है कि इस तरह से पानी टपकने को लोकसभा सचिवालय ने ''माइनर वॉटर लीकेज'' बताते हुए कहा कि संसद भवन की लॉबी सहित उसके कुछ हिस्सों में स्थापित ग्लास गुम्बदों पर लगी ''एडहेसिव स्ट्रिप्स'' के ढीले पड़ जाने से ऐसा हुआ है। ये ग्लास गुम्बद प्रचुर मात्रा में प्राकृतिक प्रकाश प्राप्त करने के लिए बनाए गए हैं, लेकिन नए संसद भवन में ऐसा ही जल रिसाव पहले भी देखने को मिला है।

लोकसभा सचिवालय की ओर से कहा गया कि ''ग्लास गुम्बदों को पक्का करने के लिए लगाए गए एडहेसिव्ज थोड़े से उखड़ गए हैं जिससे लॉबी में पानी लीक होने लगा, लेकिन इस समस्या का पता लगाकर उसे तुरंत दुरुस्त कर दिया गया। उसके बाद कोई लीकेज नहीं हुआ।''

इसके बावजूद, तृणमूल की लोकसभा सांसद महुआ मोइत्रा और कांग्रेस सांसद मनिकम टैगोर सहित विपक्ष के अन्य नेताओं ने इस वीडियो को लेकर भाजपा की खिल्ली उड़ाई है।

महुआ मोइत्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ''एक्स'' पर डाली एक पोस्ट में नए संसद भवन की लॉबी से टपक रहे पानी की तुलना प्रकट रुप से भाजपा के खराब चुनाव परिणामों से की। उन्होंने लिखा कि भाजपा ने अप्रैल-जून के चुनावों में लगातार तीसरी बार सरकार बनाने का वादा किया था, लेकिन बहुमत से 32 सीटें कम रहने के कारण सहयोगियों के समर्थन से ही सरकार बना सकी।

मनिकम टैगोर की पोस्ट में नीट - यू.जी. मैडिकल एन्ट्रैन्स परीक्षाओं सहित लगातार हो रहे पेपर लीक का हवाला दिया गया। उन्होंने लिखा कि बाहर ''पेपर लीक - अंदर पानी लीक।''

उन्होंने यह भी कहा कि ''संसद की जिस लॉबी में पानी लीक हुआ है, उसका इस्तेमाल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया था, जिसका मतलब है कि नए भवन के मौसम के प्रति रैसिस्टैन्स के मुद्दों को तुरंत प्रकाश में लाने की जरुरत है। उन्होंने यह संकेत भी किया कि इस मुद्दे पर चर्चा के लिए वह लोकसभा के वर्तमान सत्र में एक स्थगन प्रस्ताव लाएंगे।

आम आदमी पार्टी भी पीछे नहीं रही। उसकी पोस्ट में कहा गया कि ''12 सौ करोड़ रुपयों की लागत से बनाया गया संसद भवन अब 120 रुपए की बाल्टी पर निर्भर है।''

उक्त वीडियो अथवा इस पर विपक्ष द्वारा ली गई चुटकियों को लेकर सरकार ने अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

दिल्ली से वाराणसी जा रही वन्दे भारत ट्रेन की छत से पानी टपकने के कुछ दिन बाद विपक्ष ने सरकार पर तंज कसे हैं। ट्रेन के एक यात्री ने उक्त वीडियो शेयर किया था।

उत्तर रेलवे ने इसका कारण पाइप्स में अस्थायी लीकेज बताया था। वन्दे भारत ट्रेन्स रेलवे के लिए सरकार की फ्लैगशिप स्कीम्स में से एक हैं।

गत जून माह में भव्य राम मंदिर के गर्भ गृह की छत से पानी टपकने की खबरें आई थीं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनवरी माह में लोकसभा चुनावों से ठीक पूर्व आयोजित किए गए एक हाईप्रोफाइल कार्यक्रम में इस मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की थी

मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास ने पानी की निकासी की उचित व्यवस्था न होने की भी शिकायत की थी।

हालांकि, मंदिर के प्रशासनिक अधिकारियों ने उनके दावे को खारिज करते हुए कहा था कि इलैक्ट्रिक वायर्स को फिक्स करने के लिए पाइप लगाए थे, और द्वितीय तल पर चल रहे निर्माण कार्य के दौरान इन पाइप्स में पानी घुस गया।

दिल्ली के कुछ इलाकों में रिकॉर्ड वर्षा दर्ज की गई, जिसके कारण मौसम विभाग को शहर के लिए रैड अलर्ट जारी करना पड़ा।

प्रतिष्ठित प्रगति मैदान का वर्ष 2017 में पुनर्विकास शुरु हुआ था, उसमें भी बहुत सारा पानी भरा हुआ है। इसकी मरम्मत में 2150 करोड़ रुपयों की लागत आई है। यहां मुसीबत तब हो गई, जब इसका एक भूमिगत मार्ग बारिश में संचालन के लायक नहीं रहा। इसके प्रतिष्ठित सभागार ''भारत मण्डपम'' में भी पानी भर गया।



उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने जयपुर के वी.के.आई. इण्डस्ट्रियल एरिया में बारिश के कारण घर ढह जाने व इस हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत पर गहरा शोक जताया है। दिया कुमारी ने गुरुवार को हादसे में घायल एवं शोक संतप्त परिवार के अन्य लोगों से कावंटिया अस्पताल जाकर मुलाकात की व उन्हें ढांढस बंधा। गुरुवार को सूचना मिलते ही उप मुख्यमंत्री ने घटनास्थल पर जाकर निगम को तुरंत पानी की निकासी कराने के निर्देश दिये। उप मुख्यमंत्री के सख्त निर्देशों के बाद जिला प्रशासन के अधिकारी पम्प व अन्य साजो-सामान लेकर मौके पर पहुँचे व पानी की निकासी के इंतजाम शुरु करवा दिये। दिया कुमारी ने कहा कि, मैंने विद्याधर नगर में जलभराव की समस्या के समाधान के लिए कई प्रयास शुरु कर दिये हैं। नगर निगम के पास पानी के पम्पों की कमी को भी पूरा किया जायेगा, यह सुनिश्चित किया जायेगा कि हर विधानसभा क्षेत्र के लिए पम्प उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि, वी.के.आई. क्षेत्र के लोगों के लिए योजना बनाकर पुनर्वास का भी कार्य शुरु किया जायेगा। उन्होंने पीड़ितों के लिए तुरंत चार-चार लाख रुपये की सहायता राशि उपलब्ध कराने की घोषणा के लिए भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को धन्यवाद दिया।

# जयपुर में 8 इंच बारिश, 4 लोगों की मौत

## विश्वकर्मा इलाके स्थित ध्वज नगर में बारिश का पानी एक मकान के बेसमैंट में घुसा, छत गिरने से बेसमैंट में फंसे 3 लोगों की डूबने से मौत

- बगरू में भी अण्डरग्राउण्ड सीवर नाले में बहने से 12 वर्षीय बालक की मौत हुई।
- जयपुर हवाई अड्डा, रेलवे स्टेशन, एस.एम.एस. अस्पताल और कई इमारतों में पानी भरा।
- मूसलाधार बारिश के कारण शहर की सड़कों पर पानी भरा, कई इलाकों में सड़कें धंसीं।

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर, 1 अगस्त। राजधानी जयपुर में बुधवार-गुरूवार मध्यरात्रि को हुई भारी बारिश के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। बीते 24 घंटे में करीब 8 इंच (193 मिलीमीटर) बारिश दर्ज हुई। एक बड़े हादसे में विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र - स्थित ध्वज नगर में बारिश का पानी एक मकान के बेसमैंट में घुस गया और छत गिरने के कारण बेसमैंट में फंसे 3 लोगों की डूबने से मौत हो गयी। यह मकान सड़क के लेवल से काफी नीचे बना हुआ था। इसके अलावा बगरू में भी अंडर ग्राउंड सीवेज नाले में बहने से 12 वर्षीय बालक पीयूष आचार्य की मौत हो गयी।

तेज हवा के साथ हुई वर्षा के कारण जयपुर की अधिकांश सड़कें जलमग्न हो गईं। शहर के निचले इलाकों में पानी भर गया। जयपुर हवाई अड्डे, रेलवे स्टेशन, एस.एम.एस. अस्पताल में पानी घुस गया। मुरलीपुरा व झोटवाड़ा सहित कुछ इलाकों में सड़कें भी धंस गयी। गांधीनगर रेलवे स्टेशन की पटरियां पानी में डूब गई।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) अमित कुमार ने बताया कि विश्वकर्मा थाना इलाके के रोड नंबर-7 ध्वज नगर में बुधवार-गुरुवार की मध्यरात्रि को हुई भारी वर्षा के कारण सड़क किनारे बने मकान के बेसमेंट में बारिश का पानी भर जाने से पूर्वी (8), पूजा (19) और कमल (23) की मौत हो गई। तीनों बिहार के आरा के रहने वाले थे।

मौके पर पहुंची सिविल डिफेंस और स्टेट डिज़ास्टर रेस्क्यू फोर्स (एस.डी.आर.एफ.) की टीम ने छह घंटे तक चले ऑपरेशन के बाद गुरुवार दोपहर साढ़े 12 बजे तीनों के शवों को बाहर निकाला। वहीं काफी मशक्कत के बाद एक व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकाल लिया है।

सहायक पुलिस आयुक्त अशोक चौहान ने बताया कि 25 साल पहले बिहार के आरा निवासी अशोक सैनी और बैजनाथ सैनी ने ब्रज नगर में प्लॉट नंबर 94-95 खरीदा था। यहां पर उन्होंने मकान बनाया था। बैजनाथ का घर आगे व अशोक का घर पीछे था। रात को बारिश आने से अशोक के घर के पीछे वाले मकान में पानी भरा। इससे दीवार टूटी और एकाएक सड़क का पानी पीछे और आगे से उनके घर में घुस गया। तेज रफ्तार से बेसमेंट में पानी भर गया और बेसमेंट की छत की पट्टियां भी आधी टूट कर लटक गईं। इस दौरान अशोक की बेटी पूजा सैनी (19) और दोहिती पूर्वी (6) पुत्री हटवारु सैनी बेसमेंट में सो रही थी। बेसमेंट में पानी भरने से दोनों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला और डूबने से उनकी मौत हो गई। अशोक के घर के बाद बैजनाथ के घर के बेसमेंट में भी पानी घुस गया, जहां पर बैजनाथ का लड़का कमल शाह (23) था। पानी में डूबने से उसकी भी मौत हो गई। अशोक और बैजनाथ जयपुर में फैक्टरी में काम करते हैं।

एसडीआरएफ कमांडेंट राजेन्द्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि गुरुवार सुबह जिला कलक्ट्रेट कंट्रोल रूम जयपुर से पुलिस थाना वीकेआई के अन्तर्गत रोड नंबर 17 ध्वज नगर में एक मकान के बेसमेंट में पानी भरने एवं बेसमेंट की छत गिरने से कुछ लोगों के दबे होने की सूचना पर आपदा राहत एवं बचाव के लिए एसडीआरएफ एच कम्पनी को घटनास्थल के लिए रवाना किया। रेस्क्यू टीम प्रभारी दस जवानों की टीम आपदा राहत उपकरणों के साथ घटनास्थल पर पहुंची। टीम कमांडर ने स्थिति का जायजा लिया। छत की पट्टियां आधी टूट कर लटकी हुई थीं, दीवारें जर्जर थीं जो कभी भी गिर सकती थीं।

इस पर रेस्क्यू टीम ने ऑपरेशन शुरू किया। सबसे पहले रेस्क्यू टीम ने नगर निगम, स्थानीय प्रशासन एवं सिविल डिफेंस की टीम के साथ मिलकर पम्पसेटों की सहायता से बेसमेंट में से पानी बाहर निकाला। उसके बाद संयुक्त टीमों द्वारा रेस्क्यू रोप की सहायता से बेसमेंट में उतरकर मलबे में दबे तीनों शवों को दोपहर साढ़े 12 बजे तक बाहर निकाला और स्थानीय प्रशासन को सौंप दिया।

### मु.मंत्री ने मृतकों ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

भी आवश्यक निर्देश जारी किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी तरह की सहायता में कोताही नहीं बरती जाए और न लापरवाही की जाए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने निर्देश दिए कि प्रदेश में जहां-जहां भी तेज बारिश की वजह से हालात बिगड़े हैं, वहां पर तुरंत सहायता पहुंचाई जाए। उन्होंने अधिकारियों-कर्मचारियों को आपदा प्रबंधन को मुस्तैद करने के साथ किसी तरह की कोई कोताही न बरतने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्राकृतिक आपदा में सरकार हर जरूरतमंद परिवार के साथ खड़ी है, उनकी सहायता में किसी तरह की कोई कमी नहीं रखी जाएगी। इसके साथ ही, मुख्यमंत्री ने मौत पर मृतक कमल शाह, पूजा सोनी तथा पूर्वी सोनी के परिजनों को 4-4 लाख रुपए आपदा राहत से और 1-1 लाख रुपए मुख्यमंत्री सहायता कोष से, कुल 5-5 लाख रुपये की सहायता की मंजूरी दी।



भारतीय निशानेबाज स्वप्निल कुसाले ने गुरुवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए पैरिस ओलम्पिक में 50 मीटर राइफल थ्री पोज़िशंस स्पर्धा का कांस्य पदक जीत लिया है। आज चेटेउरौक्स में ओलंपिक के छठे दिन 50 मीटर राइफल थ्री पोज़िशंस की फाइनल प्रतियोगिता में कुसाले ने मौजूदा ग्रीष्मकालीन खेलों में अपना पहला और भारत के लिए निशानेबाजी में तीसरा पदक हासिल किया।

### एस.सी-एस.टी...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

चीफ जस्टिस ने कहा कि यदि कोई समाज उपेक्षित है तो फिर उसके प्रतिनिधित्व को नकारा नहीं जा सकता। इस केस में जस्टिस बीआर गवई ने बीआर आंबेडकर का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आंबेडकर कहते थे, हमें एक सामाजिक लोकतंत्र बनना है। राजनीतिक लोकतंत्र की जरूरत इतनी नहीं है। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति में भी हर वर्ग को अलग-अलग तरह के भेदभाव का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा, यह कहा जा सकता है कि कोई पार्टी सब-कोटा का इस्तेमाल राजनीतिक लाभ के लिए करेगी, लेकिन मैं सहमत नहीं हूं। असली उद्देश्य तो समानता ही होना चाहिए। बस इस फैसले के लिए उचित अध्ययन जरूर किया जाए।

इस मामले में छह अलग-अलग राय दी गईं। फैसले के अंश पढ़ते हुए मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि ऐतिहासिक और अनुभवजन्य साक्ष्य संकेत देते हैं कि अनुसूचित जाति एक समरूप वर्ग नहीं है। उन्होंने कहा कि एससी के भीतर उप वर्गीकरण संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन नहीं करता है।

शीर्ष अदालत ने पंजाब अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग (सेवाओं में आरक्षण) अधिनियम 2006 की वैधता से संबंधित एक मामले पर विचार करने के बाद अपना यह फैसला सुनाया। इस अधिनियम में आरक्षित श्रेणी के समुदायों का उप-वर्गीकरण करने का प्रावधान है। संविधान बैंच ने पंजाब अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग (सेवाओं में आरक्षण) अधिनियम, 2006 को बरकरार रखा। शीर्ष अदालत ने गुरुवार को फैसला सुनाते हुए ऐसे मामले में पांच न्यायाधीशों की संविधान बैंच के 2004 के फैसले को खारिज कर दिया।

संविधान बैंच ने ईवी चिन्नैया बनाम आंध्र प्रदेश राज्य के 2004 के फैसले को खारिज कर दिया।

◆◆◆

### शादी का झांसा देकर देह शोषण, अभियुक्त को आजीवन कारावास

जयपुर, 1 अगस्त। जिले की पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत ने नाबालिग से शादी का वादा कर कई बार दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त विक्की चोरा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। वहीं अदालत ने पीड़ित प्रतिकर स्कीम के तहत, पीड़िता को पांच लाख रुपए की क्षितिपूर्ति राशि देने को कहा है। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि अभियुक्त की ओर से किया गाय अपराध न केवल पीड़िता, बल्कि पूरे समाज के खिलाफ किया गया अपराध है। ऐसे में अभियुक्त के प्रति नरमी का रुख नहीं अपनाया जा सकता।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक विजया पारीक ने बताया कि घटना के संबंध में पीड़िता ने 9 सितंबर, 2014 को आदर्श नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि उसके मकान के पास विक्की रहता है, ऐसे में उससे जान पहचान हो गई। उसने उसे शादी की झांसा देकर दो साल तक संबंध बनाए। इस दौरान वह गर्भवती भी हो गई और उसने चार जून, 2014 को संतान को जन्म दिया। अभियुक्त विक्की ने संतान को अपनाने ने मना कर दिया और उससे शादी भी नहीं की।

रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर अदालत में आरोप पत्र पेश किया। सुनवाई के दौरान पीड़िता ने घटना को दोहराते हुए कहा कि डिलीवरी होने के बाद अभियुक्त ने उसका फोन उठाना बंद कर दिया था। इस पर उसने थाने में रिपोर्ट दी थी। पुलिस के बुलाने पर विक्की ने लिखकर दिया था कि वह एक माह में उससे शादी कर लेगा, लेकिन इस के बाद वह फरार हो गया।

### 'चुनाव लड़ने के लिए न्यूनतम सीमा 25 नहीं 21 वर्ष होनी चाहिये'

नई दिल्ली, 1 अगस्त। राज्यसभा में गुरुवार को लोकसभा और विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवारों की न्यूनतम आयु सीमा 21 वर्ष किए जाने की मांग की गई। वर्तमान में यह 25 वर्ष है। उच्च सदन में शून्यकाल के दौरान आम आदमी पार्टी (आप) के राघव चड्ढा ने इस मामले को उठाते हुए हवाला दिया कि भारत एक युवा देश है लेकिन इस अनुपात में युवा राजनीति में नहीं हैं।

उन्होंने कहा, ''भारत सबसे युवा देशों में आता है। हमारे देश की औसत आयु 29 वर्ष है। देश की 65 प्रतिशत आबादी 35 वर्ष से कम आयु की है। हमारी आधी आबादी 25 वर्ष से कम आयु की है। लेकिन क्या हमारे चुने हुए प्रतिनिधि भी इतने युवा हैं?''

चड्ढा ने कहा कि पहली लोकसभा में चुने गए 26 प्रतिशत लोग 40 वर्ष से कम आयु के थे जबकि 17वीं लोकसभा में मात्र 12 प्रतिशत सांसद ही 40 वर्ष से कम आयु के थे। उन्होंने कहा, ''जैसे-जैसे देश जवान हो रहा है, हमारे चुने हुए प्रतिनिधि उस जवानी से काफी दूर होते जा रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि हम युवा देश हैं और राजनीतिज्ञ भी युवा होने चाहिए।

### 'हमारा लक्ष्य अगले 5 वर्षों में राजस्थान ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि, ''हम पिछली सरकारों की तरह नहीं हैं जो इस तरह के सम्मेलन अपने कार्यकाल के अंतिम समय में आयोजित करती थीं, ताकि हिसाब नहीं देना पड़े। हम चुनौतियों से घबराते नहीं हैं और इसलिए अपने कार्यकाल के पहले वर्ष में ही हम 'राइज़िंग राजस्थान' निवेश सम्मेलन आयोजित करने जा रहे हैं।''

इस अवसर पर उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री के.के. विश्नोई, मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव (वित्त) अखिल अरोड़ा, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल, उद्योग विभाग के प्रमुख सचिव अजिताभ शर्मा, कॉन्फैडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सी.आई.आई.) के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी सहित सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि, 'राइज़िंग राजस्थान' निवेश शिखर सम्मेलन के जरिए हम केवल एम.ओ.यू. नहीं करना चाहते हैं, बल्कि राजस्थान में वास्तविक निवेश लाना चाहते हैं।''

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा कि ''पहले ही वर्ष में यह शिखर सम्मेलन करके, सरकार निवेश के नए अवसर पैदा कर रही है और निवेशकों के लिये अनुकूल नीतियां पेश कर रही है। हम निवेश की प्रक्रिया को सरल बना रहे हैं।''

उद्योग विभाग के प्रमुख सचिव और राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास निगम (रीको) के अध्यक्ष अजिताभ शर्मा ने कहा कि, ''वैश्विक मंच पर राज्य की निवेश क्षमता को उजागर करने के लिये 'राइज़िंग राजस्थान' के तहत राजस्थान सरकार देश और दुनिया भर के प्रमुख व्यापारिक शहरों में निवेशक रोड शो आयोजित करेगी।'' राजस्थान सरकार के तत्वाधान में 'राइजिंग राजस्थान' शिखर सम्मेलन का आयोजन उद्योग विभाग, ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेंट प्रमोशन (बी.आई.पी.) और राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास निगम (रीको) के द्वारा किया जा रहा है, जिसका नोडल विभाग बी.आई.पी., और सी.आई.आई. इसमें पार्टनर है। सी.आई.आई. के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने इस आयोजन को सफल बनाने और विभिन्न क्षेत्रों में निवेश की सुविधा प्रदान करके राजस्थान को भारत में सबसे तेजी से बढ़ते राज्यों में से एक बनाने में अपने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

### 'जीवन एवं...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

उठाया और कहा कि हैल्थ बीमा प्रिमियम के लिए नवीनतम आयकर कटौति (डिडक्शन) दिए जाने की जरूरत है तथा पब्लिक सैक्टर इंश्योरेन्स कंपनियों की संभावना को आगे बढ़ायेगा। जी.एस.टी. काउंसिल की पिछली बैठक 22 जून को आयोजित की गई थी और अब आगामी काउंसिल की बैठक इसी माह आयोजित होगी उसमें ऐसे मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

# मुख्यमंत्री ने 16वें वित्त आयोग के प्रतिनिधि मंडल के साथ मीटिंग की

- मुख्यमंत्री भजनलाल ने कहा कि राजस्थान की विषम भौगोलिक परिस्थितियों के आधार पर ज्यादा सहायता मिलना चाहिए।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को अनिश्चित व अनियमित मानसून की वजह से जल संसाधनों के अभाव का सामना करना पड़ता है इसलिए पानी की कमी के लिए भी वित्त आयोग अधिक अनुदान देने पर विचार करे।

जयपुर, 1 अगस्त (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश की विषम भौगोलिक स्थिति, विशाल क्षेत्रफल, मरूस्थलीय भू-भाग, जल संसाधनों की अत्यधिक कमी, अनुसूचित जाति एवं जनजाति की बड़ी आबादी के परिप्रेक्ष्य में वित्त आयोग केन्द्र सरकार से राजस्थान को अतिरिक्त वित्तीय सहायता देने की सिफारिश करे। उन्होंने वित्त आयोग से आग्रह किया कि प्रदेश में भीषण जल संकट को ध्यान में रखते हुए केन्द्र सरकार से विशेष वित्तीय सहायता देने की सिफारिश करे।

मुख्यमंत्री शर्मा गुरूवार को सचिवालय में 16वें वित्त आयोग के प्रतिनिधिमंडल के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान विशाल भूभाग और बिखरी हुई आबादी वाला राज्य है, इस कारण यहां शिक्षा, चिकित्सा व स्वास्थ्य, पेयजल, विद्युत, संचार सुविधा आदि बुनियादी सुविधाएं आमजन तक पहुंचाने के लिए दूसरे राज्यों की तुलना में अधिक लागत आती है। उन्होंने कहा कि इस अतिरिक्त लागत और प्रदेश की भौगोलिक परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए प्रदेश को वित्तीय संसाधन मुहैया कराए जाएं।

शर्मा ने कहा कि राज्य को तकरीबन हर वर्ष हीट वेव का सामना करना पड़ता है, जिससे ग्रामीण और शहरी दोनों ही क्षेत्रों के निवासियों की आजीविका प्रभावित होती है। साथ ही, रेगिस्तानी टिड्डियों के कारण फसलों को क्षति पहुंचती है। इसको ध्यान में रखते हुए, हीट वेव एवं रेगिस्तानी टिड्डियों के खतरे को प्राकृतिक आपदा माना जाए और इन्हें राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि (एन.डी.आर.एफ.) में प्राकृतिक आपदा की परिभाषा में शामिल किया जाए।

मुख्यमंत्री ने वित्त आयोग से केन्द्रीय करों के वितरण के लिए ऐसा फार्मूला विकसित करने का अनुरोध किया, जो कि क्षेत्रीय विषमताओं को दूर करने का साधन बने।

शर्मा ने कहा कि अनियमित व अनिश्चित मानसून प्रदेश की कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था के सामने बड़ी चुनौती है। सीमित एवं निरन्तर घटते हुए जल संसाधनों के कारण राज्य को अत्याधिक कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। अत: वित्त आयोग पानी की कमी (वॉटर डेफिसिट) के लिए अनुदान देने पर भी विचार करे।

मुख्यमंत्री ने वित्त आयोग से अनुरोध किया कि वह राजस्थान के स्थानीय निकायों के लिए अनुदान बढ़ाने की सिफारिश करे।

उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी ने आयोग से आग्रह किया कि प्रदेश की विषम भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, संसाधनों का इस प्रकार वितरण करे, जिससे विकसित भारत-विकसित राजस्थान के लक्ष्य की प्राप्ति को गति मिले।

वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगड़िया ने कहा कि आयोग राज्यों का दौरा कर उनसे सुझाव प्राप्त कर रहा है। हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं पंजाब के बाद आयोग का चौथा दौरा राजस्थान में है। राज्यों से प्राप्त सुझावों को गंभीरता से सुना जा रहा है।

इस अवसर पर मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा कि राजस्थान देश का सबसे बड़ा राज्य है। मुख्यत: पश्चिमी क्षेत्र के जिलों में सेवा प्रदायगी के लक्ष्य में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। सीमित संसाधन होने के कारण प्रदेश की केन्द्रीय कोष पर निर्भरता है।

अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोडा ने आयोग से आग्रह किया कि सतत् विकास लक्ष्य की रैंकिंग के आधार पर राज्य को वित्तीय सहायता दी जाए।

वित्त आयोग के सदस्य अजय नारायण झा, एनी जॉर्ज मैथ्यू, डॉ. मनोज पाण्डा, डॉ. सौम्य कांत घोष एवं सचिव ऋत्विक पाण्डेय ने प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा भी की।

बैठक में उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, उद्योग राज्य मंत्री के.के. विश्नोई, ऊर्जा राज्य मंत्री हीरालाल नागर, पंचायतीराज राज्य मंत्री ओटाराम देवासी सहित, विभिन्न विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख शासन सचिव एवं सचिव उपस्थित रहे।

इस अवसर पर ''मेमोरेंडम टू 16 फाइनेंस कमिशन'' पुस्तिका वित्त आयोग को सौंपी गई। उन्होंने आयोग के सभी सदस्यों को स्मृति चिन्ह स्वरूप भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमा भेंट की।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908